# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 100, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## कंपनियों की पूंजी 84,559 करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 84,559 .01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

## आंबेडकर भावी पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान भविष्य की पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने को प्रेरित करता रहेगा। } 16



### संक्षेप

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जनसभा 19 को

हैदराबाद। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विरोध जताने के उद्देश्य से 19 अप्रैल को हैदराबाद में एक जनसभा का आयोजन करेगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को यह जानकारी दी। ओवैसी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह जनसभा एआईएमपीएलबी के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी के नेतृत्व में दारुस्सलाम (एआईएमआईएम मुख्यालय) में शाम सात बजे से रात 10 बजे तक होगी। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा कि तेलंगाना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कांच टूटकर बच्चे की गर्दन में घुसा, मौत

मथुरा। मथुरा जिले में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के केबिन में अपने पिता की गोद में बैठे चार साल के बच्चे की गर्दन में ट्रक का साइड व्यू मिरर का टुकड़ा टूट कर घुस गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जैंत थाने के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि शनिवार को राजमार्ग पर चौमुहां कस्बे के समीप से एक ट्रक दिल्ली की ओर से आगरा की तरफ जा रहा था तथा उसमें आगरा के बाह थाना क्षेत्र के गांव जरार का निवासी राकेश अपने चार वर्षीय पुत्र प्रिंस को गोद में लेकर केबिन में बैठा हुआ था। वह राजस्थान के भिवाड़ी से अपने गांव लौट रहा था। एसएचओ ने बताया कि जब ट्रक आझाई गांव के निकट से गुजर रहा था, तभी ट्रक चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया तथा उसी वक्त दूसरे ट्रक से रगड़ लगने पर उस ट्रक का साइड व्यू मिरर का कांच टूटकर केबिन में बैठे बच्चे की गर्दन में घुस गया जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर बच्चे का शव उसके पिता को सौंप दिया।

## घर में लगी आग, महिला और दो बच्चों की मौत

बस्ती। जिले के हरैया कस्बे में रविवार तड़के एक घर में आग लगने के बाद दम घुटने से एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। घटना हरैया थाना क्षेत्र के सराफा मंडी की है जहां सुनील केसरवानी के तीन मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, घर के अंदर अचेत अवस्था में मिले सुनील, उनकी पत्नी पूजा (30), उनकी बेटी सौरभी (चार) तथा तीन माह के बेटे बाबा को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने पूजा और दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि सुनील को बेहतर उपचार के लिए अयोध्या रेफर किया गया है। चिकित्सक डॉ. नंदलाल यादव ने बताया कि कमरे में ज्यादा धुआं भरने के कारण दम घुटने से मौत हुई है क्योंकि किसी के शरीर पर झुलसने के निशान नहीं मिले हैं।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- अखिलेश यादव को आधा सच बोलने की बीमारी (पृष्ठ–02)
- ओडीओपी को नयी रफ्तार देगी योगी सरकार (पृष्ठ–02)
- कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ–14)
- 10 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू करेगी सरकार (पृष्ठ–14)
- एफपीआई ने शेयरों से 31,575 करोड़ निकाले (पृष्ठ–14)


## आंध्र प्रदेश में पटाखा कारखाने में आग से आठ की मौत, जांच के आदेश



एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा कारखाने में आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख व्यक्त किया। नायडू ने घटना की जांच के आदेश भी दिए और अधिकारियों से रिपोर्ट सौंपने को कहा।

राज्य की गृह मंत्री वी. अनिता ने बताया कि आग लगने की दुर्घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद से भागे सैकड़ों लोग

### लोगों ने भागीरथी नदी पार कर मालदा में शरण ली, नदी तट पर स्वयंसेवकों को किया गया तैनात

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित सैकड़ों लोगों ने भागीरथी नदी पार कर मालदा में शरण ली है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय प्रशासन ने दंगा प्रभावित परिवारों के लिए आश्रय और भोजन की व्यवस्था की है तथा उन्हें स्कूलों में शरण दी है। साथ ही मुर्शिदाबाद से नावों से आने वालों की सहायता के लिए नदी तट पर स्वयंसेवकों को तैनात किया है। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज समेत कई इलाकों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए, जो सांप्रदायिक हिंसा में बदल गये। इसके कारण प्रभावित लोगों का पलायन शुरू हो गया। मीडिया में आई तस्वीरों में मुर्शिदाबाद के इन इलाकों में दुकानें, होटल और घर जलते हुए दिखाई दे रहे हैं। अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ मुर्शिदाबाद से पलायन करने वाली एक युवती ने संवाददाताओं को बताया, हम धुलियान के मंदिरपाड़ा इलाके से इसलिए भागे क्योंकि हमारे घरों में आग लगा दी गई थी। महिलाओं और लड़कियों के साथ बाहरी लोगों तथा कुछ स्थानीय लोगों के एक समूह ने छेड़छाड़ की थी। महिला ने दावा किया, उन्होंने बम फेंके, हमें वक्फ (संशोधन) अधिनियम के लिए दोषी ठहराया और हमें तुरंत अपने घर छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने हमारे घर के पुरुषों को पीटा। हम अपनी जान को लेकर डरे हुए थे और केंद्रीय बलों की मदद से अपने घरों से भागे।

एक अन्य बुजुर्ग महिला ने कहा, हमने हमलावरों से हाथ जोड़कर माफी मांगी, जबकि हमने कोई गलत काम नहीं किया था। हथियार लहराते हुए हमलावरों ने बहुत अत्याचार किए। मैं, मेरा बेटा, बहू और पोता अपना कुछ सामान लेकर भाग निकले। नहीं तो हम मारे जाते। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि हिंसा के बाद धुलियान से 400 लोग पलायन करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि धार्मिक कट्टरपंथियों के डर के कारण मुर्शिदाबाद से 400 से अधिक हिंदू नदी पार भागने और मालदा में शरण लेने के लिए मजबूर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी ने ममता पर साधा निशाना

### वक्फ (संशोधन) विधेयक पास होने के बाद से बंगाल में भड़काई जा रही हिंसा : सीएम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों खासतौर पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि जब से वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तभी से इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है। रविवार को यहां राज्य की राजधानी लखनऊ में भागीदारी भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान की प्रदेश कार्यशाला की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आश्चर्य होता है कि यह वही देश है जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा ली गयी है। उनके (कब्जा करने वालों के) पास कोई कागज नहीं, कोई राजस्व का रिकॉर्ड नहीं है और जब से (वक्फ) संशोधन विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तो इसके लिए हिंसा भड़काई जा रही है। योगी ने कहा कि पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की उनके घरों से खींचकर हत्या कर दी गयी। ये सब कौन हैं, ये वही दलित, वंचित और गरीब हैं जिनको इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि इसलिए इन्हें (विपक्षी दलों) भय है कि ऐसा हुआ तो इनका वोटबैंक और गुमराह करने की राजनीति हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे। पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से लागू हो गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा। की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल 2025 से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू किए हैं। लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः तीन अप्रैल और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हर भारतीय के प्रेरणास्रोत हैं गुरु गोविंद सिंह : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मुगल शासक औरंगजेब को क्रूर करार दिया और तब हिंदुओं के सामने आई समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गुरु गोविंद सिंह की सराहना की। आदित्यनाथ ने यहां खालसा सृजन दिवस एवं बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह केवल सिखों के लिए ही नहीं हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं और एक नया प्रकाश हैं।

उन्होंने कहा कि खालसा पंथ के 325 वर्ष पूरे हो रहे हैं। गुरु गोविंद सिंह के अनुयायी जहां भी गये अपने शौर्य और पराक्रम से अपना लोहा मनवाया। योगी ने कहा कि सिख कहीं भी होगा वह बिना झुके, डिगे अपने पथ पर आगे बढ़ता है, इसलिए सरदार भी कहलता है। योगी ने कहा कि याद करिये एक तरफ क्रूर औरंगजेब के शासन में अत्याचार की पराकाष्ठा थी, जजिया कर के जरिये हिंदुओं को पूरी तरह इस्लाम में बदलने की उसकी क्रूर चाल और मंदिरों को तोड़ा जा रहा था, बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला जा रहा था और उस समय अपने एक लाख शिष्यों के साथ मिलकर देश और धर्म की ज्वलंत समस्याओं पर प्रभावी शंखनाद करने का काम गुरु गोविंद सिंह महाराज द्वारा किया जा रहा था। मुख्यमंत्री के मुताबिक, गुरु गोविंद सिंह महाराज ने इस कार्यक्रम को बढ़ाया तो इसका नाम खालसा रखा जिसका मतलब परमात्मा है। समारोह को उप मुख्यमंत्री ब्रश पाठक और राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख समेत कई प्रमुख लोगों ने संबोधित किया।

## रूस के मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत



एजेंसी

कीव। यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

शहर के कार्यवाहक महापौर और यूक्रेन के महाभियोजक कार्यालय ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार रविवार को लोग पाम संडे मनाने एकत्र हुए थे, तभी पूर्वाह्न लगभग सवा 10 बजे बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला हुआ। आधिकारिक चैनलों पर प्रसारित घटना की वीडियो में जमीन पर शव पड़े हुए दिख रहे हैं और आसपास मलबा पड़ा हुआ है। महापौर अर्टेम कोबजर ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि पाम संडे के अवसर पर हमारे लोगों को भयावह त्रासदी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। महाभियोजक कार्यालय ने प्रारंभिक सूचनाओं का हवाला देते हुए कहा कि कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है और सात बच्चों समेत 34 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दो मिसाइल हमलों में कई लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने हमले पर वैश्विक प्रतिक्रिया का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बातचीत से बैलिस्टिक मिसाइलों और बमों पर कभी रोक नहीं लगी। रूस के प्रति वैसा रवैया अपनाने की जरूरत है जैसा किसी आतंकवादी के प्रति अपनाया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड की लोककला, संस्कृति पर गर्व : धामी

### कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों का पुनरुद्धार व सुंदरीकरण करा रही राज्य सरकार

प्रमुख संवाददाता




बागेश्वर, उत्तराखंड। बागेश्वर के बैजनाथ भकुनखोला मैदान में तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि बैजनाथ की यह ऐतिहासिक भूमि 7वीं सदी में कत्यूर राजवंश की राजधानी रही है।

कत्यूरी शासक अपनी समृद्ध कला, गौरवशाली संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं न्यायप्रिय शासन प्रणाली के लिए विख्यात थे। उन्होंने यहां प्राचीन बैजनाथ मंदिर का निर्माण कराया, जो उत्तराखंड के साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष में आस्था का प्रमुख केंद्र है। भगवान शिव को समर्पित यह धाम कत्यूरी शासनकाल की स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कत्यूर महोत्सव के माध्यम से इस ऐतिहासिक क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने का सराहनीय प्रयास हो रहा है। इस प्रकार के आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को संजोए रखते हुए उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी लोकसंस्कृति ही हमारी असली पहचान है। उत्तराखंड की लोककला, संस्कृति, परिधान और खानपान पर हमें गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने हेतु संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केदारखंड की भांति मानसखंड में स्थित कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण हेतु ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मनरेगा श्रमिकों को रोज दें 400 रुपये : संसदीय समिति

### की जाये काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद की एक स्थायी समिति ने मनरेगा के तहत प्रदान किये जाने वाले काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन करने समेत श्रमिकों के दैनिक पारिश्रमिक को कम से कम 400 रुपये निर्धारित करने की सिफारिश की है। समिति ने सुझाव दिया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए।

समिति ने उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप देने पर भी जोर दिया है। हाल ही में संपन्न बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के दौरान संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने योजना के तहत मिलने वाले काम के दिनों की संख्या मौजूदा 100 से बढ़ाकर 150 करने की सिफारिश की है। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि श्रमिकों की मजदूरी को कम से कम 400 रुपये प्रति दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए। समिति ने प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना के लिए आवंटित राशि में ठहराव पर चिंता व्यक्त करते हुए सामाजिक लेखापरीक्षा पर भी जोर दिया है ताकि योजना के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस सांसद सप्तगिरि शंकर उलाका की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा, समिति का मानना है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वेक्षण में श्रमिकों की संतुष्टि, वेतन में देरी, भागीदारी के रुझान और योजना के भीतर वित्तीय अनियमितताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है, समिति ने मनरेगा से जुड़े कार्यक्रम की कमियों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने और मनरेगा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक नीतिगत ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** यह अभियान 1965 में गठित बीएसएफ के आधिकारिक इतिहास की किताब में अंकित हो गया है

## गाजी बाबा के खात्मे से नेतृत्व हीन हो गया था जैश-ए-मोहम्मद: बीएसएफ

एजेंसी



नयी दिल्ली। वर्ष 2003 में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अभियान में आतंकवादी गाजी बाबा के मारे जाने के बाद आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद लगभग नेतृत्व हीन हो गया था। इस अभियान के लिए अर्धसैनिक बल को दो सैन्य अलंकरणों सहित एक दर्जन वीरता पदक भी मिले थे।

यह अभियान 1965 में गठित बीएसएफ के आधिकारिक इतिहास की किताब में अंकित हो गया है। बीएसएफ का मुख्य कार्य देश की आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कर्तव्यों का निर्वहन करने के अलावा पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी भारतीय सीमा की रक्षा करना है। इस अभियान और उस समय के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक को मार गिराने वाले बीएसएफ के बहादुर अधिकारियों और जवानों के कारनामों पर आधारित है। जिन्होंने आतंकवादी गाजी बाबा को मार गिराने के अभियान का नेतृत्व किया था। बीएसएफ ने राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा की तलाश उस दिन से ही शुरू कर दी थी, जब दिसंबर 2001 में जैश-ए-मोहम्मद ने भारतीय संसद पर हमला किया था। बीएसएफ के इतिहास के बारे में लिखी गयी 319 पृष्ठों की इस पुस्तक के मुताबिक अपनी लगातार खुफिया जानकारी और निगरानी प्रयासों के कारण, बल को 29 अगस्त 2003 को इस आतंकवादी के बारे में जानकारी मिल गई। इस पुस्तक को 2015 में बीएसएफ द्वारा अपनी 50वीं वर्षगांठ पर जारी किया गया था। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिस अवधि के दौरान यह अभियान चलाया गया, उस दौरान बीएसएफ कश्मीर घाटी में आतंकवाद रोधी अभियानों के लिए तैनात थी और इसकी महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध जी शाखा (खुफिया शाखा) को अद्भुत परिणाम और उच्च श्रेणी की जासूसी सूचनाएं देने के लिए जाना जाता था। पुस्तक के बारे में मिली सूचना के मुताबिक, इसमें इस बात का ब्योरा है कि कैसे एक सूत्र ने अधिकारी नरेन्द्र नाथ धर दुबे को बताया कि जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य कमांडर और सबसे खतरनाक आतंकवादी तथा संसद हमले का मास्टरमाइंड गाजी बाबा श्रीनगर के नूरबाग इलाके में एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इजराइल ने बनाया गाजा में अस्पताल को निशाना

एजेंसी

दीर अल-बलाह (गाजा)। इजराइल ने रविवार तड़के उत्तरी गाजा स्थित एक अस्पताल पर हमला किया, जिससे मरीजों को अस्पताल से निकालना पड़ा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इजराइल ने निकासी की चेतावनी जारी किए जाने के बाद गाजा सिटी के अल-अहली अस्पताल पर तड़के हमला किया।

मंत्रालय ने बताया कि अस्पताल खाली करने के दौरान एक मरीज की मौत हो गई क्योंकि चिकित्सकीय कर्मी तत्काल देखभाल प्रदान करने में असमर्थ थे। मृतक मरीज एक लड़की थी। यरुशलम डायोसिस द्वारा संचालित इस अस्पताल पर पाम संडे के दिन हमला किया गया, जो यीशु के यरुशलम में प्रवेश की याद में मनाया जाता है। डायोसिस आफ यरूशलम ने हमले की निंदा की और कहा कि यह हमला पाम संडे के दिन किया गया जब ईसाई वर्ष के सबसे पवित्र सप्ताह (होली वीक) की शुरुआत हो रही है। इजराइल ने कहा कि उसने अस्पताल में बने कमान और नियंत्रण केंद्र पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल हमास द्वारा इजराइली नागरिकों और सैनिकों के खिलाफ हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया जाता था। हालांकि, इजराइल ने कोई सबूत नहीं दिया। इजराइल ने कहा कि हमले से पहले, क्षति को ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

संक्षेप

## अग्निशमन सेवाओं को सशक्त बनाने का अभियान आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अग्निशमन सेवाओं को सशक्त बनाने और आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए 14 अप्रैल से प्रदेशभर में तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, तीन दिवसीय अभियान में राज्य भर में रैलियां, प्रतियोगिताएं, व्याख्यान और मॉक ड्रिल (छद्म अभ्यास) शामिल हैं। इसके मुताबिक, अपर पुलिस महानिदेशक (अग्निशमन) पद्मजा चौहान ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस साल प्रदेश भर में 14 अप्रैल से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा और इसके तहत 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत स्मृति दिवस परेड, पिन फ्लैग से की जाएगी और इसके बाद तीन दिनों तक सभी दमकल केंद्र से फायर रैली निकालकर जनता को जागरुक किया जाएगा। बयान के अनुसार, यह पहल वित्त वर्ष 2024-25 में आधुनिक अग्निशमन उपकरणों में 184 करोड़ रुपये के निवेश के बाद की गयी है।

## भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आठ मई को पंचायत होगी: राकेश

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने रविवार को कहा कि आठ मई को प्रयागराज में एक कार्यक्रम रखा गया है जिसमें भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ियों के खिलाफ पंचायत की जाएगी। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण देश में एक बड़ा मुद्दा है। इसके नाम पर जमीनें छीनी जा रही हैं। तहसीलों में एक षड्यंत्र के तहत जमीनें एक दूसरे के नाम चढ़ाई जा रही हैं ताकि लोग एक दूसरे से लड़ते रहें। टिकैत ने संवाददाताओं से कहा, किसी व्यक्ति के पास 20 बीघा जमीन है, लेकिन नाम चढ़ाने में केवल पांच बीघा जमीन उसके हिस्से में आई। किसान जमीन की नपाई के लिए दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं और अधिकारी एवं कर्मचारी खेत की नपाई नहीं कर रहे। उन्होंने कहा, दूसरी ओर, कोई व्यापारी अगर जमीन की नपाई के लिए आवेदन करता है तो उसकी जमीन की तुरंत नपाई कर दी जाती है। प्रयागराज में भी एक बड़े आंदोलन की जरूरत है।

## बाबा साहेब की जयन्ती पर आज लखनऊ में होंगे भव्य आयोजन

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण के सौजन्य से भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कल 14 अप्रैल को ह्यहमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषय पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, लखनऊ में अपराह्न 01:00 बजे से प्रारम्भ हो कर रात्रि 08:30 बजे तक चलेगा। शाम 6:00 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह होंगे।

# ओडीओपी को नयी रफ्तार देगी योगी सरकार

### ओडीओपी को लेकर 2025-26 के पहले तीन महीनों की कार्ययोजना तैयार, स्वरोजगार व सीएफसी विकास को मिलेगी रफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) योजना अब विकास की नई ऊंचाइयों को छूने को तैयार है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने एक सुदृढ़ और दूरदर्शी कार्ययोजना तैयार की है, जो उद्यमिता, स्वरोजगार और कौशल विकास को राज्य के कोने-कोने तक ले जाएगी। सरकार ने ओडीओपी योजना के लिए इस वित्तीय वर्ष में अलग-अलग श्रेणियों में बजट निर्धारित किया है, जिससे योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

इसके अंतर्गत स्वरोजगार के लिए वित्त पोषण, कौशल उन्नयन और टूलकिट के साथ ही योजना संबंधित अन्य व्यय को लेकर भी कार्ययोजना बनाई गई है। ओडीओपी योजना के इस नए स्वरूप से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश देश के आर्थिक नक्शे पर नए विकास मॉडल के रूप में उभरेगा।

- योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया गया बजट का निर्धारण
- स्वरोजगार के लिए वित्त पोषण के साथ ही कौशल विकास पर होगा जोर

### सफल उद्यमियों को मिलेगा दूसरा मौका

पहले चरण में ऋण लेकर सफलतापूर्वक उद्यम स्थापित कर चुके लाभार्थियों को अब द्वितीय ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए शासन से संशोधन कर नई व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे उन उद्यमियों को विशेष बढ़त मिलेगी, जिन्होंने सीमित संसाधनों से शुरूआत कर बड़ी सफलता हासिल की है।

### जिलों को मिलेगा लक्ष्य, पिछली अटकी फाइलों को मिलेगी मंजूरी

हर जिले को लक्ष्य आवंटित किया जाएगा। साथ ही 2024-25 में लंबित प्रकरणों को नवीनीकरण कर बैंकों को प्रेषित किया जाएगा। वहीं स्वीकृत लेकिन अवितरित ऋण प्रकरणों में भी वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत स्वीकृति और वितरण कराया जाएगा।

### ओडीओपी 2.0 और सीएफसी परियोजनाओं को मिलेगी गति

ओडीओपी कार्यक्रम को विकास के नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए सरकार डउङ्कढ 2.0 की कार्ययोजना को भी मंजूरी दिलाने की दिशा में प्रयासरत है। अब तक के अनुभव के आधार पर वर्तमान में प्रचलित योजनाओं का सरलीकरण किया जाएगा। उन्नाव, बिजनौर और गोण्डा में निमार्णाधीन सामान्य सुविधा केंद्र परियोजनाओं का उद्घाटन कराया जाएगा और नई परियोजनाएं भी स्वीकृत की जाएंगी।



### बदलती सोच, नया ब्रांड यूपी

ओडीओपी योजना को ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग और गुणवत्ता सुधार के नए आयामों से जोड़ा जाएगा। सेक्टोरल विशेषज्ञों के सहयोग से प्रदेश के विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई जाएगी। जनपदों के पारंपरिक खाद्य पदार्थों को भी औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की योजना है।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म से होगा लाभार्थियों का चयन

योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूलकिट और स्किल अपग्रेडेशन के लिए भी बजट निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जनपदवार वार्षिक लक्ष्यों का आवंटन किया जाएगा। ई-पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रशिक्षण संस्थाओं को लाभार्थियों की सूची भेजी जाएगी।

# अर्चना पाल महामना मालवीय शोध पुरस्कार से सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में डॉ. अर्पणा गोडबोले के मार्गदर्शन में अर्चना पाल जोशोध कार्य कर रही हैं, को महामना पं. मदन मोहन मालवीय के शैक्षिक विचारों पर उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रथम महामना मालवीय शोध पुरस्कार शनिवार को सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान महामना मालवीय मिशन, नई दिल्ली द्वारा उनके महत्वपूर्ण शोध कार्य मालवीय जी के शिक्षा दर्शन का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में विश्लेषण के लिए प्रदान किया गया, जिसने महामना के शैक्षिक दर्शन की प्रासंगिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में नवीन दृष्टिकोण से उजागर किया है। प्रथम महामना मालवीय शोध पुरस्कार 2024, महामना मालवीय मिशन, नई दिल्ली की एक पहल है, जिसका उद्देश्य महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की दृष्टि पर आधारित शोध कार्यों को मान्यता प्रदान करना है, जो अकादमिक गहनता और सामाजिक प्रभाव को प्रतिबिंबित करते हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य शोधकताओं को भी उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करता है।

## अखिलेश यादव को है आधा सच बोलने की बीमारी : केशव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव परै आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्तै होने का आरोप लगाया। मौर्य की यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इटावा के मतदाताओं ने ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम को लोकसभा भेजा था। मौर्य ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आधा सच बताने की बीमारी से ग्रस्त हैं सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव। उन्होंने कहा कि सच यह है कि 1991 के लोकसभा चुनाव में सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने अगर इटावा में कांशीराम की मदद की थी तो कांशीराम ने भी जसवंतनगर से बसपा का उम्मीदवार न उतार कर मुलायम सिंह यादव को जिताने में मदद की थी। मौर्य ने इसी पोस्ट में दावा किया लेकिन इससे बड़ा सपा का काला सच यह है कि दो जून, 1995 को सपा के गुंडों ने लखनऊ के स्टेट गेस्टहाउस में दलितों की सबसे बड़ी नेता बहन मायावती की आबरू लूटने और उनकी हत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा लेकिन दलितों के सम्मान में सदा समर्पित भाजपा ने सपाई गुंडों को छठी का दूध याद दिलाकर उसके मंसूबों को विफल कर बहन जी की लाज और जीवन दोनों को बचाया था। मौर्य ने दावा किया कि ऐसे ही अपने गुंडों की फौज पर अखिलेश आज भी इतराते हैं और सपा पिछड़ों दलितों वंचितों की असल दुश्मन है।

## बैसाखी और अम्बेडकर की जयंती पर अखिलेश ने दी लोगों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बैसाखी के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को खुशहाली और समृद्धि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वर्ष 1699 में गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा की स्थापना के लिए इस त्योहार को चुना था। यह पर्व सिख नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। अखिलेश यादव ने कहा कि बैसाखी पर्व का किसान और कृषि से भी घनिष्ठ सम्बंध है। उन्होंने कहा कि आज के दिन जलियांवाला बाग में ब्रिटिश बर्बरता से जान गंवाने वाले शहीदों का भी हम नमन करते है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बधाई देते हुए कहा है कि बाबा साहब ने ऐसे समाज का सपना देखा था जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान न हो।

# बीकेटी के खंतारी गांव पहुंचे सांसद आरके चौधरी

### ग्राम समाज की जमीन पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर पुलिस से लोगों की हुई थी झड़प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने बक्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के खंतारी गाँव पहुँचकर बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने वाले स्थानीय लोगों से मुलाकात की और ग्रामीणों व पुलिस के बीच हुई झड़प की जानकारी ली।

प्रतिनिधिमंडल को स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा खंतारी गाँव के बाहर पड़ी ग्राम समाज की जमीन पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने व भव्य पार्क बनाने के लिए विगत 4 वर्षों से अनुमति मांगी जा रही थी लेकिन प्रशासन ने उसकी अनुमति नहीं दी।

ग्राम प्रधान वीरेंद्र रावत द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव करके बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। खंतारी गाँव के ही कुछ प्रभुत्ववादी लोगों ने प्रतिमा लगाने का विरोध किया और प्रशासन की मिलीभगत से उसको हटाने का कुत्सित प्रयास किया।

पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करके ग्रामीणों को भड़काया गया है। सांसद आरके चौधरी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी ग्रामीणों के साथ है और उनकी हर मांग का समर्थन करती है। भाजपा के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार स्थानीय लोगों पर मुकदमा लिखने, जेल भेजने का दबाव बनाकर प्रतिमा हटवाने का प्रयास करना अतिनिंदनीय है। श्री चौधरी ने आगे कहा कि किसी भी ग्रामीण के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखा जाना चाहिए और प्रशासन को बाबा साहब की प्रतिमा लगाने एवं पार्क बनाने की अनुमति दे देनी चाहिए।

समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सर्वश्री वीरेंद्र रावत प्रधान, संजय गौतम, मनोज रावत, रामलाल यादव, रामचंद्र गौतम, राजवीर यादव, विजय गौतम आदि स्थानीय लोगों से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत के साथ चेयरमैन नगर पंचायत बीकेटी गनेश रावत, जिला उपाध्यक्ष सपा प्रधान गुड्डू लोधी, बचान सिंह यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा महेंद्र कुमार यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेंद्र सिंह, प्रधान शिवकुमार रावत गाँधी, जिलाध्यक्ष छात्रसभा ओम लोधी, विधानसभा अध्यक्ष अजय रावत, महासचिव गोविन्द यादव, त्रिभुवन सिंह, राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी प्रवेश कुमार यादव, सत्येंद्र रावत, राजकमल, शिवम गोलू, मोहित पाल, आकाश यादव आदि शामिल रहे।

## कार्य योजना, आगणन एवं कार्यों का रोस्टर जारी करने की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना, आगणन प्रेषण एवं विभिन्न कार्यों का एक वर्ष का रोस्टर जारी किये जाने की मांग की है। उन्होंने तत्थामक रूप से उन्हें अवगत कराया है कि समय से रोस्टर, जारी न होन के कारण पूरे साल अफरा तफरी मच जाती है। यही नही वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माहों में अचानक काम का दबाव बन जाता है, काम न हो पाने के कारण बजट सर्मपण करना पड़ता है।

उन्होनें विभागाध्यक्ष को लिखे पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है कि विगत वर्षों में महसूस किया गया है कि विभाग में कार्य योजना के अन्तिमीकरण, आगणन प्रेषण एवं वर्षभर में कराये जाने वाले विभिन्न योजनाओं के कार्यों का कोई रोस्टर विभाग द्वारा जारी न किये जाने से पूरे वर्ष अफरातफरी का माहौल बना रहता है। परिणामस्वरूप न केवल कार्यों के गुणवत्तापूर्ण सम्पादन में असुविधा होती है। अपितु भारी मात्रा में आवंटित बजट को मार्च के महीने में समर्पित करना पड़ता है जिससे विभाग की छवि भी प्रभावित होती है।

संघ द्वारा बार-बार पत्राचार एवं ध्यानाकर्षण के बावजूद भी वित्तीय स्वीकृतियां विलम्ब से निर्गत हो पाती हैं। जिससे वर्षान्त में कार्य का भयंकर दबाव होता है तथा अत्यधिक प्रयास के बावजूद भी विभाग को आवंटित सम्पूर्ण बजट का उपयोग नही हो पाता है।

## बाबा साहेब ने जीवनभर असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया : उपाध्याय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने रविवार को कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर न केवल भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता भी थे जिन्होंने जीवनभर सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया।

मंत्री ने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उपाध्याय रविवार को लखनऊस्थित मरीन ड्राइव चौराहा से राज्य स्तरीय जय भीम पदयात्रा को हरी झंडी दिखाने बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर अपने संबोधन में उपाध्याय ने कहा, डॉ आंबेडकर ने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का जो संदेश दिया था, वही आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा पथप्रदर्शक है।

यह पदयात्रा बाबा साहेब की जयंती के एक दिन पूर्व आयोजित की गयी, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक



भाग लिया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मंत्री ने युवाओं के साथ कदम मिलाते हुए मरीन ड्राइव चौराहा से आंबेडकर स्मृति स्थल तक पदयात्रा की जिसका उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च शिक्षा मंत्री ने सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि के साथ की। इसके बाद युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा, प्रकृति में आरंभ से ही सामाजिक समरसता और समता का भाव रहा है। बाबा साहेब ने इस विचार को संविधान में मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों के माध्यम से सशक्त किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, भारत एक है और हमें समतामयी, ममतामयी समाज की स्थापना करनी है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जय भीम पदयात्रा जैसे आयोजनों के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक जन-जागरण अभियान है जो युवाओं को सामाजिक समता, बंधुत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है।

## आंबेडकर जयंती पर विविध आयोजन करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सोमवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाने की तैयारी की है। राज्य सरकार द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, आंबेडकर जयंती को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाने की तैयारियां की गई हैं और इसे लेकर रविवार से ही अनेक कार्यक्रम शुरू कर दिये गये हैं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आंबेडकर जयंती के दिन सोमवार को लखनऊ में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। बयान के मुताबिक, जयंती पर राजधानी स्थित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मेमोरियल गोमती नगर में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में आंबेडकर के कृतित्व और व्यक्तित्व से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें स्थानीय व देश के अन्य राज्यों से आए लोक कलाकार संगीतमय प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा एक अभिलेख प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# योगी सरकार का सपना होने लगा साकार, दवाओं के निर्माण की ओर यूपी अग्रसर

### योगी सरकार की फार्मा एसओपी को और 20 विशिष्ट चिकित्सा संस्थाओं ने दी हरी झंडी


वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार की पहल से उत्तर प्रदेश अब दवाओं के निर्माण और क्लिनिकल ट्रायल के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मास्यूटिकल सेक्टर के लिए नई एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) को मंजूरी दी है। इसके साथ ही 20 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों ने दवाओं के क्लिनिकल ट्रायल को ऑन बोर्ड किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह प्रयास प्रदेश को दवाओं के निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में कई

- दवाओं के क्लिनिकल ट्रायल को भी विशिष्ट चिकित्सा शिक्षा संस्थानों ने किया ऑन बोर्ड
- विशिष्ट चिकित्सा शिक्षा संस्थानों ने क्लिनिकल ट्रायल और गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस का शुरू किया प्रशिक्षण



सुधार किए हैं।

ऐसे में फार्मा क्षेत्र प्रदेश की समृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। योगी सरकार के इन प्रयासों से न केवल उत्तर प्रदेश का फार्मा क्षेत्र मजबूत होगा, बल्कि इससे रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

■ **यूपी में दवाओं के निर्माण के लिए एसओपी को मंजूरी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बैठक में फार्मा सेक्टर के लिए पहली बार एसओपी को मंजूरी दी है। जिससे प्रदेश में दवाओं के उत्पादन और परीक्षण की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया जा सके। इस पहल के तहत, 9.50 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है, जिससे उत्तर प्रदेश को दवाओं के निर्माण के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एसओपी के लागू होने के साथ ही, राज्य के 20 चिकित्सा संस्थानों ने दवाओं के क्लिनिकल ट्रायल्स की प्रक्रिया को भी स्वीकृति दे दी है। यह संस्थान अब अपनी सुविधाओं में इन ट्रायल्स को संचालित करेंगे और इसके लिए उचित प्रशिक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाएं भी तैयार कर ली गई हैं। यह कदम प्रदेश के फार्मा क्षेत्र को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

■ **फार्मा क्षेत्र में सुधार के लिए उठाए गए हैं विशेष कदम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान प्रदेश में फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की योजना की घोषणा की है। इन योजनाओं में शामिल हैं: क्षेत्रीय विशेषज्ञों और चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के साथ गोलमेज सम्मेलन झ्र इस सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना है।


प्रमाणित फार्मा काउंसलिंग के लिए मानक संसाधनों का चयन झ्र फार्मा उद्योग से जुड़ी कार्यप्रणालियों और मानकों को एकरूप बनाने के लिए विशेषज्ञों का चयन किया जाएगा।क्लिनिकल ट्रायल और गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस पर प्रशिक्षण झ्र 20 चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में डॉक्टरों और चिकित्सकों को क्लिनिकल ट्रायल और गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।टीएचएसटीआई, एकेटीयू और बीआईआरएसी जैसी संस्थाओं के साथ एमओयू झ्र फार्मा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए प्रमुख संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। गुण्डों और उपद्रवियों को सरकार का संरक्षण है। अपराधियों में पुलिस-प्रशासन और कानून का कोई डर नहीं है। सड़कों पर खुलेआम तलवारें और असलहें लहराये जा रहे हैं। गोली मारने की धमकियां दी जा रही है। आखिर पूरी सरकार और पुलिस प्रशासन ने चुप्पी क्यों साध रखी है?

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सड़कों पर ऐसी अराजकता देखी जा रही है। आगरा से लेकर बनारस तक सत्ता संरक्षण में अराजक तत्वों ने तांडव किया। सत्ता के दबाव में पुलिस बेबस है। पूरा पीडीए परिवार देख रहा हैं कि सामंतवादी ताकते सत्ता के संरक्षण में नंगा नाच कर रही है। भाजपा के इशारे पर पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों की आवाज



दबाने के लिए डराना चाहती है। वाराणसी में समाजवादी पार्टी के जुझारू और प्रखर वक्ता बनारस वाले मिश्रा जी के नाम से लोकप्रिय हरीश मिश्रा पर चाकू से कातिलाना हमला निन्दनीय है। उनके रक्तरंजित वस्त्र ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था की निशानी है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता ऐसे हमलों को झेलने की शक्ति रखता है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने और अपराध रोकने पर फेल हो चुकी है।

प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। कानून व्यवस्था और अपराध पर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। प्रदेश में हो रही घटनाएं पुलिस की कार्यप्रणाली को देखकर सुप्रीमकोर्ट भी प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा चुका है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस-प्रशासन अराजक तत्वों को बढ़ावा दे रहा है वहीं गरीबो, शोषितों, वंचितों और पीडीए को हर तरह से प्रताड़ित और अपमानित कर रहा है। लखनऊ में बाबा साहब की मूर्ति को हटाने का प्रशासन जो दुस्साहस कर रहा है, उसके पीछे शासन-प्रशासन का दबाव है। इसे पीडीए समाज अच्छी तरह से समझ रहा है। किसी को जातीय वर्चस्व का अंहकार कभी गोरखपुर में मूर्ति-चबूतरा हटाने का काम करवाता है तो कभी लखनऊ में अपने प्रभुत्व के दंभ को साबित करने के लिए महापुरुषों की मूर्ति हटाने का कुकृत्य करवाता है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की अराजकता और गुण्डई को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इस अराजक शासन का अंत करके प्रदेश में संविधान और कानून के साथ चलने वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्पित है।

संक्षेप

## पैथालॉजी सेंटर में ताला तोड़कर नगदी समेत कीमती सामान उड़ाये

प्रतापगढ़। लीलापुर थाने के चमरूपुर शुक्लान में पैथालाजी सेण्टर में बीती शनिवार चोरी की दुस्साहसिक वारदात घटित हुई है। कोतवाली देहात के बरहुआ भोजपुर निवासी सुनील पटेल पुत्र चंद्रभूषण ने रविवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने चमरूपुर शुक्लान में पैथालाजी सेंण्टर खोल रखा है। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़ चोरी की घटना अजाम दी। चोरो ने गल्ले में रखे दस हजार नकदी समेत कंप्यूटर, मानीटर व रक्त जाँच संबघी कीमती चिकित्सीय मशीनें चोरी कर लिया। घटना की अगली सुबह आस पास के दुकानदारों ने शटर का ताला टूटा देख पीड़ित को सूचना दी। तहरीर में पैथालाजी सेंण्टर में काम करने वाले एक पूर्व कर्मी पर घटना में संलिप्तता की आशंका भी जताई गई है। प्रभारी निरीक्षक अरुण सिंह का कहना है घटना की जांच की जा रही है, कार्यवाही की जायेगी।

## छेड़छाड़ का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र की एक पीड़िता ने आरोपी पर छेड़छाड़ व जानलेवा धमकी को लेकर तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह घर में छोटे छोटे बच्चों के साथ रहती है। उसका आरोप है कि बीती ग्यारह अप्रैल को देर रात गाँव का ही एक आरोपी छ्त के रास्ते घर घुस आया। आरोपी उसके साथ देड़छाडू करने लगा। शोर मचाया तो अगल बगल के घरों में जगहट होने से वह भाग निकला। फोनिक सूचना पर डायल हंण्ड्रेड पुलिस पहुँची। अगली सुबह पीड़िता को आरोपी ने शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पुलिस शिकायत की जाँच में जुटी बतायी जाती है।

## अम्बेडकर जयंती पर रामपुरखास में होंगे विविध आयोजन

प्रतापगढ़। संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर आज सोमवार को रामपुरखास में समूचे विधानसभा क्षेत्र में विविध आयोजन होगें। विधायक एवं काँग्रेंस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर काँग्रेंस संविधान बचाओ सम्मेलनों का आयोजन किया है। दिन में तीन बजे लालगंज के फायर स्टेशन के समीप आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व सीएल पी नेता आराधना मिश्रा मोना डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण करेगें। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी मध्यान्ह बारह बजे सांगीपुर ब्लाक के उस्मानपुर व विधायक मोना रामपुर संग्रामगढ़ के अलीपुर में पौने बारह बजे अंबेडकर जयंती पर आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन में शामिल होगीं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## रोडवेज और निजी बस में टक्कर, 30 यात्री घायल

संभल। नखासा थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस और एक निजी बस की आमने-सामने की टक्कर में 30 यात्री घायल हो गये। उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि नखासा थाना क्षेत्र में संभल-हसनपुर मार्ग पर सिंह पुर गांव के पास एक रोडवेज बस और एक निजी बस की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस घटना में 30 यात्री घायल हो गये तथा उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों तौसीफ (35), नीरज (32) और उमर (34) को मुरादाबाद के अस्पताल भेजा गया है। बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## तमंचा कारतूस सहित दो गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। पुलिस ने दो अलग अलग जगह से दो लोगो को तमंचा और कारतूस सहित पकड़कर न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक बकेवर भूपेन्द्र सिंह राठी ने बताया उन्हे दो लोगो से सूचना मिली कि कस्वा लखना नहर झाल पुल के पास एक व्यक्ति तमंचा लिये खड़ा हुआ है जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है सूचना पर चैकी इंचार्ज लखना मंजीत दयाल को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा संदिग्ध खड़े युवक विनोद कठेरिया पुत्र मेवालाल निवासी अहेरीपुर को एक तमंचा 315 वोर व जिन्दा कारतूस के साथ पकड लिया।

# तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

जिला संवाददाता (vol)

सोनभद्र । जिले के कर्मा थाना क्षेत्र के एक गांव में तालाब में नहाते समय डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को बताया कि बंदरदेवा गांव निवासी महेन्द्र का सात वर्षीय पुत्र शुभम बैगा और दिनेश का पुत्र शंभू बैगा (10) शनिवार शाम को घर से निकले थे लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे तो परेशान परिजनों ने उनकी खोज शुरू की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। एसपी ने बताया कि रविवार को परिजनों ने पुनः खोज शुरू की तो दोनों बच्चों के शव तालाब में उतराए हुए मिले। मीणा के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तालाब में नहाते समय गहराई में जाने के कारण दोनों बच्चे डूब गए और उनकी मौत हो गयी। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## घर में घुसकर मेहमान की हत्या

अलीगढ़। अलीगढ़ जिले के बन्नादेवी थाना इलाके में मोटरसाइकिल सवार चार हथियारबंद लोगों ने नगला करार मोहल्ले में स्थित एक घर में घुसकर गोलीबारी की जिसमें एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मुरारी लाल वाल्मीकि (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त घर में मुंडन समारोह का आयोजन किया जा रहा था जिसमें वाल्मिकी पत्नी और बच्चों के साथ शामिल होने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार रात जब हमलवर पहुंचे तो मुरारी लाल घर के दरवाजे पर खड़े थे और हमलावरों ने कथित तौर पर उनपर गोलीबारी कर दी और अपनी मोटरसाइकिलों से मौके से भाग गए। गोलीबारी के बाद, बन्नादेवी थाने पर बड़ी संख्या में गुस्साई भीड़ जमा हो गई और अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया। पीड़ित की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, हमले के लिए हिमांशु लोधी और कई अन्य लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इलाके के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव द्विवेदी ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि एक पुलिस टीम का गठन किया गया है और अपराधियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि जांच के तहत कथित हमलावरों के कुछ रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

बिजनौर। स्योहारा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से दो भाइयों की मौत हो गयी। स्योहारा थाना के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम गांव गोवर्धनपुर निवासी महेन्द्र (40) अपने छोटे भाई भूपेन्द्र (30) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर खेत से घर लौट रहा था, तभी सुल्तानपुर के सामने तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गयी।

# थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की सुनीं शिकायतें



बलरामपुर। माह के दूसरे शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली लालिया में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया गया अभियान



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार के निर्देशन में अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी यातायात डी.के श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक यातायात मय टीम के द्वारा को0नगर वीर विनय चौराहा, सीटी पैलेस,झारखंडी,पीपल तिराहा आदि स्थानों पर पैदल गश्त कर रोड पर हुए अतिक्रमण को अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वाले 60 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 34 पुलिस एक्ट में कार्यवाही की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 125 वाहनों का ई चालान कर 1,50,000 रु/- का सम्मन किया गया। गश्त के दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने, वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिये जागरुक किया गया।

# पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध चलाया अभियान



बलरामपुर। क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उमेश सिंह व मय टीम द्वारा थाना को0नगर जनपद बलरामपुर के वीर विनय चौराहा, नगर पालिका, संतोषी माता तिराहा, भगवतीगंज, फुलवरिया बाई पास पर नियमों का उल्लघंन करने वाले दो पहिया वाहन चालक,ई रिक्शा,बिना हेलमेट,गलत दिशा ,नो पार्किंग, बिना लाइसेंस आदि के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई व 62 वाहनों का ई चालान कर 74,500 रु/- का सम्मन किया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने, वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिये जागरुक भी किया गया।

# राजकीय गेहूं क्रय केंद्र शोहरत गढ़ का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर द्वारा राजकीय गेहूं क्रय केंद्र खाद्य विभाग की विपणन शाखा शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा किसान संपर्क रजिस्टर को देखा गया। किसान संपर्क रजिस्टर में अंकित किसानों के मोबाइल नंबर पर फोन कर गेहूं खरीद के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने सचिव व क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद में प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को जागरूक करें कि 100 कु तक सीमा सत्यापन से मुक्त है किसान अपने पंजीकरण पर अपने औसत उत्पादन का 300 प्रतिशत गेहूं की बिक्री कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गेहूं खरीद का जो लक्ष्य दिया गया है लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत गेहूं की खरीदारी करें। किसानों से मोबाइल क्रय के माध्यम से उनके घर/ खेत से भी खरीद करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी, ए आर कोऑपरेटिव, एडीओ कोऑपरेटिव को प्रतिदिन तीन-तीन गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी, एडीओ कोऑपरेटिव, सचिव एवं क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन रिंग रोड का निरीक्षण

## कास्टिंग कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाने के निर्देश



बलरामपुर। डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निमार्णाधीन रिंग रोड का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बहादुरापुर रेलवे क्रॉसिंग के आगे रिंग रोड की एंट्री प्वाइंट को देखा एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने रिंग रोड के प्वाइंट 0.67, प्वाइंट 1.67, प्वाइंट 7.20,प्वाइंट 9.345 पर अंडरपास का निरीक्षण किया , इस दौरान उन्होंने कास्टिंग कार्य का जायजा लिया , पिलर आदि पर हनी कांबिंग पाए जाने नाराजगी व्यक्त की एवं पाई गई कमियों को दूर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने रिंग रोड का स्लोप निरंतर मेनटेन किए जाने का निर्देश दिया। इस उपरांत उन्होंने कार्यदाई संस्था एनएच के लैब का निरीक्षण किया , इस दौरान उन्होंने लैब में कास्टिंग क्यूब का प्रेशर मशीन से क्षमता परखी एवं स्टॉक रजिस्टर, निर्माण सामग्री के टेस्टिंग रिपोर्ट का अवलोकन किया । उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, डीईएसटीओ , तहसीलदार बलरामपुर , एनएच के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## आयोग की सदस्य 16 को इटावा आयेंगी

इटावा। राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी 16 अप्रैल को यहां इटावा में आएंगीं। वे पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई करेंगीं। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल दिन बुधवार को पूनम द्विवेदी, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा सुबह 11 बजे सिंचाई गैस्ट हाउस, इटावा के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई की जायेगी।

# 48 घंटे में लूट व हत्या का पर्दाफाश,5 गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। जनपदीय एसओजी / सर्विलांस व थाना गोल्हौरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गोल्हौरा थानाक्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारकर हुई लुट/हत्या के सम्बन्ध में 03 अभियुक्तो को पुलिस मुठभेड़ में तथा उनके निशानदेही पर 02 अन्य अभियुक्त, कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माल बरामदगी करते हुए घटना का सफल अनावरण किया गया ।जो कि पूर्व थानाध्यक्ष मोहाना/एस 0 ओ0 जी 0 प्रभारी उपनिरीक्षक जीवन त्रिपाठी व सर्विलांस उ0नि 0 दिनेश सरोज तथा गोल्हौरा थानाध्यक्ष बृजेशसिंह मैं संयुक्त टीम की बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने उक्त के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद पिस्टल 02 अदद जिन्दा कारतुस व 02 अदद खोखा कारतुस सभी 32 बोर, 02 अदद देशी तमन्चा 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद जिंदा कारतुस तथा घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल बरामदगी के साथ स्वर्ण व्यापारी का चांदी के आभूषण व अन्य सामान भी बरामद किया गया है, घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डाक्टर अभिषेक महाजन ने एस 0 ओ0 जी 0 जीवन त्रिपाठी के हाथ में देकर ? 25,000/- के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 11.अप्रैल की रात को गोल्हौरा थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यापारी प्रभंजन कुमार की लूट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी । उसके सम्बन्ध में थाना गोल्हौरा पर मु0अ0सं0 36/2025 अंतर्गत धारा 103(1),309(6),3(5) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था ।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

## पक्षी व वन्यजीवों से सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में श्रावस्ती हवाईअड्डे के लिए हवाईक्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उड़ान व लैंडिंग के दौरान पक्षियों व वन्यजीवों से उत्पन्न खतरों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने विशेष रूप से एयरपोर्ट के 10 किमी दायरे में अवैध बूचड़खानों से होने वाले मांस अवशेषों के कारण पक्षियों की बढ़ती संख्या को गंभीर समस्या बताया और इसके नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से समयबद्ध कदम उठाने और जनजागरूकता के साथ नियामक उपाय लागू करने पर बल दिया। बैठक का समन्वय एयरपोर्ट निदेशक ने किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, ईओ भिनगा डॉ. अनीता शुक्ला, डीपीआरओ नन्दलाल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरी झंडी दिखाने के साथ चित्रकूट रवाना हुआ छात्रों का दल




प्रतापगढ़। स्थानीय विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहा के छात्रों को शैक्षणिक यात्रा पर रवाना किया गया। रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री विष्णु सिंह और विद्यालय की शिक्षा समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ विश्वकर्मा ने छात्रों की बस को झंडी दिखाकर चित्रकूट के लिए रवाना किया। वक्ताओं ने कहा कि शैक्षणिक यात्रा छात्रों को देश की ऐतिहासिक धरोहर जुड़ी जानकारियों से परिचित कराता है। इसलिए ये यात्राएं छात्रों के लिए अनिवार्य होनी चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाध्यापक लाल प्रताप सिंह व संचालन अरुण शुक्ल ने किया। इस मौके पर हेमेंद्र सिंह, पंकज मिश्र, शशि मिश्र, शशि कला सिंह, गीता शुक्ला, उत्तम सिंह, लाल अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## मनाई गयी डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा की द्वितीय पुण्यतिथि, अर्पित हुई पुष्पांजलि



प्रतापगढ़। नगर के एच एन बहुगुणा पीजी कालेज के सभागार में ख्यातिप्राप्त चिकित्सक व प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष डा० वीरेन्द्र मिश्र की द्वितीय पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा मिश्रा व भारत संचार निगम लिमि ० के एसडीओ इ जितेन्द्र त्रिपाठी ने स्व डा० वीरेन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि डा० वीरेन्द्र ने शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों को प्रेरणास्पद मजबूती दी है। संचालन डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्रा व संयोजन शिवाकांत मिश्र ने किया। वहीं कमला नेहरू बालिका इंण्टर कालेज में डा० पूजा त्रिपाठी व पुनीत इण्टर कालेज में डा० वर्तिका ने डा० वीरेन्द्र को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रधानाचार्य बीएन तिवारी, डॉ श्रृचा सुकुमार, डॉ गंगाधर मिश्रा, डॉ राजेन्द्र मिश्र, राहुल मिश्र , आरडी यादव, आदि रहे।

## प्रयागराज में दलित की हत्या कर जलाया शव

प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र के इटौरा गांव में शनिवार रात एक दलित व्यक्ति की हत्या कर शव जला दिया गया। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि करछना थाना क्षेत्र अंतर्गत इटौरा गांव में दलित समुदाय के देवी शंकर (30) की हत्या कर शव जला दिया गया। देवी शंकर जिस व्यक्ति के घर मजदूरी करने गया था, आरोप है कि उसी ने उसकी हत्या की। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि इस संबंध में फॉरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्रित कर रही है और तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील कस्बा परिक्षेत्र के पंच शिखा श्री हनुमान मंदिर राप्ती नदी पुल निकट श्री हनुमान मंदिर सहित सम्बंधित सभी हनुमान मंदिरों पर श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया , ,हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गत शनिवार की रात कस्बे के आजादनगर वार्ड में स्थित पंच शिखा हनुमान मंदिर शीतल गंज व राप्ती नदी पुल के निकट हनुमानगढ़ी मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ सुन्दर काण्ड का पाठ आदि अस्तुति पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया, बाद उसके हनुमान जी महाराज की महाआरती व भंडारा का आयोजन अवसर पर हनुमान भक्तों व गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरण किया गया। सूर्य उदय से ही पूजा पाठ के बाद हनुमान चालीसा का पाठ शुरू किया गया और शाम तक चला । गत शनिवार शाम को बजरंग बली श्री हनुमान जी महाराज की भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया.भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं बजरंगलीबली की पूजाकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना किया। पूर्वत प्रतिवर्ष की भाति भंडारा में शैलेन्द्र सिंह मुन्ना ,ऋषि श्रीवास्तव ,जगदंबा मिश्रा ,मनोज सिंह ,नरेंद्र मौर्या ,अमित तिवारी ,अमय पान्डेय,विष्णु जयसवाल सोनू , पूनम जायसवाल, व्यवहार एवं धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले सौरभ सिंह का योगदान सराहनीय रहा, उनके अलावा काफी संख्या में श्रद्धालुओं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों की भारी भीड़ देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकार बांसी मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी मौके पर उपस्थित रहे उनके साथ फोर्स के तेज तर्रार फोर्स के जवान दायित्वों के प्रति क्रियाशील रहे ।

## चोरी की घटना का पर्दाफाश , अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने शमसाद उर्फ सैयद नाम के 01 अभियुक्त को किये गये चोरी ?16200/- तथा अवैध मादक पदार्थ (गांजा 772.8 ग्राम) के साथ गिरफ्तार किया गया है, जो कि थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के अगुवाई में पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।डा0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में अरूण कान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं अनुज कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर द्वारा 12.अप्रैल को वार्ड नम्बर 21 सुभाष नगर, सिद्धार्थनगर में दुकान में चोरी करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 69/2025 धारा 305ए, बीएनएस पंजीकृत किया गया था, आज दिनांक 13 अप्रैल को उक्त से सम्बन्धित अभियुक्त शमसाद उर्फ सैयद पुत्र सराज अहमद साकिन खलीलपुर टोला परसा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को आपरेशन त्रिनेत्र में लगवाये गये कैमरो की मदद से 24 घंण्टे के अन्दर चोरी किये गये ?16200/- तथा 772.8 ग्राम नाजायज गांजा के साथ ग्राम पिपरी के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) इठर की बढोत्तरी की गयी तथा बरामद नाजायज गांजा के सम्बन्ध में मु0अ0सं0- 71/2025 धारा 8/20/23 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट व आगजनी का आरोपित भेजा गया जेल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा बाबू मे शुक्रवार कि रात घर में घुसकर मारपीट करने व आगजनी के आरोपित गांव के विकास चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर पुलिस ने जेल भेज दिया। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा बाबू निवासी अनिता देवी पत्नी सुनील प्रजापति ने शनिवार को चौरीचौरा पुलिस को प्रार्थना दिया है। जिसमें उसने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के विकास चौधरी पुत्र रमेश चौधरी शुक्रवार कि रात में मेरे घर घुसकर हमें और मेरी बेटी संजना व सास मोइला देवी को बुरी तरह से मार पीटकर घायल कर दिया। और जान मारने की धमकी देते हुए घर में आगजनी किया जिससे घर में रखा समान जल गया। अनिता के प्रार्थना पत्र पर रविवार को चौरीचौरा पुलिस ने मारपीट व आगजनी करने का मुकदमा दर्ज कर आरोपित विकास चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### बहनों पर गाड़ी चढ़ाया शिक्षिका की मौत

चरगांवा, गोरखपुर ।शाहपुर इलाके के जेल बाईपास सड़क पर रविवार की सुबह तेज रफ्तार मिक्सर मशीन ने स्कूटी सवार बहनों को रौंद दी, जिससे महिला की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उनकी बहन घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया है। वहीं महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के बशारतपुर मोती पोखरा निवासी अरुणा वाशिंगटन 43 वर्ष पादरी बाजार स्थित लतीफ नगर कॉलोनी में दो वर्ष से मां और बहन के साथ किराए पर रहती थी। उनकी शादी नही हुई थी। रविवार को पाम संडे त्योहार होने पर वह सुबह 8 बजें छोटी बहन अनामिका वाशिंगटन के साथ शास्त्री चौक स्थित चर्च जाने के लिए स्कूटी से निकली। अभी पादरी बाजार चौराहे से जेल बाईपास सड़क पर पहुंची थी कि तेज रफ्तार मिक्सचर मशीन ( भवन निर्माण में सीमेंट गिट्टी और बालू मिक्स करने वाली गाड़ी ) ने स्कूटी सवार दोनों बहनों को रौंद दी, जिससे बड़ी बहन की शरीर से पैर अलग होने पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि, छोटी बहन घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया, वहीं महिला की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

### फरार जाल साज पकड़ी गयी

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ताल जलदा स्थित एक जमीन को कुछ लोगो की मिली भगत से खेत मालिक के गैर जानकारी में कुछ लोगो के द्वारा कूटरचित तरीके से बिल्डर के हाथो बैनामा कर दिया गया था मामले की जानकारी होने पर बादिनी के लिखित तहरीर के आधार पुलिस धारा 419 / 420 / 467 / 468 / 475 / 506 एवं 120 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी थी। बादिनी सुभावती देबी पत्नी स्व० शंकर निवासी रामपुर गोपालपुर गोरखपुर के जमीन आराजी न० 1146 क एवं 11 51 क को अपना बता कर फर्जी तरीके से कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर डी के यस वाई बिल्डर्स व डेपलेवर के कुछ कर्मचारियो की मिलीभगत कर 4 / 2 / 2020 को रजिस्ट्री बैनामा कर दिया गया था कुछ दिनो पश्चात जब कम्पनी के लोग खेत की नाप जोख कर रहे थे जानकारी होने पर बताया गया कि इस जमीन की कुछ लोगो द्वारा रजिष्ट्री कर दी गयी है जिसमें भगवानी देबी पत्नी स्व० रामाज्ञा व सुदामी देबी पत्नी स्व० शंकर निवासी रामपुर गोपालपुर थाना गुलरिहा फरार चल रही थी जिन्हे पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

### बीडीओ ने गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

चरगांवा,गोरखपुर ।चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल औराही में बने गो आश्रय स्थल में रहने वाले नंदी व गायों को हरा चारा हर समय सुलभ हो सके इसके मद्देनजर खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह द्वारा इस ग्राम पंचायत में स्थित चारागाह के एक एकड़ क्षेत्रफल में सूडान चरी का बीजारोपण किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह सहित ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती सीमा सिंह ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि राम बचन सिंह ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार ग्राम रोजगार सेवक वी के चौधरी दो अन्य सहायक कर्मी द्वारा पशुचारा के बीजा रोपण कार्य में सहयोग किए।

# पत्रकारों के लिए शुरू होगी मासिक पुरस्कार योजना : रितेश

## गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की आम सभा की हुई बैठक, महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

जिला संवाददाता (vol)



गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की आमसभा की बैठक पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार आज दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन रविवार को प्रेस क्लब भवन के तृतीय तल पर स्थित सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रीतेश मिश्र और संचालन महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में कार्यकारिणी की तरफ से 25 जनवरी से अब तक प्रेस क्लब की गतिविधियों और भावी कार्ययोजना की जानकारी देने के साथ ही 10 अप्रैल तक के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। आमसभा की बैठक में सदस्यता सूची को लेकर जारी ऊहापोह तथा 25 जनवरी 2025 के पहले की पत्रावलियों, आय-व्यय के विवरण के प्रेस क्लब कार्यालय में उपलब्ध न होने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने बताया कि पत्रवालियों के उपलब्ध न होने की दशा में रजिस्ट्रार ऑफिस से नकल निकलवाई गई है। उन्होंने कहा कि जिस सूची पर प्रशासनिक हस्तक्षेप से चुनाव हुआ है, उसी को आधार मानकर कार्यकारिणी सदस्यता सूची के प्रकरण का निस्तारण कराने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कार्यकारिणी में जिन सदस्यों ने आजीवन सदस्यता का शुल्क जमा किया है, उनसे रसीद की प्रति लेकर उन्हें आजीवन सदस्यता देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

गोरखपुर डायलॉग व प्रेस से मिलिए कार्यक्रम की होगी शुरुआत

बैठक में पूर्व की कार्यकारिणी के कार्यकाल से जुड़ी आपत्तियों और शिकायतों पर आमसभा ने बहुमत से वर्तमान कार्यकारिणी को समिति बनाकर जांच कराने के लिए अधिकृत किया। बैठक में अध्यक्ष ने कार्यकारिणी की तरफ से अवगत कराया कि गोरखपुर डायलॉग नाम से विविध विषयों पर विमर्श की श्रृंखला के साथ ही वर्षों से बंद पड़ी प्रेस से मिलिए कार्यक्रम को शुरू कराया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों और फोटो जर्नलिस्ट्स के लिए मासिक पुरस्कार योजना शुरू करने की भी जानकारी दी। आमसभा ने बहुमत से इन पर हर्ष व्यक्त किया। प्रेस क्लब के बाईलाज के अनुरूप पहली आमसभा की बैठक में सदस्यों की संख्या कुछ कम होने के कारण विभिन्न बिंदुओं और प्रकरणों पर खुलकर चर्चा हुई लेकिन नीतिगत निर्णय नहीं लिए जा सके। नीतिगत निर्णय के लिए आज की आमसभा की बैठक अगली तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गई। स्थगित बैठक के लिए अगली तिथि की सूचना कार्यकारिणी द्वारा जल्द ही सार्वजनिक रूप से जारी की जाएगी। बैठक में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह, कार्यकारिणी सदस्य परमात्मा राम त्रिपाठी, राजीव कुमार पांडेय, विवेक कुमार, संस्थापक सदस्य कौशल त्रिपाठी, राकेश सारस्वत, गजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष एसपी सिंह, डॉ अरविंद कुमार राय, दामोदर उपाध्याय, मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री मनीष मिश्रा, विजय जायसवाल ,ओंकार धर द्विवेदी, धीरज श्रीवास्तव, मनोज यादव, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश राय, अजीत कुमार यादव, धर्मेंद्र नारायण दूबे, मृत्युंजय शंकर सिन्हा, कुंदन उपाध्याय,सहित अन्य पूर्व पदाधिकारी और सवा सौ से अधिक सदस्यगण मौजूद रहे।

## वंदे भारत ट्रेन पर पथराव का आरोपी गिरफ्तार



इटावा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव करने वाले आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अलीगढ़ मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। घटना 20 मार्च की शाम को हुई थी। पटना से नई दिल्ली जा रही होलीडे स्पेशल वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 02435) पर बलरई और जसवंतनगर रेलवे स्टेशन के बीच पथराव किया गया। खंबा नंबर 1174 के पास ट्रेन कॉशन के चलते धीमी गति से चल रही थी। पथराव से ट्रेन के सी-1 कोच की खिड़की का शीशा टूट गया। इस घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई। ट्रेन के पायलट और गार्ड ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। घटनास्थल पर आरपीएफ के उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव ने जांच की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी को ट्रेन का बार-बार हॉर्न बजाना नागवार गुजरा। इसी कारण उसने ट्रेन पर पत्थर फेंका। आरपीएफ ने करीब 20 दिनों की मेहनत के बाद आरोपी को पकड़ा। घटना इटावा जिले के गांव राजपुर तमेरी के पास हुई थी। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शाम के समय एसआई सत्येंद्र यादव कांस्टेबल श्याम पाल के साथ जसवंत नगर स्टेशन पर गस्त कर रहे थे इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि वंदे भारत पर पत्थर मारने वाला घटना स्थल के पास बैठा हुआ है। मौके पर पहुंचे एसआई सत्येंद्र यादव ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अड्डा गूलर के रहने वाले 35 वर्षीय मनोज कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ में मनोज ने बताया कि वह शराब के नशे में था और ट्रेन का ड्राइवर बार-बार हॉर्न बजा रहा था इसलिए उसने पत्थर मारा था।

## अपराधी माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा : एसएसपी

इटावा। अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा दो सालों में 243 अपराधिक लोगों की हिस्ट्रीशीटर खोली है उनकी बराबर निगरानी रखी जा रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जनपदभर में 1209 लोगों की हिस्ट्रीशीटर खोली गई थी विगत दो वर्षों में 243 लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली गई व 819 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई सात लोग जिला बदर किये। 101 लोगों पर गैंगिस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई 25 करोड़ रूपए की लगभग प्रोपर्टी सीज की गई 12 लोगों के खिलाफ जो बैंक घोटाले में थे गैंगिस्टर की हुई है कार्यवाही। दो लोगों पर एनएसए की कार्रवाई की गई। एसएसपी ने कहा कि 47 मुठभेड़ों 47 अपराधी पकड़े गये है जिसमें दो खतरनाक अपराधी थे महिला संबंधी मामलों में कार्रवाई हुई 61 मामलों में पुलिस द्वारा सजा कराई गई। जनपद में 12 हजार कैमरे लगवाये गये 36 मामले कैमरे देखकर खुलासा किया गया है और आगे भी अपराधी व माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



## भीमराव अंबेडकर का जीवन प्रेरणादायक गाथा है : संजीव



इटावा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में बसरेहर में स्थित बुद्ध, अंबेडकर पार्क पर सफाई अभियान कार्यक्रम प्रदेश आह्वान पर आयोजित किया जिसमें आम आदमी पार्टी के कार्यक्रम में अंकुर कुमार, श्रम प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वसंत कुमार, अवनीश कुमार जिलाउपाध्यक्ष जीतू वाल्मीकि विधानसभा उपाध्यक्ष, प्रगति जाटव पूर्व जिला सचिव यूथ बिंग, हर्षित जाटव ब्लॉक अध्यक्ष असलम खान अजय मौर्या अभिषेक कुमार मोहित कुमार चंद्रकांत सहित तमाम कार्यकताओं ने इस सफाई अभियान के श्रमदान में अपनी बढ़ चढ़कर सहभागिता दिखाई मौजूद साथियों को दिल की गहराइयों से आभार बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत साधुवाद, बहुत-बहुत शुक्रिया ! रचनात्मक सफाई अभियान के बाद संजीव शाक्य जिलाध्यक्ष ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है जिसमें एक व्यक्ति ने सामाजिक अन्याय भेदभाव और छुआछूत जैसी बुराइयों के विरुद्ध लड़ते हुए इतिहास रच दिया उनके आरंभिक जीवन संघर्ष और साफ सफाई छुआछूत व अन्य सामाजिक कुरीतियों को लेकर उनके विचारों को जिला अध्यक्ष संजीव शाक्य ने विस्तार से समझाया उन्होंने बताया की बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू छावनी में हुआ था उनका पूरा नाम भीमराव रामजी आंबेडकर था वे एक महार जाति में जन्मे थे जिसे उस समय अछूत जाति माना जाता था उनके पिता राम जी मालोजी सकपाल अंग्रेजी सेना में सूबेदार के पद पर थे उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाने में पूरी रुचि ली लेकिन समाज में पहले से मौजूद जातिगत भेदभाव से उनको अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाबा साहब को स्कूल में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती थी उन्हें अलग से बैठाया जाता था पानी तक खुद नहीं छूने दिया जाता था इस प्रकार का व्यवहार उनके बालक मान पर गहरी छाप छोड़ गया फिर उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना उन्होंने एल्फिंस्टन कॉलेज से स्नातक किया और बाद में अमेरिका की कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की वे अर्थशास्त्र राजनीति और कानून में विशेषज्ञ बने और अपने ज्ञान का उपयोग सामाजिक परिवर्तन के लिए किया।

# देव प्रतिभाओं को कराया गया नगर भ्रमण

## लक्ष्मी नारायण और हनुमान जी के मंदिर में होगी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



गगहा, गोरखपुर। कौड़ीराम क्षेत्र में तेवना गांव साधु की कुटिया पर श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री हनुमान जी मंदिर के परिसर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले देव प्रतिमाओं को फूलों से सजे रथ पर सवार कर धूमधाम से नगर भ्रमण कराया गया।

प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के क्रम में रविवार को मंदिर परिसर से फूलों पर सजे रथ पर श्री लक्ष्मी-नारायण एवं हनुमान जी महाराज की प्रतिमाओं को सवार कराकर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर सूर्यनाथ दास त्यागी जी महाराज एवं आचार्य देवेंद्र मिश्र शास्त्री जी के नेतृत्व में शाही रथ नगर भ्रमण पर निकली। मुख्य यजमान अजय कुमार सिंह व इंदू सिंह रथ के साथ-साथ चल रही थी। और पीछे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चल रही थी।

भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री राजेश सिंह राजन ने बताया कि 14 अप्रैल को दिव्यकथा की पूणाहुति में श्री कृष्ण रुक्मणी विवाहोत्सव, मूर्ति प्रतिष्ठा, पूणाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। तो वहीं प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के उपलक्ष्य में बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को दिव्य प्रवचन का रसपान करा रही है। झांकी शोभा यात्रा में क्षेत्राधिकारी अभय कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख राम अशेष राय, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव, आलोक पाण्डेय अंकुर, निर्भय कुमार सिंह, हेमंत मिश्रा, संगम तिवारी, ब्रम्हा सिंह, सत्यव्रत त्रिपाठी, मन्नू यादव, सात्विक सिंह, आयुष सिंह, निखिल सिंह, अनूप सिंह, अतुल राय, आलोक राय, देवेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

# विधायक के प्रयास से क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल



चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा में चौरी चौरा में 1.61 करोड़ रुपए से चार सड़कों का जीर्णोद्धार किया जायेगा। उक्त बातें विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद ने कहा ।विधायक ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विकास खण्ड ब्रहम्पुर सिंहपुर में दुबे टोला में नई बाजार रोड से बोहाबार तक, पंचदेवरी के गोरख शर्मा के घर राम निवास में घर तक, सिंहपुर में नई बाजार से रोड से प्राथमिक विद्यालय तक, सिंहपुर के नई बाजार से बोहाबार मेन रोड से हरैया तक सीसी रोड के माध्यम से सड़कों का कायाकल्प कराया जायेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया और कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं ।चौरी चौरा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे कि आम जनमानस की यात्रा सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि चौरी चौरा विधानसभा को उत्तर प्रदेश में मॉडल विधानसभा बनाना ही मेरा लक्ष्य है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा है, उसको साकार किया जा रहा है। सभी वर्गों का विकास हो रहा है। पिछली सरकारों की योजनाओं में भेदभाव किया जाता था। इस सरकार में सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है ।गांव, गरीब, नौजवान सहित सभी वर्गों का समूचा विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है।

## पाम संडे बुराई छोड़कर भलाई का देता है संदेश

चरगांवा, गोरखपुर। 13 अप्रैल को पाम संडे अर्थात खजूरी इतवार को सेंट मार्क्स चर्च में कलीसिया के द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पामसंडे का पर्व हम मसीहियों के जीवन मे शांति और मन फिराव और बुराई को छोड़कर भलाई का संदेश लेकर आता है। प्रभु यीशु मसीह का स्वागत और अभिनंदन करने के लिए रास्ते में आने वाले सभी लोगों ने खजूर की डालियां लेकर और रास्ते में कपड़े बिछाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया और होसन्ना होसन्ना के नारे लगाए और कहां शांति का राजा शांति स्थापित करने के लिए आता है, हमारा उद्धार कर। इसी क्रम में कलीसिया के लोगों ने खजूर की डालियां लेकर प्रभु के गीत गाते हुए चर्च में प्रवेश किया और आराधना और स्तुति की और इवलिन जूलियस, अंशिका मसीह, अश्रिता मसीह और महिलाओं ने सुंदर गीत प्रस्तुत किये। संडे स्कूल के बच्चों ने भी एक्शन सॉन्ग के द्वारा प्रभु को महिमा दिया। सभी लोगों ने मिलकर एक दूसरे को शांति का संदेश दिया।

# कार्यशाला में उद्यमियों को दी गई योजनाओं की जानकारी



इटावा। यूपीएसआईसी, यूपीकॉन एवं जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ईएसजी कार्यशाला में उद्यमियों को दी गई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को अपग्रेड, स्केल अप और डिजिटाइजेशन करने एवं सरकारी योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी। जनपद मे यूपीएसआईसी, यूपीकॉन एवं जिला उद्योग केंद्र द्वारा शुक्रवार को नारायन कॉजेल ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में पर्यावरण, सामाजिक और शासन ईएसजी विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रेसिंग एंड अक्सिलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस रॅप की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि यह योजना विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई के प्रदर्शन में सुधार करना है।

यह योजना प्रधानमंत्री द्वारा अनुमोदित एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित है। रैंप योजना के कई अन्य उद्देश्य हैं, जिनमें एमएसएमई के लिए बाजार और ऋण उपलब्धता में सहायता, केंद्रीय और राज्य स्तर पर संस्थानों और शासन को मजबूत करना, केंद्र-राज्य संबंधों और साझेदारी में सुधार, विलंबित भुगतान के मुद्दों का समाधान इत्यादि शामिल हैं। रैंप योजनान्तर्गत ही पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) के बारे में बताते हुए मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को अपग्रेड, स्केल अप और डिजिटाइजेशन करने एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त एमएसएमई पॉलिसी 2022, प्लेज पार्क, टेक्निकल अपग्रेडेशन एवं जेड पर भी विनिर्माण उद्योगों को जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दौरान यूपीकॉन के ट्रेनर, एक्सपर्ट डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि यह योजना आधुनिकीकरण को देखते हुए उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह योजना न केवल युवाओं को उनके व्यवसायिक सपनों को साकार करने में मदद कर रहा है अपितु राज्यों के छोटे व्यवसायों और उद्यमशीलता को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला एमएसएमई को उनके उत्पाद और प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, जिलास्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने और सतत विकास प्राप्त करने में मदद करेगी।

## नाली निर्माण विवाद में दबंगों ने की फायरिंग

इटावा। वैदपुरा इलाके के कैलोखर गांव में मामूली विवाद में लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ जमकर मारपीट कर की और हवाई फायरिंग कर दी। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। दबंगों ने चार राउंड से अधिक गोलियां चलाई है, घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ सैफई राम दबन मौर्य समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर जांच करने के लिए पहुंची थी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर रही है। घटना स्थल से पुलिस ने 315 बोर के खाली खोखे बरामद किए हैं। दबंग फायरिंग करके घटनास्थल से फरार हो गए हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजदों पर मुकदमा दर्ज कर रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। थाना प्रभारी वैदपुरा संजय सिंह ने बताया कि मामूली कहासुनी में विवाद हुआ था। पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल की जा रही है। एक पक्ष की तरफ से तहरीर दी गई है।

# बैसाखी , समृद्धि व संकल्प का त्यौहार : तरनपाल सिंह

## 1699 में आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी



इटावा। उत्साह, उमंग, खुशियों और संकल्प का त्योहार खालसा साजना दिवस बैसाखी परम्परागत उल्लास और उत्साह के माहौल में मनाया गया, सुबह से ही गुरूद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब धार्मिक जयकारों के जाप से गूंजता रहा। गुरूद्वारा में बैसाखी पर श्रद्धालुओं ने अखंड पाठ में भाग लिया। गुरूद्वारा में सजे दरबार के दौरान रागी जत्थे द्वारा मधुर शब्द कीर्तन गायन किया गया। बच्चों ने धार्मिक कविता, पाठ में भी भाग लिया। इस अवसर पर गुरूद्वारा में आने वाली सभी संगत, श्रद्धालू, स्त्री, नौजवान, बड़े, बूड़े और बच्चों ने सभी के भले की सुख समृद्धि के लिये सभी की खुशियों के लिये अरदास की। वैसाखी पर्व पर प्रकाश डालते हुये गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा ने बताया कि बैसाखी मुख्य रूप से समृद्धि, खुशियों और संकल्प का त्योहार है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। गुरुगोविंद सिंह ने बैसाखी के विशाल समागम में कौम के लिए शहीदी के जजबे की पांच सिक्खों की परीक्षा ली गुरु और सिक्ख धर्म के प्रति पांच सिक्खों की निष्ठा और समर्पण को देखते हुये गुरू साहिब ने उन्हें अमृत छकाया और पांच प्यारों का नाम दिया। पांच प्यारों को अमृत छकाने के बाद गुरू साहिब ने स्वयं भी पांच प्यारों से अमृत गृहण किया ।अमृत छकाना एक तरह से धर्म और देश के खातिर कुबार्नी के लिए तैयार रहने के लिए संकल्प था। अखंड पाठ साहिब करवाने वाले दीपिंदर अरोड़ा को सिरोपा भेंट किया। बैसाखी पर्व पर निशान साहिब का चोला बदलकर नया चोला चढ़ाया गया जिसकी सेवा पवन लूथरा व रजत लूथरा परिवार द्वारा की गई, जिसको भारत सिंह द्वारा निशान साहिब पर पहनाया गया ।निशान साहिब की चोला सेवा करने वाले पवन लूथरा व भारत सिंह को सिरोपा दिया गया एवं गुरुद्वारा में सभी के भले की अरदास की गई।

# देश में नफरत फैला रही सरकार : शिवपाल सिंह



जसवंतनगर, इटावा। भाजपा सरकार सिर्फ देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है सिर्फ हिन्दू मुसलमान के नाम पर आम लोगो को गुमराह कर रही है जो देश के लिये घातक है। संविधान को दरकिनार करते हुये तानाशाही के रास्ते को अपना रही है। उक्त बात रविवार को एक रेस्टोरेंट का उदघाटन समारोह को संम्बोधित करते सपा राष्ट्रीय महासचिव एवं स्थानीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कही। उन्होने कहा कि देश प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार से परेशान हो चुका है, युवाओ को रोजगार नही मिल रहा जिससे देश प्रदेश में लगातार वेरोजगारी बढती जा रही है। किसानो को समय पर खाद, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाये देने में भाजपा सरकार फैल हुई है, किसानो की आय दोगुनी करने का वादा हवा हवाई साबित हो चुका है। भाजपा सरकार में थानो, तहसीलो में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है आम लोगो से वसूली की जा रही है। बिजली के नाम पर विभाग आम लोगो को परेशान कर रहा है। श्री यादव ने मौजूद कार्यकर्ताओ से अभी से चुनाव की तैयारियो में जुटने के निर्देश देते हुये कहा कि हर हाल में प्रदेश से भाजपा सरकार को उखाड फेंकना होगा। जब समाजवादियो की सरकार होगी तभी प्रदेश खुशहाल बनेगा। जब जब सपा सरकार रही बिना भेदभाव के आम लोगो के हितो को ध्यान में रखते हुये निर्णय लिये गये। कई लाभकारी योजनाये चलायी गयी जिससे लोग लाभान्वित भी हुये। सपा सरकार में युवाओ का रोजगार भी दिये गये लेकिन अब भाजपा सरकार में पेपर लीक ही हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, विनोद, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू सहित सैकडो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 15/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: **(1)** इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज–फतेहगढ़ अनुभाग में समपार सं. 71 से 73 के मध्य सड़क का सुधार। **(2)** इज्जतनगर डिवीजन के समंइ/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में एल.एच.एस. के एप्रोच, रूफिंग एवं डिवॉटरिंग में सुधार कार्य। **(3)** समंइ/मथुरा के अधिकार क्षेत्र में एल.एच.एस. के एप्रोच, रूफिंग एवं ड्रेनेज में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 3,86,27,221.58, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 3,43,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 10 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरण: इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज–मथुरा अनुभाग में 18 नग प्रमुख/महत्वपूर्ण पुलों के एप्रोच का सुदृढ़ीकरण। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 5,31,30,024.73, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 4,15,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 09-05-2025 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-14 इज्जतनगर

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

संक्षेप

## महिला आयोग की सदस्य 16 को करेंगी सुनवाई

बांदा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल 16 अप्रैल को सर्किट हाउस में समस्याओं के निस्तारण को लेकर महिला जन सुनवाई करेंगी। महिला जन सुनवाई के दौरान महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाए जाने तथा जिले की महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। आयोग की सदस्य पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से निस्तारण कराकर महिलाओं की समस्याओं का समाधान कराकर उन्हे न्याय दिलाएंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिले की ऐसी महिलाएं जो किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित हों और उन्हे न्याय न मिल रहा हो अथवा किसी भी तरह की समस्या का निस्तारण न हो रहा हो ऐसी स्थिति में वह आयोग की सदस्य अर्चना पटेल की महिला जन सुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्या का प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का समाधान करा सकती है।

## गैंगस्टर का वांछित आरोपी गिरफ्तार

बांदा। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अपराधियों और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट में आरोपी शरीफ खान पुत्र बाबू खान निवासी घटरा थाना गौरिहार जिला छतरपुर मध्य प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में वांछित था इसे पुलिस ने उसके गांव से गिरफ्तार किया है। इसके विरूद्ध थाना मटौंध में मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध विजय कुमार कुशवाहा, उप निरीक्षक परवेज अहमद व का0 देवांश चैहान रहे।

## शायर व साहित्यकार जहीर ललितपुरी हुए सम्मानित

ललितपुर। जनपद के मशहूर शाइर व साहित्यकार जहीर ललितपुरी को शान ए वसुन्धरा (पृथ्वी की शान) सम्मान से उनकी साहित्यिक व सामाजिक सेवाओं के लिए विगत दिवस झांसी में शान ए वसुन्धरा (पृथ्वी की शान) सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्रांड तुलसी होटल, झांसी में आयोजित वसुंधरा फाइनेंस और इमेजिन ग्रुप ऑफ कंपनीज के दो दिवसीय राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन के समापन सत्र में प्रदान किया गया। उक्त राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता वयोवृद्ध शाइर जनाब शेर बहादुर अख्तर ने व संचालन कवि व गीतकार अर्जुन सिंह चांद ने किया। जनाब मकसूद राही बस्तवी मुख्य अतिथि और जहीर ललितपुरी, राजकुमार अंजुम, जाहिद कोंचवी, कमर बछरावनी, मुकरी जालौनवी, व मोहतरमा परवीन महमूद विशिष्ट अतिथि रहे. जहीर ललितपुरी के अलावा इस महान आयोजन में हिन्दुस्तान के विभिन्न राज्यों के कवियों, शाइरों और साहित्य कारों को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व में जहीर ललितपुरी अपनी रचनाओं एवं पुस्तकों के लिए विभिन्न सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं।

# जन्मोत्सव पर गूंजे पवनपुत्र के जयकारे

- डॉ संदीप के आतिथ्य में हुआ शोभायात्रा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन
- डॉ. सरावगी द्वारा एक दर्जन से अधिक मंदिरों पर कराया गया विशेष श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ एवं छप्पन भोग

जिला संवाददाता (vol)



झांसी/ललितपुर। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे देश में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठानों एवं शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में झांसी जनपद में भी कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया आयोजनों के क्रम में ओरछा में श्री श्री 1008 ठाकुर जानराय मंदिर हनुमान अखाड़ा, श्री श्री 1008 प्राचीन गुर्ज के हनुमान मंदिर लक्ष्मी गेट बाहर झाँसी, झाँसी रेलवे स्टेशन पर स्थित हनुमान मंदिर, सारंधा नगर, हंसारी स्थित श्री श्री 1008 श्री खैरापति मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर ग्राम अड़जार, बड़ागांव गेट स्थित श्री संकट मोचन दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर एवं अन्य स्थानों पर डॉ० संदीप के आतिथ्य में शोभा यात्रा के साथ सुंदरकांड पाठ, विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग, महाभिषेक, पूर्णाहुति, हवन, प्रसाद वितरण एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। उक्त स्थान पर शोभायात्राओं में सैकड़ों से हजारों की संख्या में सनातनप्रेमी भक्तगण उपस्थित रहे। जय श्री राम और जय हनुमान के गगनचुंबी उद्घोषों के साथ शोभायात्रा में भक्तजन डीजे की धुन पर भक्ति गीतों में सराबोर होकर थिरकते नजर आये। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा सनातन धर्म में विभिन्न देवी देवताओं की पूजा की जाती है लेकिन रामभक्त हनुमान को शक्ति का प्रतीक और चिरंजीवी माना गया है। उनके चिरंजीवी होने के कारण हम उनके जन्मदिन को जयंती नहीं जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि आज भी सच्चे मन से प्रभु श्री राम या उनके अनन्य भक्त हनुमान को विपत्ति के समय याद किया जाये तो वह सहयोग करने अवश्य आते हैं। हमारा धर्म विविधताओं में एकता वाला धर्म है, लेकिन धार्मिक अनुष्ठानों को सभी सामान रीति रिवाज के साथ आयोजित करते हैं। सप्ताह का प्रत्येक दिन किसी न किसी देवी देवता को समर्पित होता है इसीलिए हर दिन शुभ माना जाता है। अतुलित बलशाली हनुमान शक्ति के प्रतीक माने जाते हैं उन्होंने लंका विजय में अति महत्वपूर्ण योगदान दिया था। प्रभु श्री राम और उनके भक्त हनुमान की गाथा अनंत काल तक निस्वार्थ प्रेम व समर्पण के लिये जानी जायेगी। अलग-अलग कार्यक्रम मुख्य रूप से बुंदेलखंड पुजारी परिषद के उपाध्यक्ष एवं संस्थापक कालीचरण जारोलिया, रवीश त्रिपाठी, रॉकी महाराज, मृत्युंजय गोस्वामी (पुजारी हनुमान अखाड़ा), देवेश मिश्रा, हर्षिता मिश्रा, रुचि जतारिया, रश्मि पटेरिया, तृप्ति नागपाल, पिंकी झां, शिखा भार्गव, कल्पना पांडेय, पूजा कुशवाहा, सौरभ जतारिया, सुजीत अग्रवाल, आर बी शर्मा, एचएन शर्मा, नरेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, दीपक कुशवाहा, सौरभ जतरिया, रामस्वरूप, सुरेश साहू, बबलू खटीक, सूरज रायकवार, पंडित सत्येंद्र दुबे, संतोष श्रीवास, बेनी प्रसाद आनंद, गणेशी लाल, विजय प्रताप सिंह, बच्चा सिंह, रमेश बुंदेला, रमेश गुरु, दयाराम आजाद, महेश शंकर, शिव नारायण, उमाशंकर श्रीवास, सीताराम, विजय श्रीवास, राजेश दिवाकर, वीरेंद्र श्रीवास, रामस्वरूप श्रीवास, राज बुंदेला, राजेंद्र श्रीवास, संजय पहलवान, के.पी. श्रीवास, पंकज मालवीय, महेंद्र श्रीवास एवं ग्राम अड़जार के श्री राम जानकी मंदिर प्रबंध समिति के समस्त सदस्य गणों के साथ संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, राजू सेन, प्रमेन्द्र सिंह, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, सूरज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्री हनुमंत जन्मोत्सव पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



ललितपुर। जिले में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा तुवन मंदिर से शुरू हुई। रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा से पहले महंत रामलाखन दास ने तुवन सरकार की पूजा-अर्चना की। राज्यमंत्री मनोहर लाल और विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी पूजन में भाग लिया। शोभायात्रा में सबसे आगे विभिन्न मंदिरों के पुजारी धर्म पताका लेकर चल रहे थे। उनके पीछे हनुमान जी की झांकी थी, जिसके साथ अखाड़े के युवा करतब दिखा रहे थे। यात्रा का मार्ग तुवन मंदिर से तहसील चैराहा, सदर कांटा, पानी की टंकी, सुभाषपुरा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चैबेयाना, आजाद चैक, स्वारकर चैक और घंटाघर होते हुए वापस तुवन मंदिर तक रहा। शाम 5 बजे शुरू हुई यात्रा रात 11 बजे तक चली। विभिन्न समाजों जैसे पाल समाज, युवा ब्राह्मण समाज, गहोई समाज, रायकवार समाज, राठौर समाज, साहू समाज और चित्रगुप्त कायस्थ समाज ने जगह-जगह स्वागत किया और प्रसाद का वितरण किया। नगर पालिका परिषद, प्रेस क्लब और जय अम्बे रक्तदान समिति भी इस आयोजन में शामिल रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, सीओ सिटी अजय कुमार और एसडीएम चंद्रभूषण प्रताप सिंह पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे।

## आम्बेडकर ने समाज के सभी वर्गों का किया उद्धार

ललितपुर। भारत के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान बहुआयामी रहा है। वे न केवल भारत के संविधान निमार्ता थे, बल्कि एक प्रखर समाजशास्त्री, शिक्षाविद, और अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया, और साथ ही आर्थिक विषमता को समाप्त करने की दिशा में गहरे विचार प्रस्तुत किए। आज जब भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, तो डॉ. अंबेडकर के आर्थिक चिंतन की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। उनके आर्थिक चिन्तन का केंद्र बिंदु सामाजिक न्याय, समानता, और आर्थिक सशक्तिकरण था। एक परिचर्चा को सम्बोधित करते हुये पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय ललितपुर के प्राचायर्च डॉ. महेश कुमार झा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का आर्थिक चिंतन गहराई और यथार्थ पर आधारित था। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की असली ताकत उसकी आर्थिक नीतियों में छिपी होती है, और जब तक समाज के हर वर्ग को आर्थिक बराबरी नहीं मिलती, तब तक स्वतंत्रता अधूरी मानी जाएगी। ष्अम्बेडकर जी के आर्थिक चिन्तन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता भारत विषय से जुड़े संदर्भ में, भारतीय संविधान में कई ऐसी व्यवस्थाएँ और प्रावधान हैं जो डॉ. अंबेडकर के आर्थिक दृष्टिकोण को दशार्ते हैं और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सहायक सिद्ध होती हैं। डॉ. अंबेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संविधान में सामाजिक-आर्थिक न्याय को विशेष महत्व मिले। अंबेडकर मानते थे कि कृषि भारत की रीढ़ है। उन्होंने राज्य द्वारा कृषि का राष्ट्रीयकरण, और कृषि भूमि का समान वितरण, जैसे विचार दिए। जल संसाधन के लिए उन्होंने सेन्ट्रल वॉटर कमीशन और दामोदर वैली प्रोजेक्ट जैसी योजनाओं की नींव रखी। उन्होंने भारत में भारी उद्योगों के विकास की वकालत की और सार्वजनिक क्षेत्र को प्राथमिकता दी। काम के घंटे, न्यूनतम वेतन, मजदूर कल्याण योजनाओं आदि पर विशेष बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई ह्यआत्मनिर्भर भारत अभियानह्ल का लक्ष्य है भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक मजबूत, स्वतंत्र और सशक्त राष्ट्र बनाना। इसमें पाँच स्तंभ शामिल हैंरू अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढाँचा, तकनीक, जनसंख्या, और माँग। अंबेडकर के विचारों की आत्मनिर्भर भारत में अहम भूमिका प्रासंगिक है। अंबेडकर का दृष्टिकोण आत्मनिर्भर भारत में योगदान, सामाजिक न्याय के बिना आर्थिक विकास अधूरा है योजनाओं में समावेशिता और ग्रामीण विकास, भूमि और जल संसाधनों का समुचित वितरण जल शक्ति अभियान, सिंचाई योजनाएँ, श्रमिकों के अधिकार और कल्याण ई-श्रम पोर्टल, न्यूनतम मजदूरी सुधार, उद्योगों को बढ़ावा मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, शिक्षा और कौशल विकास स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया आदि में डॉ. अंबेडकर का आर्थिक चिंतन आधुनिक भारत की नींव रहा है। उन्होंने जो आर्थिक नीतियाँ और सुझाव दिए, वे आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मार्गदर्शन कर रहे हैं। चाहे वह गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन, या सामाजिक समानता होकृउनके विचार भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरणा देते हैं। उनका आर्थिक चिंतन आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

## महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी : ज्योति सिंह लोधी

### समाजवादी शिक्षक सभा के तत्वाधान में हुई पीडीए चौपाल




ललितपुर। ग्राम मादौन माता खेड़ा के सहरिया बस्ती में समाजवादी पार्टी की शिक्षक सभा द्वारा पीडीए चैपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है युवा नशा छोड़ें। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में समाजवादी सरकार में गरीबों को खाद्य सामग्री निशुल्क शिक्षा निशुल्क सिंचाई स्वास्थ्य एंबुलेंस 102, 108 पुलिस 100 नंबर की सुविधा दी। वर्तमान सरकार ने बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया। समाजवादी पेंशन को वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया इन सभी सुविधाओं को पुनः प्राप्त करने के लिए समाजवादी पार्टी का समर्थन करना होगा तभी जाकर के इस देश समाज का उत्थान होगा। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष ने चैपाल को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ललितपुर जनपद को दो तहसीलों की सौगात दी थी पाली, मड़ावरा। धौर्रा क्षेत्र में इमारती पत्थर की खदानों के द्वारा हजारों लोगों को रोजगार मिलता था जो वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया धौर्रा रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव पुनः किया जाए। वर्तमान सरकार क्षेत्रीय जन भावनाओं की कद्र नहीं कर रही है, महंगाई चरम पर है महिलाएं परेशान हैं। मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बाबा साहब द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करें आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की दोनों विधानसभा सीटें जीतने का कार्य करें। इस अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा उपाध्यक्ष पवेश इकबाल, उपाध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, सचिव राजेश यादव, सचिव शाकिर अली, बाबा साहब बहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अहिरवार, शत्रुघन यादव, बलराम अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष इकरार साहब, बल्लू, आशीष कटारे, रामलखन यादव, रामपाल सिंह, कल्याण सिंह, बलभद्र सिंह, ब्रह्मानंद शर्मा, प्रेम सिंह यादव, लखन यादव, दीपक यादव बमोरी, चंदू सहरिया, चंद्रशेखर सहरिया, लटकन अहिरवार, किशन सिंह बंजारा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. महेश कुमार झा ने किया।

## दिनदहाड़े सेल्समैन से 45 हजार की सिगरेट लूट

इटावा। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। फ्रेंड्स कॉलोनी में एक सेल्समैन से दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई। चार बदमाश दो स्कूटी पर सवार होकर आए। उन्होंने सेल्समैन से 45 हजार रुपये की सिगरेट का बैग छीन लिया। घटना महेरा चुंगी के पास वोल्टास एजेंसी के सामने हुई। प्ज्ब के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर वैभव अवस्थी के सेल्समैन शिवकुमार दोपहर एक बजे वहां से गुजर रहे थे। वह सुबह साढ़े 11 बजे से बाजार में सप्लाई कर रहे थे। पीड़ित ने तुरंत 112 पर कॉल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और ब्ब्ज्ट फुटेज की जांच की। फुटेज में बदमाश साफ नजर आ रहे हैं। पीड़ित और डिस्ट्रीब्यूटर ने थाने में शिकायत दी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने इसे लूट की बजाय टप्पेबाजी बताया।

## तीन घटनाओं में लाखों की लूट, 3 गिरफ्तार

बांदा। जिले में बीते दो दिनों से लूट की घटनाएं हो रही हैं। बीते गुरूवार की रात नेशनल हाईवे पर व्यापारी से लूट की घटना की चर्चा थमी भी नही थी कि शनिवार की सुबह शहर के एक पेट्रोल पंप में लूटपाट और शाम को गिरवां थाना क्षेत्र में सर्राफ को लूटने के साथ ही गोली मारने की वारदातों ने पुलिस व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। तीनो घटनाओं में बाईक लुटेरों का एक जैसा पैटर्न सामने आया है। पुलिस लुटेरों की खोज में एड़ी चोटी को जोर लगाए है। लुटेरों का दुस्साहस चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि व्यापारी से बीते 10 अप्रैल को 1 लाख रुपये लूटने वाले तीन आरोपियों को अतर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और इनके पास से लूटे गये 48 हजार रुपये बरामद किए हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता, निवासी टुकरीपुरवा, अरूण कुमार पुत्र रामकरन सोनकर निवासी बरछा व अंकुल सेन पुत्र वेद प्रकाश सविता निवासी बंगालीपुरवा थाना बदौसा हैं। चित्रकूट धाम रेंज के डीआईजी राजेश एस और एसपी अंकुर अग्रवाल ने गिरवां थानाक्षेत्र में सर्राफ को गोली मारकर लाखों की नकदी और जेवर भरा बैग लूटने की सनसनीखेज वारदात स्थल का मुआयना किया। दोनो आला पुलिस अफसरों ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित कर जरूरी निर्देश दिए हैं। डीआईजी राजेश एस का कहना है कि अपराधी किसी भी कीमत पर नही बचेंगे और सभी को खोजकर कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

## केदारनाथ अग्रवाल का जन्मोत्सव, पुस्तकों का लोकार्पण




बांदा। केदार न्यास, प्रगतिशील लेखक संघ और चिराग फाउंडेशन के तत्वावधान में केदारनाथ अग्रवाल जन्मोत्सव मनाया गया। डाक्टर सबीहा रहमानी के उपन्यास ह्यगुनाहगार औरतें, लघुकथा संग्रह चीख तथा श्रद्धा निगम की लघु कथा संग्रह ह्यबंद दरवाजा खिड़कियां का लोकार्पण हुआ। समारोह में दिल्ली से आयीं लिटिल बर्ड प्रकाशन की प्रकाशक, साहित्यकार, आलोचक कुसुमलता सिंह, व्यंग्यकार सम्पादक व्यंगलोक रामस्वरूप दीक्षित, प्रोफेसर रुपा सिंह, अमृता बेरा, शोभा अक्षरा आदि प्रखर और मुखर साहित्यकारों ने किया। प्रोफेसर दीपाली गुप्ता प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय अतिसम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। प्रथम सत्र की अध्यक्षता कुसुमलता और मुख्य अतिथि के रुप में अमृता बेरा रहीं। मुख्य वक्ता के रुप में रुपा सिंह शैभा अक्षरा रहीं। द्वितीय सत्र में श्रद्धा निगम की लघुकथा संग्रह बंद दरवाजा और खिड़कियां व डाक्टर सबीहा रहमानी की लघुकथा संग्रह चीख का विमोचन हुआ। इस अवसर पर जलज, गोपाल गोयल, सुधीर सिंह, अमित सेठ भोलू, समाजसेवी, पत्रकार सुनील सक्सेना मौजूद रहे।

## आंधी, बारिश से फसलों का बड़ा नुकसान



बांदा। बीती रात लगभग 4 बजे आंधी और बारिश से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। खेतो में खड़ी फसलों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। भयंकर आंधी के चलते नेशनल हाईवे और सड़कों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जन पेड़ धराशायी हो गये। किसानों ने कहा कि बेमौसम हुई भारी बारिश से खेत में खड़ी और कटी फसलों का बड़ा नुकसान हुआ है। लगभग 1 घंटे तक हुई तेज बारिश से रविवार को तापमान में गिरावट रही। कड़ी धूप से लोगों को काफी राहत महसूस हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी तादाद में टीन शेड उखड़कर कई सौ मीटर की दूरी पर जा गिरे। रात के समय आई आंधी और बारिश से हालांकि जन जीवन का नुकसान होने की खबर नही है यदि यही आंधी दिन के समय आती तो काफी जनहानि होने की संभावना थी। आंधी से गेहूं की फसल के अलावा आम व महुवा की फसल को भी खासा नुकसाान हुआ है। जिले के कई क्षेत्रों में देशी आम की पैदावार होती है साथ ही महुवा के फूल व फलों को भी आंधी की मार से भारी नुकसान बताया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने कहा कि दलहनी, तिलहनी फसलों की कटाई, मड़ाई का काम लगभग पूरा हो गया है। गेहूं की कटाई चल रही है। आंधी और बारिश से नुकसान के बारे में सर्वे के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। किसानों ने सरकार से गेहूं की फसल की हुई क्षति का आंकलन कराकर राहत देने की मांग की है।

## आबादी से दूर आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



अमानीगंज-अयोध्या। विकास खंड के इंछोई गांव में रविवार को आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय का निर्माण आबादी से दूर करायें जाने से नाराज ग्रामीणों ने घंटों विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की जानकारी होते ही राजस्व लेखपाल व स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि आबादी के बीच में केंद्र का निर्माण नहीं कराया गया तो वह धरना देंगे। सीडीपीओ वंदना सिंह ने कहा कि शिकायत के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया है। ग्रामीण बंशीधर दुबे, रज्जन कुमार, काशीनाथ, रितेश मिश्रा, जय शंकर मिश्र, सत्यदेव, रीता देवी, आयुष मिश्रा आदि दर्जनों ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर, खंड विकास अधिकारी अमानीगंज व सीडीपीओ अमानीगंज देकर आरोप लगाया है कि प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण ग्राम सभा के पश्चिमी छोर पर निर्जन स्थान पर किया जा रहा है, जिससे नन्हे मुन्नों बच्चों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पायेगा। ऐसी स्थिति में इस केंद्र का निर्माण पूरे पंडित, फुकनवापुर, पूरे जोरई मिश्रा, कोंदलहिया के बीच किसी सार्वजनिक भूमि पर किया जाना चाहिए, जिससे इस केंद्र से आच्छादित मजरों के नन्हे मुन्ने बच्चों व महिलाओं को केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य होता देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने घंटों विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस हुआ लेखपाल भी मौके पर पहुंच गए। निर्माण कार्य को लेकर ग्राम प्रधान गुड़िया के पति जसवंत कुमार का कहना है कि आबादी के बीच भूमि देखी जाएगी मिलने पर वही निर्माण कराया जाएगा। सीडीपीओ वंदना सिंह ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र मिलने के बाद बीडीओ से वार्ता कर निर्माण कार्य रोक दिया गया है, जांच के बाद अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मिल्कीपुर तहसील में 26 को धरना देंगे सांसद अवधेश प्रसाद

अयोध्या। रविवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने शहर के एक निजी होटल में विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रेस वार्ता की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि एसडीएम अभिषेक सिंह पटेल को दोबारा सोहावल की कमान देना प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी गलत है, पता नहीं जिलाधिकारी किसके दबाव में काम कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि चाहे अयोध्या के विकास के नाम पर लूट का मुद्दा हो, चाहे 84 कोसी परिक्रमा के नाम पर किसानों के जमीन का अधिग्रहण का मामला हो या किसानों की जमीन जबरदस्ती लेने का हो, चाहे कानून व्यवस्था हो, सभी मुद्दे को लेकर 26 अप्रैल को मिल्कीपुर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। सांसद ने कहा कि भाजपा और उनके संगठन के लोग और वर्तमान सरकार इस देश में अमन चैन भाईचारा बिगाड़ना चाहते हैं। भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बदलना चाहती हैं। सरकार व भाजपा संगठन के लोग ऐसा इसलिए कर रहे हैं की जनता की जो जवलंत समस्याएं हैं चाहे कानून व्यवस्था की है, संविधान की है और तमाम विकास योजनाएं हैं जिसमें सरकार हर प्रकार से फेल हो रही है उससे जनता का ध्यान भटकाया जा सके। सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करना चाह रही है। इसके पीछे भाजपा का यह दृष्टिकोण है की जो आरक्षण है उसे खत्म करना चाहती है। यह आरक्षण भीख नहीं है संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है। आरक्षण के तहत नौकरी ना देना पड़े इसलिए भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं को निजी हाथ में बेचना चाह रही है।

# लेखपाल लगा रहे सरकार को लाखों की चपत

## गांवों में निवास किए बगैर ही ले रहे किराया भत्ता

जिला संवाददाता (vol)


मिल्कीपुर-अयोध्या। लेखपालों द्वारा राजस्व परिषद के निदेर्शों का पालन नही किया जा रहा है।गांवो में निवास करने के नाम पर मकान किराया भत्ता लेने के बाद भी अपने क्षेत्र में निवास नही किया जा रहा जिसके चलते सरकारी भूमि के सरंक्षण, फॉर्मर रजिस्ट्री सहित अ प्रावधानित व्यवस्था का अनुपालन कराए जाने के नेको सरकारी कार्य समय पर पूरे नही हो पा रहे।किसानों व स्कूली बच्चों को तहसील का चक्कर काटना पड़ता है। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग- 4 लखनऊ मनीषा त्रिघाटिया द्वारा प्रावधानित व्यवस्था का अनुपालन कराए जाने के संबंध में पत्र संख्या आई.जी.150/04 - आईजीआरएस 2022 दिनांक 25 नवंबर 2024 को इस आशय का पत्र जारी किया गया था जिसमें उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली 2006 के नियम-26 का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना था।

विभिन्न माध्यमों से परिषद स्तर पर यह संज्ञान में आया है कि उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली 2006 के नियम 26 में प्राविधानित व्यवस्था का अनुपालन नहीं किया जा रहा जिससे शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है। उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली 2006 के नियम 26 में स्पष्ट उल्लेख है कि लेखपाल अपने हल्का के भीतर ही निवास करेगा।जब तक कि उसने अपने निवास से बाहर रहने की अनुज्ञा जिलाधिकारी से प्राप्त न कर ली हो।इस निर्देश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारियों को सौंपीं गई थी। अकेले मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में 107 लेखपाल मंडल क्षेत्र हैं। जिसमें 66 लेखपालों की तैनाती है। तैनात लेखपालों में न्यूनतम लेवल 3 द्वारा 800 और अधिकतम लेवल 7 द्वारा 1840 रुपए मकान किराया भत्ता प्रतिमाह लिया जाता है।जबकि लेखपाल अपने तैनाती क्षेत्र में निवास नही करते है।लेखपालों के क्षेत्र में निवास न करने के चलते सरकारी भूमि के सरंक्षण, फॉर्मर रजिस्ट्री सहित अनेको सरकारी कार्य समय पर पूरे नही हो पाते।किसानों को खसरा ,वरासत,जन्म प्रमाण पत्र तथा स्कूली बच्चों को आय,जाति, निवास आदि प्रमाण पत्रों के लिए लेखपालों से मिलने के लिए तहसील का चक्कर काटना पड़ता है।क्षेत्र पंचायत सदस्य अहिरौली सलोनी रीता शर्मा ने बताया कि मेरे गांव में लेखपाल कभी निवास नहीं करते।पारा धमथुआ के प्रधान का कहना है कि गांव में कभी लेखपाल ने निवास नही किया किसी घटना के होने पर सूचना देने पर आते है।कहते है कई गांवों का चार्ज है।तहसील क्षेत्र के अधिकांश ग्राम प्रधानों की माने तो तहसील क्षेत्र में तैनात लेखपाल अपने-अपने घरों से ही ड्यूटी करते हैं किसी भी गांव में लेखपाल निवास नहीं करता हैं।

इस संबंध में जब तहसीलदार मिल्कीपुर सुमित कुमार सिंह से जानकारी चाही गई तो बताया कि एक लेखपाल के पास कई गांव हैं लेखपाल अपने गांव में ही निवास करते हैं । फिलहाल सही स्थिति क्या है लेखपाल क्षेत्र में निवास करता है या बिना निवास किए ही मकान किराया भत्ता लेता है यह जांच का विषय है।

# बेनकाब होता पाकिस्तान

आतंकी तहव्वुर राणा के गिरफ्त में आने के बाद जिस तरह पाकिस्तान ने उससे अपना रिश्ता छिपाने की कोशिश की, उसे कनाडाई नागरिक और पाकिस्तान का भगोड़ा बताया, उससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की कोशिश पहले भी कर रहा था और अब भी वही कर रहा है। अमरीका ने वैसे पाकिस्तान की इस कोशिश को यह कहकर नाकाम कर दिया है कि तहव्वुर राणा पाकिस्तानी है और मुंबई हमले की साजिश में भी शामिल है। अमरीकी स्पष्टीकरण और पहले कसाब व अब राणा के गिरफ्त में आने से पाकिस्तान के गुनाहों से पर्दा उठ गया है। दरअसल 26/11 मुंबई आतंकी हमला एक बर्बर नरसंहार था। उसमें 166 लोग मार दिए गए थे। यह अलग बात है कि 9 आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया। करीब 300 लोग इस बर्बर हमले में घायल भी हुए थे। एक आतंकवादी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था, जिसे बाद में फांसी दे दी गई। पाकिस्तान ने ही उस नरसंहार की साजिश रची थी। इसका बुनियादी सबूत यह है कि साजिशकारों में तहव्वुर राणा भी शामिल था, जो पाकिस्तानी फौज में डॉक्टर था। साजिश और हमले के दौरान वह पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के मेजर इकबाल के लगातार संपर्क



में रहा। सोलह साल बात आतंकवाद का साजिशकर्ता तहव्वुर राणा भारत की गिरफ्त में है। इसलिए देश को राष्ट्रपति ट्रंप का आभारी भी होना चाहिए जिन्होंने इस आतंकी प्रत्यर्पण के लिए तमाम प्रशासनिक प्रक्रिया को पूरी करने के आदेश दिये। क्योंकि उनके प्रशासन के तहत ही राणा का प्रत्यर्पण संभव हो सका है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से ही अमरीका के साथ प्रयास शुरू कर दिए गए थे, लेकिन राणा ने वहां की सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई कि उसे भारत न भेजा जाये, क्योंकि उसे वहां की जेल में मारा जा सकता है, लेकिन नरसंहार की साजिश के साक्ष्य इतने पुख्ता थे कि अंततः अदालत ने प्रत्यर्पण के पक्ष में फैसला सुनाया। अब भारत में राणा के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत में केस चलेगा। राणा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, यूएपीए, भारत के खिलाफ युद्ध आदि की धाराओं के तहत केस चलेगा। बेशक बहुत देर हो चुकी है, लेकिन साक्ष्य आज भी जिंदा हैं। राणा भारत की गिरफ्त में है और सह-साजिशकार डेविड हेडली अब भी अमरीकी जेल में कैद है। उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। वह अमरीकी नागरिक है। हालांकि भारतीय एजेंसियां एक बार उसके साथ सवाल-जवाब कर चुकी हैं। उसी के बाद वह सरकारी गवाह किस्म का आरोपित बन गया था। भारत सरकार को उसे भी हासिल करने की कोशिशें छोड़नी नहीं चाहिए। बहरहाल एनआईए के आरोप-पत्र के मुताबिक, राणा ने भारत में ही हेडली से 231 बार संपर्क किया था। उन्होंने 8 रेकी मिशन भी चलाए थे और नरसंहार से पहले, अपने आखिरी मुंबई प्रवास के दौरान, राणा ने 66 फोन कॉल की थीं। राणा नवंबर, 2008 में ही दिल्ली में भी 11 दिनों तक ठहरा था। फिर पवई के एक होटल में रहा। आतंकी हमले से पहले राणा दुबई चला गया था। भारत सरकार का मकसद है कि अब तहव्वुर राणा के खुलासों के जरिए पाकिस्तान की आतंकी भूमिका, दुनिया के सामने पूरी तरह बेनकाब की जाये और यह एक बेहतर कूटनीति कही जा सकती है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि भारत सरकार ने अमरीकी प्रशासन को जो डोजियर भेजा था, उसमें राणा और हेडली के अलावा हाफिज सईद, जकीउर रहमान लखवी, इलियास कश्मीरी, साजिद मीर और आईएसआई के मेजर इकबाल से संबंधित ब्यौरे भी दिए गए थे। राणा को आईएसआई, हेडली और लश्कर-ए-तैयबा के बीच का संपर्क बताया गया था। अब इन खुलासों को भारत सरकार राणा के जरिए सत्यापित करना चाहती है ताकि पूरी दुनिया में पाकिस्तान के करतूतों को उजागर कर उसे अलग-थलग किया जा सके।

## विचार

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

# बेशुमार चुनौतियों के बीच स्वर्णिम अवसर



मनोज बाजपेयी

अमरीका ने रेसिप्रोकल टैरिफ नीति के तहत जिन देशों पर जवाब शुल्क लगाया है उनमें से 75 देशों पर लगाये अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ नीति का प्रभावित देशों पर क्या असर पड़ेगा इसको लेकर अब अर्थशास्त्रियों और आर्थिक अनुसंधान से जुड़ी एजेंसियों के अनुमान सामने आने लगे हैं। इस संदर्भ में अमरीकी क्रेडिट रेटिंग फर्म मूडीज ने भारत की जीडीपी पर 0.30 फीसद का नकारात्मक असर पड़ने का अनुमान लगाया है। मूडीज एनालिटिक्स ने गुरुवार को कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान को 30 आधार अंक कम करके 6.1 फीसदी कर दिया। यह अनुमान रत्न-आभूषण, चिकित्सा उपकरणों और वस्त्र उद्योगों पर अमेरिकी शुल्क के खतरे के मद्देनजर घटाया गया है। मूडीज के मुताबिक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका है। भारत से होने वाले आयात पर 26 फीसदी शुल्क लगाने से व्यापार संतुलन पर भारी असर पड़ेगा। मूडीज एनालिटिक्स ने ज्यादातर शुल्कों पर 90 दिनों की रोक और उनके स्थान पर 10 फीसदी की दर को स्वीकारते हुए कहा कि उसकी अप्रैल की आधार रेखा यह दर्शाती है कि यदि टैरिफ अंततः पूर्ण रूप से लागू हो गये तो इससे आर्थिक नुकसान होगा।

> जीडीपी वृद्धि दर में 30 बेसिस प्वाइंट की कमी कोई इतना बड़ा आंकड़ा नहीं है कि अर्थव्यवस्था पर पहाड़ टूट पड़ेगा। वह भी तब जबकि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता, अस्थिरता का माहौल है, अमरीका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ गया है और पूरी दुनिया अमरीकी टैरिफ पॉलिसी से हतप्रभ होकर नये विकल्प तलाशने को बाध्य है।

भारत की जीडीपी वृद्धि दर में 30 बेसिस प्वाइंट की कमी कोई इतना बड़ा आंकड़ा नहीं है कि हमारी अर्थव्यवस्था पर पहाड़ टूट पड़ेगा। वह भी तब जबकि वैश्विक स्तर पर जिस तरह की अनिश्चितता, अस्थिरता का माहौल बना है। अमरीका और चीन के बीच एक तरह से व्यापार युद्ध छिड़ गया है और पूरी दुनिया अमरीकी टैरिफ पॉलिसी से हतप्रभ होकर नये विकल्प तलाशने, को बाध्य है। अर्थशास्त्री इस अनिश्चि माहौल के बीच वैश्विक जीडीपी में तीन फीसद तक गिरावट की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ऐसे में अगर हम मूडी के निष्कर्षों को शत्-प्रतिशत सही भी मान लें तो जीडीपी ग्रोथ में 30 बेसिस प्वाइंट की कमी इतना बड़ा आंकड़ा नहीं है कि पूरी अर्थव्यवस्था हिल जाये। बदलती विश्व व्यापार व्यवस्था भारत के लिए निश्चय ही बड़ी चुनौती है लेकिन यह चुनौतियां हमारे लिये अवसर भी लायेंगी। इस संदर्भ में सरकार जहां नये व्यापारिक अवसरों के लिए अनेक देशों के




साथ 'ट्रेड डील' के लिए वार्ताएं कर रही है, तो दूसरी तरफ आरबीआई ने भी महंगाई के आंकड़े नीचे आने के साथ ही ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। इस साल अब तक 25-25 बेसिस प्वाइंट की दो बार कटौती की जा चुकी है। यह उचित भी है क्योंकि रूस-यूक्रेन टकराव के साथ जिस तरह आरबीआई ने सख्त मौद्रिक नीति लागू की थी उससे प्राइवेट कैपेक्स पर गंभीर असर पड़ रहा था। आखिरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक आसान एवं सहज मौद्रिक नीति व्यवस्था की तरफ कदम बढ़ा दिया है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन बुधवार को रेपो रेट 25 आधार अंक घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। वित्त वर्ष 2025-26 में एमपीसी की यह पहली द्विमासिक बैठक थी। फरवरी के बाद मौद्रिक नीति में लगातार दूसरी बार कमी की गई है। रेपो दर में कमी अहम है किंतु इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आरबीआई ने मौद्रिक नीति का रुख बदल दिया है और इसे 'तटस्थ' की जगह 'उदार' अर्थात विकासपरक बना दिया है। एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने ये दोनों ही निर्णय आपसी सहमति से लिए हैं।

## विमर्श

एमपीसी की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जो कहा उससे स्पष्ट है कि मौद्रिक नीति का रुख उदार बनाने का मतलब है कि केंद्रीय बैंक ब्याज दरें नरम रखकर अर्थव्यवस्था को ताकत देने के लिए तैयार है। यानी भविष्य में नीतिगत दरों में और कमी हो सकती है। उदार मौद्रिक नीति, ब्याज दरों में कटौती और कैपेक्स बढ़ने से अमरीकी झटके से हमारी अर्थव्यवस्था निकलने में सफल होगी। फिलहाल 2025 में अब तक दो बार ब्याज दरों में कटौती की जा चुकी है और अ ब विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं इसी वित्त वर्ष में 50 से 75 बेसिस प्वाइंट की और कटौती हो सकती है। आरबीआई ने आखिरी बार जून 2019 में मौद्रिक नीति का रुख तटस्थ से उदार कर दिया था। उस समय केंद्रीय बैंक ने रेपो दर 25 आधार अंक घटाकर 5.75 प्रतिशत कर दी थी। आर्थिक सुस्ती से जुड़ी चिंता और अनुकूल मुद्रास्फीति के बीच अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए आरबीआई ने यह कदम उठाया था।

इससे पहले फरवरी 2017 से आरबीआई ने तटस्थ रुख अपना रखा था। अक्टूबर 2024 में आरबीआई ने अपना रुख 'प्रोत्साहन वापस लेने' की जगह 'तटस्थ' कर दिया था मगर रेपो दर 6.5 प्रतिशत के स्तर पर अपरिवर्तित रखा था। यानी रुख में बदलाव के साथ आरबीआई ने भविष्य में नीतिगत दर में कटौती के संकेत दे दिए थे। ब्याज दरों में कटौती के मौजूदा दौर में पहली बार फरवरी में ब्याज दर में कमी की (मई 2020 के बाद पहली बार) गई थी। उदार मौद्रिक नीति एवं ब्याज दर में कटौती की उम्मीद तो सभी को थी मगर वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए व्यापार युद्ध के बीच आरबीआई रुख में बदलाव करेगा या नहीं इसे लेकर अर्थशास्त्रियों की राय मेल नहीं खा रही थी। ऐसे में आरबीआई ने अपने रुख में बदलाव क्यों किया?

इसका कारण बिल्कुल साफ है। आर्थिक वृद्धि दर-मुद्रास्फीति समीकरण अब बदल चुका है। मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और अर्थव्यवस्था की गति धीमी हो गई है। इसे देखते हुए आरबीआई नियंत्रित मुद्रास्फीति के बीच आर्थिक वृद्धि दर को बढ़ावा देना चाहता है। वैसे भी जब कीमतें स्थिर हैं और कच्चे तेल की कीमतें लगातार कम हो रही हैं, जो कि महंगाई में बड़ी भूमिका निभाती हैं, तब आरबीआई के पास बड़ा मौका है कि वह ब्याज दरों में कटौती करके, वित्तीय तंत्र में तरलता को बढ़ाकर निवेश को प्रोत्साहित करे। इससे वैश्विक अनिश्चितता के बीच अर्थव्यवस्था के सामने जो चुनौती आयी है उससे निपटने और चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी और बुनियादी संरचना संबंधी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि का अनुमान भी 20 आधार अंक घटा कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। तिमाही आधार पर जीडीपी पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत के साथ बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। इस तरह अगर आरबीआई के प्रोजेक्शन को देखा जाये तो हमारी अर्थव्यवस्था में कोई बहुत उतार-चढ़ाव अधिक नहीं नजर आ रहा है। वैश्विक स्तर पर खराब माहौल जो बना है उसका कुछ असर जरूर है। इसीलिए जीडीपी अनुमान में आरबीआई ने 20 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है, तो मूडीज का अनुमान भी 30 बेसिस प्वाइंट की कमी का है। दूसरी तरफ आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति का अनुमान भी घटा दिया है। फरवरी में प्रमुख मुद्रास्फीति दर बढ़ी थी मगर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली बढ़ोत्तरी, कच्चे तेल के दाम में गिरावट और सामान्य मॉनसून की उम्मीदों के बीच चालू वित्त वर्ष में आरबीआई ने सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है और यह उचित भी है। इस तरह स्थिर कीमतें, नियंत्रित मुद्रास्फीति और कच्चे तेल के दाम गिरावट हमारे लिए बड़े अवसर पैदा करती है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बिहार के पूर्व सीएम श्रद्धेय बीपी मंडल की पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि, सामाजिक न्याय में उनका योगदान हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। केशवप्रसाद मौर्य.



राज्य कर्मचारियों के हितों का संरक्षण शीर्ष प्राथमिकता है, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि की है। सीएम योगी.



करछना में सामंती तत्वों द्वारा एक दलित की नृशंस हत्या की घटना चिंताजनक व दुखद है, सरकार बेलगाम हो रहे आपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर कानून का राज कायम करे। मायावती.



# भोग प्रधान संस्कृति

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो।

अंतर्दृष्टि

अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं।

# गरीबी मिटाने का तरीका


व्यंग्यलोक

पांच सितारा कहलाने वाली हिलटॉप जगह पर देश की गरीबी के विनाश पर चिन्तन शुरू किया गया। गरीबी मिटाने का बजट आया हुआ था। बजट के पूरे उपयोग के लिए चिन्तन गोष्ठी में गरीबी से रूबरू होने के लिए फील्ड विजिट का कार्यक्रम बनाया गया, जिससे आस-पास के पर्यटक स्थलों की सैर भी गोष्ठीधिपति कर सकें। मिनरल वाटर स्नान व ड्राइ फ्रूट भोग से गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में डिसीजनों की भरमार हो गई थी। गरीबी के विनाश के लिए देश के समस्त मल्टीप्लेक्स को पाबंद किया कि शो प्रारंभ होने से पहले गरीबी मिटाने के आकर्षक संदेशों को एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में दिखाया जाये। हर एक सरकारी समारोह समाप्ति पर गरीबी भगाएंगे का गाना जरूर गाया जाए। खाद्य एवं नागरिक रसद विभाग राशन कार्डों पर गरीबी मिटाने के नारों को मल्टी कलर में मुद्रित करे। उचित व अनुचित मूल्यों की दुकानों पर पोस्टरों, दीवार चित्रों, स्लोगनों और टिन प्लेटों आदि द्वारा गरीबी मिटाने से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पंचायत केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद, आयुर्वेद औषधालय, पटवारी घर, कृषि केंद्र व स्कूल भवनों पर गरीबी मिटाने के नारों को आकर्षक तरीके से लिखवाने की व्यवस्था कराएं। शिक्षा विभाग समस्त टीचरों को निर्देशित करे कि वे हर माह की दस तारीख को देश के सभी स्कूलों में दस बजे 10 नारे गरीबी के विरुद्ध जरूर लगाएं। 10 तारीख 10 बजे 10 नारे कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जाए। एक विशाल प्रभात फेरी निकालें जिसमें सभी बच्चे, शिक्षक व प्रधानाध्यापक गांव की प्रत्येक गली को गरीबी मिटाने के नारों से गुंजायमान कर दें। हर महीने रैली निकालने के कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जाए। सहकारिता विभाग अपने सदस्यों को गरीबी दूर करने के लिए समझाए। समस्त प्रकार की सहकारी समितियां दीवार चित्र, बड़े होर्डिंग व पैम्फलेटों की सहायता से गरीबी मिटाने का प्रचार-प्रसार करें। यातायात विभाग अपने सभी वाहनों पर गरीबी मिटाने के संदेश आकर्षक तरीके से लिख दें। यातायात विभाग को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी सरकारी वाहन को पकड़कर उन पर गरीबी मिटाने के संदेश लिख दें। राजस्व विभाग अपने पटवारियों को निर्देशित करें कि वे अपने संपर्क में आने वाले ग्रामीणों से गरीबी छोड़ने की गुहार करें। पत्रकारों को गरीबी मिटाने के ऐसे प्रयासों की खबर प्रसारित करने के लिए उकसाएं। अखबार व टेलीविजन में सरकार गरीबी मिटाने के विज्ञापन दें। जन स्वास्थ्य विभाग पानी के बिलों व पानी की टंकियों पर गरीबी खत्म करने के नारे लिखवाए। जिला कलेक्टर इन सभी कार्यों की बार-बार मीटिंग लें व समीक्षा करें, ताकि गरीबी की जड़ पर प्रहार किया जा सके।



राम विलास जॉगिड़

# शोषितों, वंचितों के मसीहा थे डॉ.भीमराव आंबेडकर



जयंती आज

अरुण कुमार दीक्षित

डॉ. भीमराव आंबेडकर युग पुरुष थे। वह वंचितों के पुरुषार्थ थे। सर्वहारा वर्ग के तारणहार थे। उनके शब्द सामाजिक रूप से तिरस्कृतों के लिए जीवन की आशा बने। उनके शब्द पीड़ितों को संघर्ष के लिए खड़ा होने की ऊर्जा देते हैं। डॉ.आंबेडकर ने जाति व्यवस्था पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि जहां तक वर्ग हित और राष्ट्र हित में चयन करना हो तो मैं वर्ग के हित के लिए काम करूंगा। डॉ. अम्बेडकर सही मायने में अछूतोद्धार करना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने जाति, वर्ण व्यवस्था को भारतीय ग्रन्थों में खोजा। वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि वर्ण और जाति व्यवस्था न तो ब्राह्मणों की बनाई है और न ही लागू की है।

डॉ.आंबेडकर भी जाति विहीन समाज के लिए काम कर रहे थे। संघ व्यक्तियों में जातियां नहीं खोजता है। जातियों को उभारता नहीं है। राजनीति जातियों में वोट खोजती है। महापुरुष जाति नहीं पूछते। वे मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च मानते हैं। राजनीति महापुरुषों को अपने खांचे में लाकर अपना प्राणतत्व वोट खोजती है। उन्हें अपना आदर्श बताकर पोलिंग एजेंट बनाती है। राजनीतिक दलों के अलग-अलग महापुरुष हैं। इन राजनीति क दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा महापुरुषों को अपशब्द भी कहे जाते हैं। यह दुर्व्यवहार अब बंद होना चाहिए। छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, डॉ. राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, बाल गंगाधर तिलक ,गोपालकृष्ण गोखले, पं. जवाहर लाल नेहरू, पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभी राष्ट्र के शिखर पुरुष हैं। डॉ. अम्बेडकर वंचितों के अधिकारों के लिए काम कर रहे थे। डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि भारत को अंधकार, पराजय और अधोगति का शिकार होना पड़ा। उनका विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। जाति ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है ,एक मनःस्थिति है। लोगों के दिमाग को साफ किया जाए। तभी वह जाति-पांति का भेदभाव बंद करेंगे। उन्हें उपनिषदों के उन सिद्धांतों को ग्रहण करने में कोई आपत्ति नहीं थी, जो स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व की भावना के अनुरूप थे, लेकिन हिंदू समाज में पूर्ण परिवर्तन होना चाहिए। इसका अर्थ होगा, जीवन के मूलभूत दृष्टिकोण में पूर्ण परिवर्तन जीवन मूल्यों में आमूल परिवर्तन,, यह भाषण 1936 में प्रकाशित हुआ था। डॉ. आंबेडकर महात्मा फुले से प्रभावित थे। उनसे प्रेरित होकर उन्होंने जनसाधारण के लिए समाज में कार्य करना आरंभ किया। उन्होंने शिक्षा के बल पर ही अस्पृश्य जातियों के उत्थान का मार्ग दिखाया। एक बार पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि डॉ. आम्बेडकर हिंदू समाज के अत्याचार पूर्ण तत्वों के प्रति विद्रोह के प्रतीक थे। शासन में उनके प्रतिनिधित्व के लिए लगातार संघर्ष किया। वे दलित वर्गों के आत्म सुधार में विश्वास करते थे। वह समानता का सिद्धांत मानते थे। उनका कहना था कि मनुष्य में केवल राजनीतिक समानता और कानून के समक्ष समानता स्थापित कर समानता के सिद्धांत को पूरी तरह सार्थक नहीं किया जा सकता। जब तक उनमें सामाजिक, आर्थिक समानता स्थापित नहीं की जाती है, तब तक उनकी समानता अधूरी रहेगी।

राजनीति में तो हम एक व्यक्ति-एक वोट- एक मूल्य के सिद्धांत को मान्यता प्रदान कर देंगे परंतु सामाजिक और आर्थिक ढांचा इस ढंग से नहीं बदल जाएगा, जिससे एक व्यक्ति - एक मूल्य के सिद्धांत को सार्थक किया जा सके। उन्होंने कहा था कि मैं धर्म पर विश्वास रखता हूं। धर्म के मूल्यों के बिना समाज का संघर्ष ईष्यालु तथा सत्ता प्राप्त करने वाले लोगों का एक क्षुद्र संघर्ष बन जाएगा। धर्म पर उनका बड़ा विश्वास था। डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व बड़ा क्रांतिकारी है। वे कहते हैं कि मैं किसी भी प्रकार की (हीरो वर्शिप) नायक पूजा में विश्वास नहीं रखता। व्यक्तियों की पूजा मत करो। वे अपना जन्मदिन मनाने वालों को मना करते हैं। वे अपने लिए प्रतिष्ठा चाहने और मांगने वाले नहीं थे। आधुनिक राजनेताओं और दलों मोर्चों, जातीय संगठनों को डॉ. आंबेडकर के ज्वलंत विचारों पर दृष्टिपात करते हुए स्वयं को एक बार जरूर निहारना चाहिए कि किस तरह वे राष्ट्र समाज के लिए काम कर रहे थे। वर्तमान में जातियां राजनीति के माध्यम से मजबूत हो रही हैं। यह बात अलग है कि कार्य स्थलों पर जाति टूटी है। भारत से जातिवादी और वर्गवादी संगठन अब विदा होने चाहिए।

## आपकी बात

### भूकंप की बढ़ती त्रासदी

दुनिया के सामने भूकंप जैसी आपदा बड़ी मानवीय त्रासदी लेकर आती है। इसलिए इससे निपटने के लिए पूरी दुनिया को एकजुट होकर काम करना चाहिए। ताइवान से लेकर अमरीका तक एक बार फिर भूकंप से हिल गये। हाल के वर्षों में लगातार भूकंप की घटनाएं बढ़ रही है। मानव सभ्यता पर भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाएं बड़ा खतरा बन गयी हैं। मानव सभ्यता के अनेक विकसित स्वरूप, गगनचुम्बी इमारतें, स्कूल, कालेज, अस्पताल, मॉल और बड़े-बड़े कारपोरेट चैंबर देखते ही देखते ध्वस्त हो गये। प्रकृति के क्रोध के सामने एक बार फिर मानव समाज बौना साबित हुआ। गृहयुद्ध से प्रभावित सीरिया और तुर्किए में 7.8 की तीव्रता से आया भूकंप और इसके बाद 7.6 और 6 की तीव्रता वाले दो तगड़े ऑफ्टर शॉक्स और 4-5 की तीव्रता वाले करीब 80 ऑफ्टर शॉक्स ने तुर्की और सीरिया को हिलाकर रख दिया। जापान तो जैसे भूकंप पर ही बसा है। भारत में भी लगातार भूकंप आ रहे हैं। बीते साल भूकंप की त्रासदी झेल रहे तुर्की और सीरिया की मदद के लिए भारत सरकार ने बचाव दल, खोजी कुत्ते, दवाएं और राहत सामग्री भेजकरउसकी मदद की। संकट में किसी भी देश की मदद करना, राहत सामग्री भेजना भारत सरकार का सही फैसला है। यह भूकंप पिछले सात-आठ दशकों में आया सबसे तकड़ा भूकंप था। यह भी कि 1939 में और 1999 में जब भूकंप आया था तो उसमें भी बड़ी संख्या में जनहानि हुई थी। तुर्किए के अधिकांश शहर भूकंप की संवेदनशीलता के लिहाज से जोन चार में हैं। जापान सबसे संवेदनशील माना जाता है। भारत में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी जोन चार में आती है। इसलिए यह जरूरी है कि शहरों का निर्माण और विकास इस तरह से हो भूकंप से हानि कम से कम हो। भूकंप की दृष्टि से महाराष्ट्र, उत्तराखंड और दिल्ली भी बहुत संवेदनशील हैं। यहां भी भूकंप जैसी आपदा आने पर बड़े नुकसान की स्थिति बन सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि प्राकृतिक आपदाओं का इंतजार करने के बजाय अभी से भूकंप रोधी भवन बनाने के साथ ही निर्माण क्षेत्र में ऐसी इंजीनियरिंग और तकनीक विकसित करने की जाये जिसमें प्राकृतिक आपदा की स्थिति में कम से कम नुकसान भी हो। फिलहाल विकास की जो अंधी दौड़ चल रही है उसमें ऐसा लगता है कि इंसान प्राकृतिक संकट की जद में आता जा रहा है। आखिर बहुमंजिली बिल्डिंगों में भूकंप से कैसे रक्षा होगी। यह सोचने का विषय है।

**आनंद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### अपराधियों पर लगे लगाम

देश में महिलाओं की सुरक्षा दिनोंदिन एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। यह देश के लिए बड़े चिंता और शर्म की बात है। कड़े कानून के बावजूद अपराध कम नहीं हो रहे हैं। हाल के वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक के बाद एक कानून पास किये गये हैं ताकि घर से लेकर कार्य स्थलों तक महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता बनाया जा सके। लेकिन देखने में आ रहा है कि दिनोंदिन महिलाओं के खिलाफ अपराध न सिर्फ बढ़ रहे हैं बल्कि अपराध क्रूर से क्रूरतम एवं नृशंस होते जा रहे हैं। दुराचार, हत्या, दहेज हत्या से लेकर घरेलू हिंसा और कार्य स्थलों तक पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा के लिए न सिर्फ कानून का स्पष्ट और कठोर होना जरूरी है बल्कि सुरक्षा लायक माहौल बनाने के लिए भी रचनात्मक प्रयास करने की जरूरत है। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न तो बहुत आम बात हो चुका है। हालांकि विशाखा गाइडलाइन से लेकर तमाम कानून बने हैं जिसमें महिलाओं को प्रसूति लाभ आदि भी शामिल है लेकिन यह सब केवल सरकारी जगहों पर या कुछ बड़े कारपोरेट नौकरियों में ही मिलता है। अधिकतर में सरकारी कानूनों का कोई पालन नहीं होता है। महिलाओं के सामने यह सब चुनौती है।

**प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, बाराबंकी.**

संक्षेप

## 16 अप्रैल को महिला आयोग सदस्य करेगी जनसुनवाई

बाराबंकी। उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने व महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा को लेकर आगामी 16 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति जनसुनवाई करेंगी। इसके उपरान्त महिला आयोग सदस्या द्वारा बालिका, महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

## महापौर ने बूथ अध्यक्षों में वितरित की आंबेडकर प्रतिमा

अयोध्या। महानगर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती को पूरी भव्यता के साथ मनाने के लिए महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बूथ अध्यक्षों में बाबा साहब की प्रतिमा वितरित की। जयंती कल मनाई जाएगी। अयोध्या महानगर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती को पूरी भव्यता के साथ मनाने के लिए बूथ अध्यक्ष को महापौर ने बाबा साहब की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता लाने और देश को एक सशक्त संविधान देने में आम भूमिका निभाई है। उनकी जयंती को धूमधाम से मनाना हम सभी का कर्तव्य है। बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र संयोजक को 360 प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, मंडल अध्यक्ष बाल कृष्ण वैश्य भी उपस्थित थे।

## कथा सुनने से अज्ञानता का नाश होता है: तुलसीराम शास्त्री

गोसाईंगंज-अयोध्या। प्रभु की कृपा से यदि हम किसी अच्छे कार्य को करने का प्रयास करते हैं तो सफलता जरुर मिलती है ।दृढ़ संकल्प से हम किसी मंजिल को आसानी से हासिल कर सकते हैं। कथा सुनने से अज्ञानता का नाश होता है ।उक्त बातें डाकखाना गली गोसाईंगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं तुलसीराम शास्त्री ने श्रोताओं के सम्मुख कही। उन्होंने सृष्टि विस्तार और ध्रुव चरित्र के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहाकि अपनी सौतेली माता के बच्चों से आहत ध्रुव अपनी मां सुनीति से मिले। मां सुनीति ने उन्हें प्रभु के चरणों में ध्यान लगाने को कहा ।मात्र पांच वर्ष की अवस्था में ध्रुव तप करने के लिए राजमहल छोड़ दिया और वन को प्रस्थान कर गये ,रास्ते में नारद ने उन्हें भगवान विष्णु का यह मंत्र ओम नमो भगवते वासुदेवाय जपने को कहा। उनकी कठोर तपस्या से भगवान खुश हो गये और उन्हें दर्शन देकर उनके जीवन को धन्य बना दिया। इसलिए प्रत्येक मां, पिता को बचपन में ही बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें अध्यात्म की तरफ मोड़ देना चाहिए,ताकि यह राष्ट्र विश्व गुरु बन सके ।इस अवसर मुख्य यजमान रामजी गुप्ता, सहयजमान शिवशंकर गुप्ता, गोपीनाथ अंगियार,राजेश अंगियार, शशिकांत अँगियार, रामजी फैंसी,अनूप गुप्ता,विवेक अंगियार आदि श्रोता उपस्थित रहे।

# अयोध्या में सरकार बनवा रही एसटीएफ कार्यालय

- नौ करोड़ की लागत से चल रहा चार मंजिला भवन का निर्माण
- राम मंदिर व अन्य महत्वपूर्ण प्लेस को देखते हुए बनवाया जा रहा भवन
- अब तक 80 फीसदी कार्य हो चुका है पूरा, सितंबर तक हैंडओवर करने की तैयारी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को न केवल धार्मिक, बल्कि प्रशासनिक और सुरक्षा के लिहाज से भी मजबूत करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में शहर के अशर्फी भवन के बगल गोलाघाट मार्ग पर स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के एक अत्याधुनिक कार्यालय का निर्माण कार्य जोरों पर है। लगभग 1995.12 वर्ग मीटर क्षेत्र में बन रहे इस चार मंजिला भवन पर करीब 9 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो यह भवन इसी वर्ष सितंबर के अंत तक एसटीएफ को हैंडओवर कर दिया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का दायित्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपा गया है, जो निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने में जुटा है।यह भवन अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अयोध्या, जो अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है, वहां बढ़ती पर्यटक और तीर्थयात्रियों की संख्या के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऐसे में एसटीएफ का यह कार्यालय क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने और अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों में अहम योगदान देगा। भवन का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि यह आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के साथ-साथ कार्यक्षमता और पर्यावरण के अनुकूल भी हो। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सीडी टू उमेश चन्द्र ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। वर्तमान में भवन में प्लास्टर का कार्य चल रहा है, भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की सुविधा भी की गई है, ताकि कर्मचारियों और आगंतुकों को किसी तरह की असुविधा न हो।

अयोध्या में पहले से ही कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें राम मंदिर का निर्माण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, और अन्य पर्यटन संबंधी योजनाएं शामिल हैं। एसटीएफ कार्यालय का निर्माण इन सभी योजनाओं के साथ मिलकर शहर को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। यह भवन न केवल सुरक्षा बलों के लिए एक केंद्र होगा, बल्कि यह स्थानीय प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आने वाले समय में अयोध्या में बढ़ने वाली गतिविधियों को देखते हुए इस तरह के ढांचागत विकास बेहद जरूरी हैं। योगी सरकार की इस पहल को स्थानीय लोग भी सराह रहे हैं। उनका मानना है कि यह कार्यालय न केवल अपराध पर लगाम लगाएगा, बल्कि शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायक होगा। एसटीएफ कार्यालय का भवन आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें हाई-स्पीड इंटरनेट, सीसीटीवी निगरानी, और आपातकालीन स्थिति के लिए विशेष कंट्रोल रूम की व्यवस्था होगी। साथ ही, भवन में ऊर्जा संरक्षण के लिए सोलर पैनल और रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी स्थापित करने की योजना है। यह भवन पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल होगा, जो सरकार की हरित नीतियों के अनुरूप है।

राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही है। एसटीएफ कार्यालय के बनने से न केवल स्थानीय पुलिस को सहायता मिलेगी, बल्कि यह केंद्र और राज्य सरकार की सुरक्षा योजनाओं को लागू करने में भी मदद करेगा।

## उमरहर गांव में सड़क की बदहाली, आम जन बेहाल

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा अंतर्गत अमानीगंज विकासखंड के उमरहर गांव की सड़कें इन दिनों गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिसके कारण लगभग 6 हजार की आबादी को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह गांव, जो अपनी कृषि और सामुदायिक एकता के लिए जाना जाता है, अब सड़कों की जर्जर स्थिति के कारण चर्चा में है। ग्राम प्रधान अजीत सिंह का कहना है कि सड़कों की मरम्मत के लिए जनप्रतिनिधि सहित जिम्मेदारों से बार-बार शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्राम प्रधान के अनुसार लगभग ढाई किलोमीटर सड़क पर जगह जगह गड्ढे है दो जगह पुलिया टूटी हुई है, सड़क लगभग 20 साल पहले बनी है और लगभग नौ साल पहले मरम्मत का कार्य हुआ था, तब से किसी ने इस सड़क की सुधि नहीं ली आने जाने के लिए सिर्फ एक ही सड़क है उमरहर गांव के साथ साथ अन्य गांवों के लोग इसी रास्ते का प्रयोग करते हैं। गढ्ढा मुक्ति अभियान के तहत भी इस सड़क पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं गया। किसी रास्ते से लोग रोजमर्रा के काम के लिए आसपास के बाजारों में आते जाते हैं तथा बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है कई बच्चे चोटिल हो चुके हैं।

बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क कीचड़ और फिसलन भरी हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को अक्सर हादसों का सामना करना पड़ता है। पैदल चलने वाले लोग, खासकर बच्चे और बुजुर्ग, इन गड्ढों के कारण चोटिल होने के डर में जी रहे हैं।

# कॉर्डियोलॉजी की सुविधाओ को करेंगे अत्याधुनिकः डॉ. ऋषि सेठी

## जनपद प्रथम आगमन पर लारी विभागाध्यक्ष का समाजसेवियों ने किया स्वागत





बाराबंकी। किंग जार्ज मेड़िकल यूनिवर्सटी लारी कार्ड़ियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष व प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डा0 ऋषि सेठी ने कहा कि जनपद बाराबंकी मे कार्ड़ियोलॉजी की सुविधाओ को अत्याधुनिक करने के लिये वह अपने विभागाध्यक्ष कार्यकाल मे हर सम्भव प्रयास करेगे। प्रो0 डा0 श्री सेठी विभागाध्यक्ष बनने के बाद जनपद प्रथम आगमन पर जिला पंचायत सभागार मे आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने आगे कहा कि जनपद से उनका विशेष लगाव भी है। पारिवारिक रिश्तेदारिया होने के साथ समाजसेवी नवीन सेठ उनके छोटे भाई है। प्रेस वार्ता से पहले सांसद तनुज पुनिया सदर विधायक धर्मराज सिंह सुरेश यादव का आयोजन मंडल द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रो0 डा0 सेठी का समाजसेवी देव कुमार गुप्ता, अवधेश यादव, संदीप कुमार यादव, सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, सरदार कंवर सिंह, प्रित्युषकंात शुक्ला, शुभम अग्रवाल, अकशिव गुलसिया, अवधेश टण्ड़न, शरद सेठ, गजराज यादव, नीरज वर्मा आदि ने बूके देकर स्वागत किया।

# धूमधाम से मनेगी डॉ.आंबेडकर की जयंती



बहराइच। अंबेडकर जयंती के अवसर पर शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट, विकास भवन, नगर पालिका आदि सभी कार्यालयों के साथ-साथ जनपद के समस्त विकास खंड, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत इत्यादि स्थानों पर उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सरकार की मंशा के अनुरूप इस वर्ष दिनांक 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक पूरे जनपद में ष्हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानष की टैगलाइन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संविधान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, प्रभात फेरी, चर्चा-परिचर्चा, व्याख्यान आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और छात्र-छात्राओं व आम जनमानस को बाबा साहब की जीवनी से अवगत कराते हुए बाबा साहब द्वारा कृत उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त अवधि में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम स्थलों पर मूलभूत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु व्यापक प्रबंध समय से पूर्ण कर लिए जाएं जिससे कार्यक्रम में सहभागिता करने वालों तथा आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। जिलाधिकारी के निदेशानुसार जनपद के सभी विकास खंड, नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अंबेडकर पार्कों, प्रमुख चैराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, साज-सज्जा व रौशनी का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है।

## आज से 28 अप्रैल तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बहराइच। भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल 2025 को जनपद में विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी एवं गुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर दिनांक 14.04.2025 से 28.04.2025 तक 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा जिसे जनपद में उत्सव के रूप में मनाया जायेगा, कार्यक्रम की तैयारी हेतु शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका/नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास खण्डों में स्थित अम्बेडकर पार्कों की गहन सफाई, रंगाई-पुताई तथा सौंदर्गीकरण का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये इसके साथ ही जनपद में निर्मित सभी अमृत सरोवरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य भी पूर्ण होगा।

## एएसपी ने एंटी रोमियो टीम के साथ की गोष्ठी, दिये आवश्यक दिशा- निर्देश



बाराबंकी। पुलिस लाइन सभागार मे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने कुल 23 थानों पर नियुक्त एण्टीरोमियो टीम के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी मे अपर पुलिस अधीक्षक ने एण्टीरोमियों टीम को निर्धारित रूट चार्ट के माध्यम से बस, टैक्सी, ई-रिक्शा आदि परिवहन के साधनों में अश्लील गीत बजाने वालों की चेकिंग करने, स्कूल/कालेज के बाहर छुट्टी के समय अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों, धार्मिक स्थलों, बैंक, बस स्टेशन, प्रमुख चैराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व अपने-अपने क्षेत्र के स्कूल, कालेजों व बीट में प्रतिदिन जाकर ग्रामीण महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रभारी थाना एएचटी-एसजेपीयू बृजेश कुमार यादव सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान चित्रगुप्त मंदिर में प्रकट उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



बाराबंकी। गुलरिया गार्दा स्थित प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त प्रकट उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, विधायक सुरेश यादव ने संयुक्त रुप से आरती की। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रसिद्ध भजन गायक बड़कऊ गीत मंडली द्वारा गणेश वन्दना के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 नवनीत कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त युगपिता ब्रम्हा की काया से उत्पन्न होने के कारण उनका कुल कायस्थ कहलाता है। हर व्यक्ति के हृदय में स्थित होने के कारण इन्हें चित्रगुप्त भगवान व चित्रांश के नाम से जाना जाता है। अन्त में गीत मंडली द्वारा फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर मयंक श्रीवास्तव, डा0 सुशांत श्रीवास्तव, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक श्रीवास्तव, निखिल निगम, जिला टैक्स बार अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य, विनय श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिन्हा, विकास किशोर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बिजली निजीकरण के खिलाफ 17 को प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी भाकपा



बाराबंकी। बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उसके पीछे मंशा यह कि कौडियों के दाम बेचकर पीछे से मोटी रकम ले ली जाए। संघ नियंत्रित और प्रशिक्षित भाजपा सरकार ने देश भर कई हजार करोड़ रुपये के कार्यालय बनवाए है। वह इसी तरह के रकम से बनवाए है। उक्त बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय पर बिजली निजीकरण के विरोध में आयोजित प्रेस वार्ता मे भाकपा राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने मीड़िया से रुबरु होते हुये व्यक्त किये। राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने आगे कहा कि पार्टी बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदेश भर 17 अप्रैल को आंदोलन करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि निजीकरण करने के पीछे एक मंशा यह भी है कि लाखों संविदा कर्मियों को मनचाहे रेट पर कार्य करने के लिए लिए मजबूर किया जा सके। सरकार नौकरियाँ को समाप्त करने के लिए विख्यात है। प्रेस वार्ता मे परवीन कुमार, पार्टी सचिव बृजमोहन वर्मा, शिवदर्शन वर्मा, दीपक कुमार, मो0 कदीर, अमर सिंह, महेन्द्र यादव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, मुनेश्वर गोस्वामी, प्रेमचन्द वर्मा, ज्ञानेश्वर वर्मा, संदीप तिवारी, दीपक शर्मा, किसान सभा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## चेन्नई सुपर किंग के कप्तान ने मैच के पहले रामनगरी में किया दर्शन



अयोध्या। आईपीएल के 30 वें मैच में सोमवार को लखनउ इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स की भिड़त होगी। इससे पहले रविवार को चेन्नई सुपर किंग के कप्तान ऋतुराज गायकवाड अपने परिवार अयोध्या पहुंचे। उनके साथ टीम के खिलाड़ी रामा कृष्णा घोष और विजय शंकर भी थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच महाबली हनुमान का आशीर्वाद लिया। इसके बाद अपनी टीम के साथ रामजन्मभूमि मंदिर पहुंच कर रामलला का दर्शन किया। राममंदिर परिसर में धूम कर मंदिर के विषय में जानकारी ली। सभी लगभग 40 मिनट तक अयोध्या में रहे उसके बाद लखनउ के लिए रवाना हो गए। मीडिया से बातचीत में टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर के एस विश्वनाथन ने कहा- फैंटास्टिक, राम मंदिर अद्भुत है। दर्शन कर हम सभी को बहुत अच्छा लगा। खुशी है कि यहां आने का मौका मिला। बहुत अच्छे से दर्शन हुए।

# गर्भगृह में स्थापित होगी रामेश्वरम में पूजा करते राम की आकृति

- पिकनिट स्पॉट के तर्ज पर नही होगी राममंदिर की लाइटिंग
- शिखर निर्माण आखिरी चरण में, शुरू होगा कलश लगाने का कार्य

अयोध्या। रामजन्म भूमि मंदिर के भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक सर्किट हाउस में हुई। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक के बाद चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष निपेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रथम तल गर्भगृह के उपर रामेश्वरम्में भगवान श्री राम द्वारा शिव पूजन की कलाकृति स्थापित की जाएगी। यह दक्षिण को उत्तर से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण है। रामजन्मभूमि के मूर्तिकार वासुदेव कामत ने कलाकृति लगने का स्थान देखा। जिस कला से साथ इसे बनाया गया है वह इसके लिए उपयुक्त स्थान है। उन्होंने बताया कि वासुदेव कामद के द्वारा परकोटे में लगाए जा रहे म्यूरल्स का भी परीक्षण किया गया। रविवार को भी परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिसर के अंदर सप्तमंदिर में स्थापित होने वाली सातों प्रतिमाएं रविवार-सोमवार तक मंदिर परिसर में पहुंच जाएंगी। उन्हें उनके मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा। जिसकी तिथियां तय कर दी गई हैं। सप्तमंदिर में स्थापना के बाद परकोटा में स्थापित होने वाली भगवान साधु संतों और महापुरुषों की मूर्तियों की स्थापना होगी। इसके बाद रामदरबार की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के पूरब मुख्य प्रवेश द्वार पर पहले से ही हिन्दी व अंग्रेजी में 500 वर्षों के मंदिर के इतिहास को प्रदर्शित किया गया था। जहां श्रद्धालु इसे पढ़ नही पाते थे। लोगों के सुविधा के लिए यात्री सुविधा केंद्र पर भी मंदिर का इतिहास लगाया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में लाइटिंग को लेकर के भी चल चर्चा की जा रही है। पिकनिक स्पॉट के तर्ज पर राम मंदिर में लाइटिंग नहीं की जाएगी। राम मंदिर के दर्शन मार्ग पर छाया की व्यवस्था बनाई गई है। एलएनटी ने एक मार्ग पर केएनओपी का निर्माण किया है। दूसरे मार्ग पर राजकीय निर्माण निगम इसका निर्माण कर रहा है।

# सात सिद्ध मन्दिरों एवं पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प

## शासन ने स्वीकृत किये सात करोड़ 25 लाख

जिला संवाददाता (vol)

बहराइच। प्रदेश सरकार द्वारा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य से उन्हें पर्यटक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में परियोजनायें स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्रदेश में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं में विकास के साथ-साथ पर्यटकों के आवागमन में बढ़ोत्तरी होगी। जिसके तहत पर्यटन विभाग की तरफ से जिले के 07 सिद्ध मन्दिरों एवं पर्यटन स्थलों के कायाकल्प के लिए करीब रू. 725 लाख धनराशि को शासन द्वारा मंजूरी मिली है। इसको लेकर शासनादेश भी जारी हो गया है। जल्द ही टेण्डर कराते हुए कार्य भी शुरू करा दिये जाएगें।

यह जानकारी देते हुए जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मा. जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत रू. 700 लाख से अधिक के कार्य स्वीकृत किये गए हैं। इस धनराशि से स्वीकृत मन्दिरों एवं पर्यटन स्थलों का सुन्दरीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि राज्य सेक्टर के अन्तर्गत सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रस्ताव पर शहर में स्थित चित्रगुप्त मान्दिर के पर्यटन विकास कार्य हेतु रू. 92.77 लाख स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रस्ताव पर विधानसमा क्षेत्र महसी में स्थित परसननाथन मन्दिर, शंकरपुर के पर्यटन विकास हेतु रू. 58.35 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जबकि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रस्ताव पर विकास खण्ड पयागपुर स्थित बघेल झील के ईको पर्यटन विकास हेतु रू. 285.42 लाख स्वीकृत किया गया है। जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि जिला योजना द्वितीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम सचैली स्थित बागेश्वर नाथ शिव मन्दिर के पर्यटन विकास हेतु रू. 58.83 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड कैसरगंज के ग्राम पंचायत जगतापुरघाट पर हनुमान मन्दिर के पर्यटन विकास हेतु रू. 123.07 लाख की की धनराशि स्वीकृत की गयी। सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रस्ताव पर विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम इमलियागंज में गायबपीर बाबा सिद्ध बाबा स्थल के पर्यटन विकास हेतु रू. 75 लाख की धनराशि स्वीकृति स्वीकृत की ग ?यी है।

जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि जनपद लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुरखीरी, अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, बॉदा, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, महोबा के साथ-साथ जनपद बहराइच में ईको पर्यटन साइनेज के कार्य हेतु समेकित रूप्से रू. 487.61 लाख की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सभी कार्यो के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को शासन द्वारा कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

## दलितों, पिछड़ों के अधिकारों को बीपी मंडल ने दिया नया आयामः पवन पांडेय

अयोध्या। रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बीपी मंडल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि बीपी मंडल का जन्म 25 अगस्त 1918 को बनारस में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा मुरहो, मधेपुरा और पटना कॉलेज से प्राप्त की। उन्होंने 1952 में कांग्रेस के टिकट पर मधेपुरा से बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया। वे बिहार के सातवें मुख्यमंत्री बने, लेकिन 30 दिनों के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी बीपी मंडल के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि बी पी मंडल जी की अध्यक्षता में गठित मंडल आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश की, जिसे बाद में वीपी सिंह सरकार ने लागू किया।

## सुरेन्द्र श्रीवास्तव अध्यक्ष व जय प्रकाश सिंह बने सचिव



अयोध्या। प्रेस क्लब फैजाबाद का द्विवार्षिक चुनाव प्रेस क्लब मे चुनाव अधिकारी हरि कृष्ण अरोड़ा की देखरेख मे संपन्न हुआ जिसमें सुरेंद्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष व जयप्रकाश सिंह को सचिव चुना गया। उपाध्यक्ष बीएन दास, आदर्श शुक्ला,कोषाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह, उप सचिव प्रदीप पाठक,अंजनि कुमार सिन्हा कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे त्रियुग नारायण तिवारी,नाथबक्स सिंह,गौरव पाठक,इंडभूषण पाण्डेय,आर के सिंह,डॉ सुमन गुप्ता,विमलेश तिवारी उग्रसेन मिश्रा बने। प्रेस क्लब के संरक्षक जे पी तिवारी और हरिकृष्ण अरोड़ा रहेंगे। प्रेस क्लब के नव नियुक्त सचिव जय प्रकाश सिंह ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी और प्रेस क्लब के उत्थान का कार्य किया जायेगा ।नव निर्वाचित अध्यक्ष और सचिव को पत्रकारों और राजनीति से जुड़े लोंगो ने बधाई दिया।

संक्षेप

## ट्रक चालक की ट्रेन से कटकर मौत

**अमेठी।** जनपद के गौरीगंज और बनी रेलवे स्टेशन के बीच को एक रेल हादसा हुआ. एक ट्रक चालक ट्रेन की चपेट में आ गया. उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की. मृतक का दाहिना हाथ कट चुका था. सिर का पिछला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त था. घटनास्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल फोन मिला। मोबाइल के अल्टरनेट नंबर से मृतक की पहचान हुई. वह मोहित पुत्र चेतन स्वरूप था. वह अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव का रहने वाला था. मोहित वाराणसी से ट्रेन में सवार होकर घर जा रहा था. पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है. पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

## साइकिल-बाइक की भिड़ंत में दो की मौत

**दूबेपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र की गोडवा चौकी अंतर्गत इमलिया खुर्द गांव में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, इमलिया खुर्द निवासी बृजभूषण राय (उम्र 40 वर्ष) साइकिल से कहीं जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार अमन राय (उम्र लगभग 24 वर्ष), पुत्र इंद्र प्रकाश राय, निवासी इमलिया कला, की साइकिल से जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गोडवा चौकी पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोडवा चौकी प्रभारी सुशील द्विवेदी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और हादसे की जांच जारी है।

## चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली चोरी के माल समेत तीन आरोपी व एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते दिन नसीराबाद से चन्द कदमो की दूरी पर चोरी की घटना सामने आई थी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच चल रही थी रविवार को पुलिस ने गुलाम उर्फ रिजवान पुत्र लियाकत सोनू पुत्र राम किशोर लखी उर्फ रोहित पुत्र राम लखन हिमांशी पुत्री राजू पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चाइनीज की दुकान में हुई चोरी सुरेन्द्र कुमार मौर्य निवासी नसीराबाद ने बताया कि बगल में रामप्रसाद के मकान में किराए पर लेकर मोमोज फिंगर की दुकान लगाते हैं रात में खिड़की तोड़कर सिलेंडर उठा ले गए उसके बाद मेरी दुकान में आकर कैमरा देख वापस लौट गए इससे पहले भी मेरी बेवफा रेस्टोरेंट में 6 अप्रैल को दुकान से सिलेंडर और भट्ठी उठा ले गए थे उसी दिन बगल में कुलदीप की गल्ला की दुकान से कुण्डी तोड़कर चावल की कट्टीया की बोरी उठा ले गए थे बार बार हो रही चोरियों से परेशान होकर सी सी टी वी कैमरा लगवा लिए बीती रात में हुई चोरी में चोर कैमरे में कैद हो गए पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस छानबीन में जुटी थी और माल समेत 3 पुरुष व एक महिला पुलिस के हत्थे चढ़ गए थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार राजभर ने बताया कि गुलाम उर्फ रिजवान व सोनू पुत्र रामकिशोर और हिमांशी पुत्री राजू पटेल लाल की बाजार कस्बा नसीराबाद के निवासी हैं और लकी और रोहित धरई मजरे भुवालपुर का निवासी है सभी को जेल भेज दिया गया है।

# संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनायेंगे : अदिति सिंह

### जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह विधान सभा क्षेत्र सदर में आयोजित बूथ अध्यक्ष बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष नगर पूर्वी और पश्चिम, बूथ संयोजक और सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और जनसंपर्क अभियान को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी कार्यकर्ताओं का संगठित होकर कार्य करने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया ।। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुशील शर्मा , क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, आर.बी.सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष ,डॉ धनजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह ,नगर अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, नवजीत सलूजा नगर अध्यक्ष पश्चिम, विवेक शुक्ला जिला मंत्री भाजपा, विजय बाजपेयी, सौरभ पांडेय, डॉ सरोज, किरन भारतीय, दिगेंद्र प्रताप सिंह सहित नगर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला ने खाया जहर, हालत गंभीर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव की 25 वर्षीय महिला काजल ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उसके पति मनीष वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दोस्तपुर पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अजीत यादव ने महिला का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल अंबेडकर नगर के लिए रेफर कर दिया गया ।बताया जा रहा है कि काजल अपने पति मनीष वर्मा और 5 वर्षीय बेटे के साथ नेवासा में अपने नाना के घर पर रह रही थी। फिलहाल जिला अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों की टीम उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और जहर खाने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## रेलवे क्रॉसिंग पर चौपहिया स्टार्टकर सोते रहे पूर्व प्रधान

जिला संवाददाता (vol)

**नसीराबाद, रायबरेली।** गांधी नगर रेलवे क्रॉसिंग पर उस समय जाम लग गया जब चालू हालत में खडी फोर व्हीलर वाहन के अंदर बैठे पूर्व प्रधान हैंडिल पर माथा रखकर आराम से सो रहे थे। लोगों को लगा कि आर्ट अटैक आ गया लेकिन प्रधान आराम से सो रहे थे। मौजूद लोगों ने जगाने का प्रयास किया लेकिन नहीं जागे तब पुलिस की मौजूदगी में गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार पूरे भारत का पुरवा मजरे कुढा निवासी पूर्व प्रधान सुरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह फोर व्हीलर अंदर से शीशा लॉक कर गांधी नगर राजमार्ग सड़क के बीचो-बीच गाड़ी नम्बर यूपी 33एके 0520 लगाकर घंटो खड़ी कर चैन की नींद सो रहे थे जिस वजह से घंटो तक राहगीर आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा लोगों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने बाहर से आवाज लगाकर जागने की बहुत कोशिश की लेकिन जनाब की नींद नहीं टूटी आखिर में पुलिस के आदेश पर लोगों ने ईंट से गाड़ी का शीशा तोड दिया जिसके बाद प्रधान को जगाया गया तो बड़े आराम से प्रधान ने कहां कि भैया क्या हुआ लोगों ने प्रधान को बाहर निकाला और चेहरे पर पानी का छींटा मारा बताया जाता है कि रविवार समय करीब 2:30बजे ट्रेन गुजरने के कारण क्रॉसिंग बंद होने पर यह मामला सामने आया हालांकि प्रधान घंटों पहले से गाड़ी खड़ी कर सो रहे थे दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों का जाम लगा रहा लोगों को लगा कि गाड़ी में बैठे प्रधान को हार्ट अटैक आ गया है क्योंकि प्रधान गाड़ी के हैंडल पर माथा रखकर सो गए थे देखने में ऐसा लग रहा था कि वाकई में हार्ट अटैक आया है सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस ने भरपूर जगाने की कोशिश की लेकिन प्रधान की नींद नहीं टूटी जिसके बाद ईंट से कांच तोड़कर प्रधान को जगाया गया मौजूद और देखने वालों की माने तो प्रधान नशे में सो रहे थे लोगों की माने तो यह नशे के आदी हैं जिस वजह से घंटों जाम और आम राहगीरों को परेशानियो का सामना करना पड़ा थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर ने बताया कि जानकारी में नहीं है अगर ऐसा हुआ है तो जांच कराने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

- क्रासिंग के दोनों ओर लगा जाम, सीसा तोडकर निकाला गया बाहर

## अवधी साहित्य सम्मान से किया गया सम्मानित



**अमेठी।** रविवार को साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा - प्रयागराज के तत्वावधान में सचिव संस्थान प्रख्यात साहित्यकार लखन प्रतापगढ़ी एवं संयोजक विजय चितौरी द्वारा आयोजित जसरा साहित्य महोत्सव 2025 में मुख्य अतिथि डॉ के बीच पाण्डेय पूर्व लोक सेवा आयोग उ.प्र., अध्यक्षता कर रहे सन्त सत्यानंद त्यागी कबीर आश्रम तथा विशिष्ट अतिथि डॉ एम गोविन्द राजन चेन्नई,डॉ दयाराम मौर्य रत्न के कर कमलों से सात सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में डॉ अर्जुन पाण्डेय अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी को राष्ट्रीय स्तर पर जुमई खां आजाद स्मृति अवधी सम्मान से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ आर सी राय,पं बंगाल,डॉ इन्दु गुप्ता हरियाणा, श्रीमती गीता शर्मा छत्तीसगढ़,डी एन आर्य उत्तराखंड,उदय प्रताप सिंह कंचुकी जौनपुर,नन्दन पंडित गोंडा,डॉ अमर नाथ सिंह,सुरेन्द्र कुमार केसरवानी,शंकर लाल मजूर,श्रीनाथ मौर्य सरस,कुंज बिहारी मौर्य काका श्री,अमर नाथ गुप्ता बेजोड़,राजेश हर्षपुरी एवं डॉ अभिमन्यु पाण्डेय आदि साहित्यकारों की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

## हत्यारोपी जीजा को नहीं पकड़ सकी पुलिस

**बाजारशुकुल (अमेठी)।** क्षेत्र के बाबू हुजब्बर सेवरा गांव निवासी मोहम्मद आसिफ उर्फ गोलू (23) की उनके जीजा ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद भागे जीजा को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं सकी है। सुल्तानपुर के कुड़वार थाने के महराजगंज शादीपुर गांव निवासी शरीफ पर मृतक की बहन जसीमुल निशा ने हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया था। इसके बाद पुलिस ने शरीफ को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देनी शुरू कर दी। उसके मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है, लेकिन घटना के बाद से अब तक पुलिस की टीमें आरोपी को पकड़ने में सफल नहीं हो पाईं। वहीं घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजन और ग्रामीण गमगीन हैं। थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र ने बताया कि आरोपी की लोकेशन से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले हैं और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ट्रक से टकराई कार, इकलौते बेटे की मौत चालक घायल, घर में मची चीख-पुकार

**अमेठी।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक करते समय एक कार, ट्रक से टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। यूपी के अमेठी में शनिवार देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार डिजायर कार ओवरटेक करते समय ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक कार बुक करके लखनऊ से घर लौट रहा था। हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आशीषपुर गांव के समीप हुआ। इसमें आजमगढ़ के कप्तानगंज क्षेत्र के मुखलिसपुर निवासी पवन उपाध्याय (30) की मौत हुई है। वहीं बाराबंकी के असंद्रा क्षेत्र के दिनौली ठकुरन निवासी चालक अजय सिंह (35) घायल है। बताया गया कि पवन जेआरएफ परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिता अजय उपाध्याय आजमगढ़ दीवानी में अधिवक्ता हैं।

## धूमधाम से मनाया गया जेसीआई रायबरेली का अधिष्ठापन समारोह

**रायबरेली।** जेसी आई रायबरेली का 49वाँ अधिष्ठापन समारोह गत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीयो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही साथ पूर्व मंडलाध्यक्षों एवम् पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जेसीआई इंडिया मण्डल-2 के मंडलाध्यक्ष जेएफपी कपिल अग्रवाल (मथुरा) तथा अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में जेकॉम चेयरमैन मण्डल-2 जेसी पवन कुमार गुप्ता( रायबरेली ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, अधिष्ठापन अधिकारी एवम्समस्त मंचासीनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके साथ ही अतिथियों एवं समस्त पूर्व मंडलाध्यक्षों राजेश शर्मा, जेसी प्रभात श्रीवास्तव, जेसी रजनीश कपूर,जेसी ऋषि अग्रवाल, जेसी आलोक सिंह, जेसी संजय श्रीवास्तव , जेसी कंचन श्रीवास्तव, जेसी रजत गुप्ता ,सचिन मल्होत्रा, अनिल श्रीवास्तव, रोटरी अध्यक्ष राकेश कक्कड़, जे ए सी के जेसी सुशील घई , जेसी गौरव जैन, अग्रवाल समाज के सचिव पवन अग्रवाल, इनर व्हील क्लब की दीप्ति सिकरिया आदि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अधिष्ठापन अधिकारी जेसी पवन गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेएफएम प्रभु अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद दोनो अध्यक्ष द्वारा पिन का आदान प्रदान किया गया। जेएफएम प्रभु अग्रवाल ने अपनी कार्यकारणी को तथा मुख्य अतिथि जे सी कपिल अग्रवाल ने नए सदस्यों दीप्ति गुप्ता, काशिवी जीवनानी, साक्षी मुरारका, यश मुरारका, अनुराग सिंह, ज्योति अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, को शपथ दिलायी। अध्यक्ष 2024 जेफम मोहित गर्ग ने अपने कार्यकारणी सदस्यों को उत्कृष्ट कार्यों हेतु अध्याय स्तर के तथा व्यक्तिगत सम्मानों से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जेसी सुयश जीवनानी एवं जेसी देवांग सिकरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेसी अभिषेक सोनी, जेसी किशन गुप्ता, जेसी अभिनव गर्ग, जेसी आदित्य सिंह, जेसी पीयूष सिकरिया, जेसी विवेक सिंह, जेसी प्रशांत सिंह, जेसी प्रियंका अग्रवाल,जेसी शालिनी सहित आदि उपस्थित रहे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनायी गयी बाबा साहेब की 135वीं जयंती




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ने शिक्षकों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। छात्र अर्नव शुक्ला ने बाबा साहेब की भूमिका का निर्वहन किय। तदोपरांत छात्रा संस्कृति जायसवाल एवं उन्नती ने डॉ अंबेडकर का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए बताया कि उनकी जयंती भारत सहित पूरे विश्व में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाई जाती है। जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अंबेडकर को उनके मानवाधिकार आंदोलन ,संविधान निमार्ता और विद्वता के लिए जाना जाता है। उन्होंने हमारे देश को एक ऐसा संविधान दिया जिसकी बदौलत हम आज एक साथ बिना किसी भेदभाव के समानता से खड़े है।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारतीय चिंतक, समाज सुधारक एवं भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति हम सभी को कृतज्ञ होना चाहिए।बाबा साहेब के द्वारा दिए गए सामाजिक योगदान और उनकी उपलब्धियों को अपनी स्मृति में रखने के लिए ही अम्बेडकर स्मरण दिवस मनाया जाता है।डॉ अंबेडकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और छुआछूत का जीवन भर विरोध किया और कहा कि छुआछूत गुलामी से भी बदतर है उन्होंने नारा भी दिया कि शिक्षित बनो,संगठित रहो और संघर्ष करो , इस नारे से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव, पिंकी जायसवाल, अजय सिंह, विवेक सिंह एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आंबेडकर जयंती को लेकर दोस्तपुर कस्बे में तैयारियां जोरों पर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** अंबेडकर जयंती को लेकर दोस्तपुर कस्बे में तैयारियां जोरों पर हैं। ब्लॉक चौराहा स्थित अंबेडकर पार्क में पेंटर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को रंग-रोगन कर सजाने में जुटा है, ताकि जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जा सके। हालांकि, नगर पंचायत की लापरवाही के चलते अंबेडकर पार्क के चारों ओर गंदगी का आलम देखने को मिला और पुलिस प्रशासन की उदासीनता के कारण पार्क के मुख्य द्वारों के दोनों ओर ठेलेवालों ने अतिक्रमण कर लिया है। आज अंबेडकर जयंती पर हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष कस्बे में एकत्र होंगे और दर्जनों ट्रैक्टरों पर सजी हुई बाबा साहेब की प्रतिमाओं के साथ भव्य रैली निकाली जाएगी। साफ-सफाई और अतिक्रमण को लेकर अधिशासी अधिकारी सचिन पांडे ने जानकारी दी कि नगर पंचायत के सफाईकर्मी शाम तक पूरे क्षेत्र की सफाई पूरी कर देंगे। अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और ठेलेवालों को वैकल्पिक स्थान प्रदान कर पार्क क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।



# अवैध विद्यालयों पर बीईओ मेहरबान

जिला संवाददाता (vol)

**गौरीगंज, अमेठी।** सरकार जहां अवैध विद्यालयों पर अंकुश लगाने एवम छात्रों के अभिभावकों से मनमानी शुल्क वसूली पर अंकुश लगाने के लिए आए दिन उच्च अधिकारीगणों को कडे फरमान जारी करती रहती है बावजूद इसके तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अपने फायदे के चक्कर मे अवैध विद्यालय संचालकों पर मेहरबान होकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जिसका खामियाजा छात्रों के अभिभावकों को भोगना पड रहा है आला अफसर बेखबर हैं ।

जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत स्थित दर्जनो अवैध विद्यालय जो क्षेत्र मे कुकुरमुत्तों की तरह निडर होकर संचालित हैं यहां तो वही कहावत चरितार्थ हो रही है कि सैंया भले कोतवाल अब डर काहे का विद्यालय संचालक छात्रों के प्रवेश के नाम पर अभिभावकों से मनमाना शुल्क वसूली करने मे मस्त हैं यूनीफॉर्म, स्टेशनरी,शिक्षा शुल्क, वाहन शुल्क समेत आदि मनमानी शुल्क वसूली करने मे बेखौफ होकर जुटे हुए हैं छात्रों के उपयोग मे आने वाली समस्त सामग्री विद्यालय से खुद अथवा सेटिंग गेटिंग वाली दुकानों से खरीदने हेतु विवश करते हैं हैरत की बात तो यह है कि इतना सब होने के बाद भी जगदीशपुर क्षेत्र की कमान संभाले खंड शिक्षा अधिकारी सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने रहते हैं ।

- विभागीय मिलीभगत से मनमानी शुल्क वसूली मे जुटे विद्यालय संचालक

वहीं छात्रों के अभिभावकों ने बताया कि यदि विद्यालय संचालक से ज्यादा शुल्क अदायगी के विषय मे टीका टिप्पणी की जाए तो विद्यालय मे प्रवेश ना करने व अन्य किसी दूसरे विद्यालय मे जाने की सलाह देकर अपना पल्ला झाड लेते हैं ।बताते चलें कि अवैध विद्यालय संचालकों का कमाऊ धंधा धडल्ले के साथ फल फूल रहा है जिसके चलते सरकार के कडे निदेर्शों का फरमान मात्र कागजो तक सीमित रहकर सरकार की छवि खराब होती जा रही है जिसका दंश छात्रों के अभिभावकों को झेलना पड रहा है ।यदि आला अफसर सघन अभियान चलाकर अवैध विद्यालयों को जांच पड़ताल करें तो कमाऊ धंधे का भंडाफोड होकर सच्चाई सामने आ सकती है ।इस संबंध मे बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी ने बताया कि अवैध विद्यालय को चिन्हित कर कडी कार्यवाई करने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिया जा चुका है जल्द ही जिला स्तर से सघन जांच अभियान चलाकर अवैध चल रहे विद्यालय संचालको के खिलाफ कडी कार्यवाई की जाएगी।

## अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक को साथी शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

**लालगंज , रायबरेली।** प्राथमिक शिक्षा के कंपोजिट विद्यालय ऐहार में सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार बाजपेई का विदाई समारोह का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया एवं कार्यक्रम की संयोजक रश्मि श्रीवास्तव, प्रभारी प्रधानाध्यापिका कंपोजिट विद्यालय ऐहार थी। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेश सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष यादवेंद्र, प्राथमिक शिक्षक संघ की वरिष्ठ पदाधिकारी अनीता मौर्या, प्राथमिक शिक्षक संघ महामंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला, अटेवा सहसंयोजक प्रकाश चंद यादव, ऐहार ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव, विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापक मुन्नी देवी, अमित बाजपेई, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय पूरे छीटू सर्वेश शुक्ला, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कूढ़ाचक दुर्गेश मिश्रा, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर, ऐहार न्याय पंचायत के समस्त विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक, विकासखंड के समस्त एआरपी गण आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन जूनियर शिक्षक अध्यक्ष सियाराम सोनकर द्वारा बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार बाजपेई का कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सम्मान किया गया ।इस कार्यक्रम के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय ऐहार की तरफ से खंड शिक्षा अधिकारी समस्त एआरपी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**लंभुआ, सुलतानपुर।** प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की कहानी कोई कमी नहीं है, अभिभावकों के सही मार्गदर्शन पर उनकी प्रतिभा में निखार आता है और वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। उक्त विचार वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सिंह ने व्यक्त किए। लंभुआ क्षेत्र में स्थित बाबा जय गुरुदेव भगवान प्रसाद सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज उजागिर नगर नौंगवा में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने धूम मचा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजा हरपाल सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज सिंगरामऊ के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक रेशमा सिंह मनोज सिंह ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर राकेश श्रीवास्तव, दीपांशु निगम, जगदीश प्रसाद सिंह, राजेश सिंह, अवनीश सिंह, अनिल मिश्रा, अर्जुन चौरसिया, अमरजीत यादव, राजीव सिंह, नीरज मिश्रा, ओम प्रकाश यादव, बृजलाल यादव, जयकरण वर्मा, शिवकुमार, विनोद सिंह, राजमणि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## संतोष मौर्या फिर बने पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष

**डलमऊ, रायबरेली।** आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक में संतोष मौर्य को डलमऊ तहसील का पुनः अध्यक्ष चुना गया रविवार को ब्लॉक सभागार डलमऊ में प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन एवं विस्तार को लेकर चर्चा की गई बैठक में मौजूद तहसील क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों के पत्रकारों ने सर्वसम्मति से संतोष मौर्य को पुनः अध्यक्ष चुना प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने संतोष मौर्य के अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने डलमऊ तहसील की कार्यकारिणी का गठन करते हुए मेराज अली को संगठन का महामंत्री हर्षित शुक्ला को प्रवक्ता, बृजेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, विमल मौर्य को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज त्रिवेदी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक में आगामी पत्रकारिता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा की गई और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई संतोष मौर्य ने अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश अध्यक्ष संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पत्रकारों के हित हमेशा खड़े रहेंगे और संगठन की मजबूती के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ हैं वह सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने एवं समाज उत्थान में अहम भूमिका निभाता है। इस मौके पर प्रशांत शर्मा, आशुतोष गुप्ता, योगेंद्र मौर्य, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र यादव सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# डीवाईएफआई का उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना

- दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** रविवार को सुदनापुर में भारत की जनवादी नवजवान सभा (डीवाईएफआई) के प्रशिक्षण शिविर का द्वितीय दिवस "संगठन और युवाओं की भूमिका" विषय के साथ संपन्न हुई। जिसमें प्रशिक्षक के रूप मे आज भारत की जनवादी नवजवान सभा के राष्ट्रीय महासचिव साथी हिमघ्नराज भट्टाचार्य मौजूद रहे।

संगठन और युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखते हुए राष्ट्रीय महासचिव साथी हिमघ्नराज भट्टाचार्य ने बताया कि डीवाईएफआई का उद्देश्य सभी युवाओं को शिक्षा और रोजगार की उपलब्धता के लिए युवाओं को जागरूक करना और संघर्ष को आगे बढ़ाने का है। उन्होंने कहा कि हम शहीद ए आजम भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हैं और उनके सपनों के भारत को बनाने के प्रतिबद्ध है।इसे हम अपनी जिम्मेदारी मानते हैं कि उन शहीदों ने जिस समतामूलक समाज के भारत की परिकल्पना की थी उसके लिए संघर्ष करें और उनके सपनों के भारत के निर्माण में योगदान करें। उन्होंने आगे कहा कि देश में जानबूझकर सांप्रदायिकता का माहौल बनाया जा रहा है, युवाओं को सांप्रदायिक मसलों में उलझा दिया जा रहा है जिससे वह शिक्षा रोजगार जैसे जरूरी विषयों पर सवाल ना उठा सके ना ही संघर्ष कर सके, उन्हें धर्म की भ्रमर जाल में इस तरह से उलझा दिया गया है कि शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों के प्रति उनके अंदर उदासीनता आ गई हैं। युवाओं का एक बड़ा तबका इन मुद्दों से पूरी तरह से दूर होता जा रहा है जो किसी भी प्रकार से सभ्य समाज के हित में नहीं है। ऐसे में हमारी आपकी सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम इस उदासीनता को तोड़कर आगे बढ़कर अपनी प्रगतिशील समझ के साथ युवाओं के अंदर उनकी बुनियादी जरूरतों के बारे में चर्चा करें और उन्हें अपने संघर्ष में भागीदार बनाएं। कार्यक्रम का समापन वालंटियर साथियों के सम्मान के बाद "हम होंगे कामयाब" गीत के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सहयोग करने वाले साथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार, प्रदेश सचिव गुलाब चंद, जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर अरविंद श्रीवास्तव, विजय प्रताप, सिद्धार्थ तिवारी, अजीत प्रताप, प्रमोद, शशांक पाण्डेय, विकास, विनोद पाण्डेय, खगेंद्र जनवादी, आशीष सिंह, शेर बहादुर शेर, शिव चरण निषाद, आलोक पाठक, विवेक विक्रम, राम कृष्ण, अजय पांडेय, बृजेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## चित्रकूट के लिए बस सेवा का हुआ शुभारंभ

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ से चित्रकूट लखनऊ एवं कानपुर जाने वाले यात्रियों को अब सहूलियत मिलेगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा तीन नई बसों का संचालन रविवार से प्रारंभ किया गया है। ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडे ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। रविवार को बरारा बुजुर्ग चैराहे एवं मुराई बाग के साधन सहकारी समिति में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि बस का संचालन शुरू होने से क्षेत्रवासी अब डलमऊ गंगा तट पर स्नान करने के पश्चात चित्रकूट में कामतानाथ की परिक्रमा आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्र वासियों को 6 दिनों तक डलमऊ से चित्रकूट तक की यात्रा निशुल्क करने की सौगात दी है। बस सेवा शुरू होने से जनमानस को लखनऊ कानपुर एवं चित्रकूट जाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उनको यहीं से बस सेवा उपलब्ध रहेगी। वहीं दूसरी बस रायबरेली ऊंचाहार डलमऊ होते हुए कानपुर जाएगी। एक बस रायबरेली से सुबह 6 बजे चल कर डलमऊ पहुंचेगी और यहां से फतेहपुर गाजीपुर होते हुए चित्रकूट पहुंचेगी और वहां से उसी दिन वापस होकर रात 9 बजे डलमऊ आएगी। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेश वर्मा पुतानी महाराज महेंद्र पटेल शुभम गौड़ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भीकनपुर तिराहा थाना रामगढ़ से एक अभियुक्त सूरज पुत्र रनवीर सिंह निवासी रदोई थाना बलदेव जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया, पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामगढ़ पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## वांछित अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा एक वाछित अभियुक्त को अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त सोनू पुत्र पप्पू निवासी गिहार कालोनी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को एक नाजायज तमंचा व 01जिन्दा कारतूस सहित कठफोरी थाना सिरसागंज से गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## करणी योद्धाओं का आभार व्यक्त किया

**टूंडला।** करणी सेना द्वारा आगरा में आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में जाने वाले फिरोजाबाद के सभी करणी योद्धाओं का और सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं का करणी सेना जिला सयोजक फिरोजाबाद संजय परमार ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा कि 19/4/2025 को सपा मुखिया अखिलेश यादव के आगरा आगमन पर अगर क्षत्रिय समाज का कोई भी व्यक्ति जाए उसे चिह्नित कर उसका सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए जो समाज का नहीं वो किसी भी काम का नहीं और यही राणा सांगा जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## किसान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मथुरा।** गांव चैमुंहा निवासी 65 वर्षीय किसान लाल सिंह उर्फ.ललचो को संदिग्ध परिस्थितियों में उल्टियां होने पर परिवारिजनों द्वारा निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे किसान ने दम तोड़ दिया परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर पैसों के लेनदेन को लेकर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार विगत 11 अप्रैल की रात 10-11 बजे के करीब लाल सिंह के पास गांव का ही एक व्यक्ति आया और उसका मृतक के साथ पैसों का लेनदेन था और उस व्यक्ति पर मृतक के करीब 10 लाख रुपए उधार थे इन्ही पैसों के लेनदेन के चक्कर में गांव के व्यक्ति ने मृतक को प्रसाद में जहर खिला दिया जिसकी वजह से लालसिंह की मौत हो गयी है परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मोके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया मृतक के पास से पुलिस को एक पर्ची भी मिली है जिसमे गांव के ही व्यक्ति द्वारा जहर दिए जाने का जिक्र किया गया है। परिजनों का आरोप है की अब इलाका पुलिस इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान कर्मियों की ईमानदारी से श्रद्धालु अभिभूत



**मथुरा।** गुजरात की कृष्णभक्त महिला श्रद्धालु श्रीमती शैलजाबेन शाह अपने पति के साथ भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं ब्रज के दर्शन के लिए पधारों। श्रीमती शाह अपने परिवार के साथ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा संचालित अन्तर्राष्ट्रीय विश्राम गृह में ठहरी हुई थीं।

12 अप्रैल को चेकआउट करते समय श्रीमती शाह अपने बेशकीमती चार हीरे के कड़े विश्राम गृह के कक्ष में ही भूलवश छोड़कर श्रीगिरिराज जी की परिक्रमा करने चली गयीं। परिक्रमा के मध्य में श्रीमती शाह को स्मरण आया कि हीरे के कड़े तो श्रीकृष्ण जन्मस्थान के विश्राम गृह में ही रह गये हैं। संस्थान के फोन स्मरण न होने के कारण डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया एवं डायल 112 के पुलिसकर्मी राकेश बाबू यादव एवं राघवेन्द्र गौतम ने तत्काल संस्थान से सम्पर्क किया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, विश्राम गृह प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के सहयोग से तत्काल चार हीरे के कड़े ढुढ़वाकर श्रद्धालु महिला को सूचित किया एवं उनको आश्वस्त किया कि वह अपने धार्मिक कार्य की पूर्णता के उपरान्त श्रीकृष्ण जन्मस्थान आयें और अपनी अमानत प्राप्त कर लें। श्रीशर्मा ने इंचार्ज कन्ट्रोल सुरेश कुमार, इंचार्ज ड्यूटी दिनेश कुमार, विश्राम गृह की ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी हृदेश कुमार एवं डायल 112 के राकेश बाबू यादव एवं राघवेन्द्र गौतम के समक्ष उन कड़ों को पहचान अंकित कर सुरक्षित रखवा दिया। 13 अप्रैल को श्रीमती शाह अपने पति के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि पधारी। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने उन्हें मंदिर का प्रसाद एवं चुनरी भेंट करने के उपरान्त अमानत स्वरूप रखे बेशकीमती हीरे के चार कड़े उनको सौंप दिये। श्रीमती शाह उ०प्र० पुलिस की त्वरित रिस्पॉस से गदगद थीं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के मैनेजमेंट, विश्राम गृह कर्मियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुऐ भगवान श्रीकेशवदेव जी की जय-जयकार की। ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान के विश्राम गृह में ठहरने वाले श्रद्धालुओं की अनेकों कीमती वस्तुओं को विश्राम-गृह कर्मचारियों ने पूर्ण ईमानदारी के साथ उनको वापस लौटाया है।

## श्रीजी बृज सेवा ट्रस्ट ने किया भव्य सुंदरकांड पाठ व प्रसाद वितरण

**मथुरा।** गोवर्धन रोड पावन पर्व हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर श्रीजी बृज सेवा ट्रस्ट (पंजीकृत) द्वारा एक दिव्य एवं भावविभोर कर देने वाला धार्मिक आयोजन किया गया। यह आयोजन ट्रस्ट के कैंप कार्यालय अमर कॉलोनी, जीएस फॉर्म के सामने, तेल मिल वाली गली, गोवर्धन रोड, गोवर्धन चैराहा, मथुरा कृ पर अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात भाव-विभोर कर देने वाले इस आयोजन में अमर कॉलोनी के सम्मानित नागरिक, आसपास के श्रद्धालु तथा स्थानीय जनमानस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पाठ के समापन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को सविनय प्रसाद वितरण किया गया। इस मंगल आयोजन में श्रीजी बृज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, मुख्य सलाहकार एवं समस्त सदस्यगण की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने तन-मन-धन से सेवा कर



संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं बजरंग बाण का दिव्य पाठ अत्याधुनिक साउंड सिस्टम के माध्यम से किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण रामभक्ति में सराबोर हो गया। भक्तिमय संगीत और पाठ के दौरान श्रद्धालुजन भक्ति में झूम उठे। आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता, भक्ति और सेवा के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम सिद्ध हुआ।

## गांव चलो अभियान : भाजपाइयों ने किया घर-घर संपर्क




**टूंडला।** विधानसभा टूंडला के गांव मौहम्मदाबाद में भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के निमित्त एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया विचार गोष्ठी के बाद भाजपा नेताओं ने घर घर जाकर ग्रामीणों से जन सम्पर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दावन लाल गुप्ता ने की और संचालन भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक ने किया। विचार गोष्ठी में अन्य भाजपा नेताओं द्वारा भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान भाजपा विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि देश एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के द्वारा हर नागरिक को सरकार की अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा हैं। उत्तर प्रदेश में पूर्व में रही सरकारों में लोगों घर प्लाट, खेत, एवं बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थीं सरेआम गुंडे माफिया गरीबों पर अत्याचार करते थे उनकी बहन बेटियां से छेड़खानी एवं अभद्रता करते थे किसानों की भैंसें चोरी कर लेते थे और ट्यूबेल की मोटर भी खोल ले जाते थे। उत्तर प्रदेश में जबसे योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने हैं तबसे गुंडे माफिया और कब्जाधारी उत्तर प्रदेश छोड़ चुके हैं या पुलिस की गोली से ऊपर जा चुके हैं। आज उत्तर प्रदेश में भय मुक्त वातावरण है, अब भाजपा सरकार देश के हर नागरिक के घर पहुंच कर उसकी समस्या का समाधान करेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दावन लाल गुप्ता, भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, पूर्व सासंद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह पोनियां, जिला कोषाध्यक्ष महिपाल निषाद, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र बैनीवाल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रिंकू उपाध्याय चौ, उदय प्रताप सिंह वर्मा, राजीव राजपूत, नेत्रपाल सिंह अमित चौधरी, आकाश वर्मा, पप्पू कुशवाह, वीरेश कुमार, कैलाश नाथ गुप्ता, भुवनेश शर्मा, सहित अनेकों ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहे।

## 86 वांछित वारंटी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसआर एनबीडब्ल्यू वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुएबीती रात्रि में अभियान चलाकर कुल 86 अभियुक्तों जिसमें 82 एनबीडब्ल्यू 3 एसआर वांछित वारण्टी व एक अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई है। थानावार की गई कार्यवाही के दौरान थाना उत्तर 6 थाना दक्षिण 4 थाना रामगढ़ 5 थाना रसूलपुर 11थाना टूण्डला 5 थाना पचोखरा 2 थाना रजावली 1थाना नारखी 6 थाना नगला सिंघी 2 थाना सिरसागंज 9 थाना अरांव 1 थाना नगला खंगर 1 थाना नसीरपुर 5थाना शिकोहाबाद 5 थाना मक्खनपुर 3 थाना खैरगढ़ 1 थाना जसराना 5 थाना एका 2 थाना लाइनपार 6 थाना मटसेना 2 थाना बसई मौहम्मदपुर 4, इस प्रकार जनपद पुलिस टीम ने मात्र 5 घंटे में 82 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 3 एसआर केस में वांछित व 1 अन्य वांछित के विरुद्ध कार्यवाही कर 86 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## शोभायात्रा निकालकर धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**छाता।** कस्बे में नवयुवक श्री बजरंग ब्रज मंडल सेवा समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से निकलकर शनिवार को धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया। शुभारंभ केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी ने हनुमान जी की आरती करके किया। शोभायात्रा में कृष्ण अर्जुन, अयोध्या स्थापित भगवान श्री राम को मूर्ति/ मंदिर, गजराज, राधाकृष्ण, के साथ एटा की प्रसिद्ध काली की झांकी जिया बैंड और डीजे के साथ शामिल रहे। लोगों ने काली को झांकी व बानर सेना के तांडव का आनंद लिया। चेयरमैन प्रतिनिधि ठाकुर फाल्गुन उर्फ कान्हा ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव उपलक्ष में आज समिति ने 35 वा जन्मोत्सव मनाया है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में एक अनोखी शोभायात्रा निकाली गई है। इसे देखने के लिए हजारों भक्तों की भीड़ लगी है। इस दौरान समिति के यतेंद्र शर्मा, विष्णु, पवन, धर्मेंद्र, चंद्रभान, बंटू, राजेश, राजीव, प्रदीप, मोहित, महेंद्र, टोनी, गगन, सोनू, राजू आदि के साथ विभिन्न जन प्रतिनिधि व पुलिस फोर्स मौजूद था। वही आर्य समाज के पदाधिकारी शोभायात्रा में हवन यज्ञ करते शामिल हुए। यज्ञ में सैकड़ों लोगों ने आहुतियां दी। यज्ञ करने वाले में धर्मेंद्र आर्य, किशन सिंह, महिपाल आदि थे।

# एक्सप्रेस-वे पर हुई लूट का खुलासा कार बरामद, शातिर किया गिरफ्तार

**मथुरा।** 10 दिन पूर्व हुई यमुना एक्सप्रेस-वे पर लूट की घटना का राजफाश करते हुये नौहझील पुलिस, स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही से एक शतिर लूटरों को लूटी हुयी कार के अलावा घटना में प्रयुक्त कार साथ गिरफ्तार किया है। एसपी देहात त्रिगुध विसेन ने बताया कि पुलिस की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चैकी कौलाहर थाना नौहझील क्षेत्र में गौमत की तरफसे आ रही लूट की घटना में प्रयुक्त वेन्यू कार को चला रहे शातिर लूटेरा विक्रान्त उर्फ पहलवान पुत्र स्व. बाबू निवासी सरफाबाद थाना सैक्टर 113 जनपद गौतम बुद्ध नगर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त विक्रांत की निशानदेही पर यमुना एक्सप्रेस वे के सहारे कच्चे रास्ते पर बने बंद होटल में लूटकर छिपाई गयी होंडा सिटी कार को को बरामद कर लिया गया। बताया जाता है कि 5 अप्रैल को थाना नौहझील पर यमुना




एक्सप्रेस वे पर कुशीनगर से जम्मू जा रहे 4 यात्रियों के साथ अज्ञात बदमाशों द्वारा उनकी होंडा सिटी कार, 2 मोबाइल और रूपए लूट ले जाने के सम्बन्ध में थाना नौहझील पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा थाना नौहझील पुलिस के अलावा जनपद की स्वाट, एसओजी, सर्विलांस टीमें भी लगाई गई थी। टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरा, सर्विलांस, मुखबिर की मदद से घटना में प्रयुक्त नीले रंग की वेन्यू को चिन्हित कर बरामद किया गया। बरामद वेन्यू सरफाबाद थाना सैक्टर 113 नोएडा क्षेत्र से सम्बन्धित पाई गई। गिरफ्तार बदमाश ने बताया कि दोस्त प्रशान्त पुत्र प्रमोद निवासी कोटा थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर व उसके एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक्सप्रेस-वे पर होण्डा सिटी गाड़ी को लूटा था। विक्रांत ने यह भी बताया कि प्रशान्त को इस लूटी गई होण्डा सिटी से कोई बडा काम करना था।

## आंबेडकर की प्रतिमाओं और पार्कों की सफाई का अभियान चलाया

**फिरोजाबाद।** शासन के निदेशों के क्रम में डीएम रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में जिले में स्थापित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की समस्त प्रतिमाओं एवं उनके आसपास क्षेत्र में लगातार सफाई अभियान का कार्य प्रशासन द्वारा कराया गया। जिससे बाबा साहब के जन्मदिन को पूरे उत्साह व उत्सव के रूप में मनाया जा सके, इस सफाई अभियान में जहां प्रशासन



की संपूर्ण टीम व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अपनी सहभागिता निभाते हुए नजर आए, तो वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर सफाई अभियान में हिस्सा लिया, जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में व टूंडला तहसील के सभी अम्बेडकर पार्क बाबा साहब की प्रतिमा एवं प्रभात फेरी हेतु परिक्रमा मार्गो की सफाई कराई गई। इसी क्रम मे टूण्डला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर के नेतृत्व में टूण्डला नगर के नगला राधेलाल स्थित अंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा की और पार्क की साफ सफाई की गई, इस अवसर पर भाजपा नेता रूपेश शुक्ला सुशील पोनिया आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हुआ पैन क्रियाज का सफल ऑपरेशन, दिल्ली के हॉस्पिटलों ने कर दिया था इनकार



**मथुरा।** आपको अचरज होगा कि दिल्ली मेरठ जैसे बड़े हॉस्पिटलों में जिस बीमारी को लेकर ऑपरेशन करने से मना कर दिया हो उसका ऑपरेशन मथुरा के एक हॉस्पिटल में पूर्ण रूप से सफल हुआ। मेरठ निवासी रमेश यादव जो कि आर्मी में कार्यरत है। उनको पैन क्रियाज जैसी गम्भीर बीमारी हो गई थी जिसको लेकर उन्होंने मेरठ के तमाम हॉस्पिटल और दिल्ली के बड़े बड़े हॉस्पिटलों में अपना इलाज कराया मगर सभी हॉस्पिटलों ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। मगर मथुरा के स्पंदन हॉस्पिटल जयसिंहपुरा में डॉक्टर निशा जैन के द्वारा पैन क्रियाज का सफल ऑपरेशन किया गया। पत्रकारों से हुई बातचीत में मरीज रमेश यादव ने बताया कि वह काफी समय से बीमार थे और दिल्ली मेरठ के तमाम हॉस्पिटल ने दिखा चुका थे और किसी ने भी उनका ऑपरेशन नहीं किया। जब हमें डॉक्टर निशा जैन के बारे में पता चला तो हम मथुरा आ गए और जब डॉक्टर निशा जैन को ओपीडी में दिखाया तो उन्होंने ऑपरेशन का समय निश्चित किया। मेरा सफल ऑपरेशन हो चुका है अब वह एक दम आराम महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मैं धन्यवाद देना चाहता हू डॉक्टर निशा जैन का कि उन्होंने मेरी जान बचा ली। जब इस ऑपरेशन को लेकर डॉक्टर निशा जैन से बात की तो उन्होंने बताया कि ये बहुत ही रियर केस था पर जब हमने केस को देखा तो मरीज की स्थिति बहुत खराब थी और मरीज का ब्लड ग्रुप ओ-नेगेटिव था और भगवान के आशीर्वाद से ऑपरेशन सफल हुआ है और अब मरीज एक दम सही है।

## परशुराम शोभायात्रा समिति ने किया कार्ड का विमोचन

**मथुरा।** परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक भूतेश्वर स्थित श्रीजी बाबा आश्रम में हुई। इस बार भगवान परशुराम की शोभायात्रा शहर में 4 मई को निकाली जाएगी।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष



रामगोपाल शर्मा ने बताया कि शहर में इस बार निकलने वाली सुबह भगवान परशुराम की शोभायात्रा चार मई रविवार को बड़े धूमधाम के साथ सांय 5 बजे बाटी वाली कुंज से प्रारंभ होकर लाल दरवाजा, चैक बाजार, डोरी बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट, छत्ता बाजार, होली गेट से भरतपुर गेट घीया मंडी होते हुए मंडी रामदास, डींग गेट पर समापन होगा। समिति के महामंत्री बंसी लाल शर्मा ने बताया पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। इस अवसर पर समिति की पदाधिकारी द्वारा परशुराम शोभा यात्रा के कार्ड का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश गौड़ ने किया।

इस अवसर पर आचार्य रमाकांत गोस्वामी, मनोज शर्मा बॉबी भैया, गौरवकांत शर्मा, मोनू पंडित, गजेंद्र शर्मा, सर्वेश शर्मा एडवोकेट, मुकेश शास्त्री, ललित स्वामी, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद थे।

## संवेदनशील इलाकों में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सीओ सदर के साथ किया पैदल फ्लैग मार्च



**मथुरा।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी सदर निशा ग्रेवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर संदीप कुमार सिंह ने संवेदनशील ग्राम बाटी एवं ग्राम कोटा में पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च / रूट मार्च निकाला। 14 अप्रैल 2025 को संविधान शिल्पी, भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई जाएगी। जयंती के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी सदर ने निर्देश दिए हैं कि जयंती के अवसर पर प्रशासन द्वारा प्रदान की गई अनुमति के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाए। अनुमति पर प्राप्त रूट पर ही रैली, झांकी आदि आयोजित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना अनुमति के कोई भी रैली/ जुलूस/ झांकी न निकाले। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयोजनकर्ता अपने कार्यकताओं के नाम, आई0डी0- कार्ड तथा मोबाइल नंबर की सूची देंगे। उन्होंने कहा कि आयोजनों एवं रैली में अश्लील गानों का प्रयोग न करे, उक्त शिकायत प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उप जिलाधिकारी सदर ने सभी से अनुरोध किया है कि हाइवे, सड़क मार्गों आदि स्थानों पर बच्चों का अधिक ध्यान रखें।

- **शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध**

## शारीरिक व मानसिक उत्थान के लिए बंदियों का योगाभ्यास



मथुरा। जिला कारागार मथुरा पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निदेशार्नुपालन में बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक उत्थान हेतु योगम फाउंडेशन मुम्बई के तेजोमया आनन्द व उनकी टीम के द्वारा कारागार में निरुद्ध बंदियों को योग अभ्यास कराया गया। उनके द्वारा बंदियों को प्राणायाम करना भी सिखाया तथा प्रवचन भी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में बंदियों के द्वारा बड़े उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। उक्त अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग, उपकारपाल रवीन्द्र कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह अनूप कुमार व अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

# आंबेडकर जयंती से पूर्व चला सफाई अभियान

**मथुरा।** शासन द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में भारत रत्न, बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज उनकी जयंती से पूर्व जनपद के सभी नगरीय निकायों, वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित आंबेडकर पार्कों तथा अम्बेडकर की प्रतिमाओं की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई।


स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 से 28 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के



कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को बी.एन. पोद्दार इण्टर कालेज से भगत सिंह पार्क डैम्पियर नगर तक ह्लहमारा संविधान हमारा स्वाभिमानह्ल टैग लाइन वाले पोस्टर बैनर एवं झण्डे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। जनपद के समस्त कार्यालयों में प्रार्थना-सभा व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं संविधान निर्माण में उनके व अन्य मनीषियों की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म दिवस समारोह आज 14 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया जाएगा।

### 13 से 25 अप्रैल तक होंगे विविध कार्यक्रम

**मथुरा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को मथुरा महानगर की 29 अंबेडकर प्रतिमाओं व उनके परिसरों की सफाई कर दीप प्रज्वलन किया गया। श्याम शर्मा ने आगे बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया जाएगा।



संक्षेप

## शुल्क युद्ध से भारत के पास खिलौना निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने का अवसर : संगठन

कोलकाता। अमेरिका-चीन के बीच शुल्क युद्ध के तेज होने के साथ ही भारतीय खिलौना उद्योग के खिलाड़ी इसे एक सुनहरा अवसर मान रहे हैं। उनका मानना है कि यह स्थिति भारत को विशेषरूप से अमेरिका के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित कर सकती है। एक व्यापार संगठन के अधिकारी ने रविवार को यह बात कही। अमेरिका ने हाल में चीन से खिलौनों के आयात पर 145 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है-जो वैश्विक खिलौना व्यापार को नया आकार दे सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि चीन, जिसके पास पहले अमेरिका के खिलौनों के आयात का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा था, उच्च शुल्क के कारण उसके निर्यात में महत्वपूर्ण गिरावट आने की उम्मीद है। इससे वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं के लिए जगह खुल जाएगी। भारत खाली हुए स्थान को भरने के लिए अच्छी स्थिति में है। अमेरिका का खिलौना बाजार लगभग 41.7 अरब डॉलर का है। यह भारतीय विनिर्माताओं के लिए बड़ा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादक अब चीन के खिलौनों को गुणवत्ता और मूल्य के मोर्चे पर चुनौती दे सकते हैं। भारत का खिलौना निर्यात पहले से ही लगातार बढ़ रहा है। यह 2014-15 के चार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में अनुमानित 15.2 करोड़ डॉलर हो गया है। वहीं दूसरी ओर चीन से भारत का खिलौना आयात 2019-20 के 23.5 करोड़ डॉलर से घटकर 2023-24 सिर्फ 4.1 करोड़ डॉलर रह गया है।

## बीते सप्ताह पाम पामोलीन में गिरावट

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। वहीं मंडियों में किसानों की ओर से आवक कम लाने के कारण सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि अप्रैल में इस समय आमतौर पर सरसों, सोयाबीन आदि तिलहनों की जिस मात्रा में आवक होती थी वह इस बार नहीं देखी जा रही है जो अप्रत्याशित है। सरसों की कई राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद हो रही है लेकिन जो किसान इस मौसम के दौरान सामान्य रूप से 10-12 लाख बोरी सरसों मंडियों में लाया करते थे वह आवक इस बार महज 5-5.25 लाख बोरी ही रह गई है। इसके अलावा बीते सप्ताह चीन से सरसों डीओसी की मांग हुई है और 52,000 टन सरसों डीओसी का सौदा भी हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सोयाबीन की आवक भी कम है और।-1.25 लाख बोरी की ही आवक हो रही है। मूंगफली पहले ही एमएसपी से लगभग 15 प्रतिशत नीचे बिक रही है और अधिक नीचे दाम पर बिकवाली से बचने के लिए किसान मंडियों में आवक कम ला रहे हैं। बीते सप्ताह में सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार का यह प्रमुख कारण है।

## अप्रैल में बारिश और कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि से एसी की बिक्री पर पड़ेगा असर

नयी दिल्ली। दक्षिण भारत में रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों के कुछ भागों में मध्यम वर्षा के साथ हाल ही में आए तूफान ने अप्रैल में घर में इस्तेमाल होने वाले रूम एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री की गति धीमी कर दी है। हालांकि, उद्योग को इस साल अब भी इस खंड में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि हाल के मौसम पूर्वानुमानों में तीव्र गर्मी का संकेत दिया गया है। एसी कंपनियां भी अप्रैल से कीमतों में पांच प्रतिशत तक वृद्धि करने जा रही हैं। यह मूल्यवृद्धि व्यापक आर्थिक अस्थिरता के बीच मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के प्रभाव को कम करने के लिए है। इसके अलावा, रूम एसी उद्योग अभी भी मुख्य रूप से चीन से कंप्रेसर, पीसीबी और पंखा मोटर जैसे महत्वपूर्ण कलपुर्जों के आयात पर निर्भर है, और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा शुरू किए गए शुल्क गतिरोध को लेकर चिंतित है। ऐसी परिस्थितियों के बावजूद, रूम एसी उद्योग को जून तिमाही में दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। यह सीजन कंप्रेसर आधारित ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों की बिक्री में बड़ा योगदान देता है। पिछले साल ऊंचे आधार प्रभाव के बीच उद्योग ने करीब 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

# कंपनियों की पूंजी 84,559 करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 84,559.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 207.43 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.9 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

श्री महावीर जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहे थे। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया, वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 28,700.26 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,054.27 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 19,757.27 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार पूंजीकरण 16,50,002.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 15,329.79 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,845.57 करोड़ रुपये पर और बजाज फाइनेंस की 12,760.23 करोड़ रुपये बढ़कर 5,53,348.28 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,011.46 करोड़ रुपये बढ़कर 10,02,030.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट टीसीएस का मूल्यांकन 24,295.46 करोड़ रुपये घटकर 11,69,474.43 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,319.11 करोड़ रुपये घटकर 5,85,859.34 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 12,271.36 करोड़ रुपये घटकर 6,72,960.97 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 8,913.09 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,34,351.86 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,958.31 करोड़ रुपये घटकर 13,82,450.37 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में अमेरिकी-चीन शुल्क युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों विप्रो और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी इस सप्ताह बाजार की चाल तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के कारण सोमवार को और गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा कि यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज हो गया है और दोनों देश एक-दूसरे पर शुल्क-पर-शुल्क लगा रहे हैं। इससे बाजारों में उथल-पुथल मची हुई है। घरेलू स्तर पर, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह जारी होंगे। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल के पहले सप्ताह में एक बड़ी शुल्क योजना का अनावरण किया था। व्हाइट हाउस ने बाद में चीन को छोड़कर ज्यादातर देशों के लिए जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया है। वहीं चीन ने अमेरिका पर 125 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिकी उत्पादों पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया, जो अमेरिका के 145 प्रतिशत शुल्क के जवाब में था। हालांकि, चीन ने दुनिया की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच बातचीत के लिए दरवाजा खुला रखा है। आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजार अमेरिका-चीन शुल्क मोर्चे पर आगे के घटनाक्रमों से प्रभावित होगा। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, कंपनियों के तिमाही नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। सप्ताह के दौरान आईटी क्षेत्र की दिग्गज विप्रो और इन्फोसिस के अलावा निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के मार्च तिमाही के नतीजे घोषित होंगे।

## बैंकों ने अवैध लेनदेन के खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा

नयी दिल्ली। फर्जी खातों के जरिये साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा है।

उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है। बैंक आंतरिक कारणों के आधार पर खातों को जब्त करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है। भारतीय बैंक संघ के एक कार्यसमूह ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसके मद्देनजर, हम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सुझाव दे सकते हैं कि वह आगे इस पर विचार करे। धोखेबाज बैंकिंग प्रणाली के जरिये अवैध रूप से धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खातों का उपयोग करते हैं। बैंक हर साल ऐसे हजारों खातों को जब्त करते हैं, लेकिन धोखेबाज प्रणाली में खामियों का फायदा उठाकर जल्दी से नए खाते बना लेते हैं। बैंकों ने स्थायी खाता संख्या या पैन की अनुपस्थिति में मतदाता पहचान पत्र और फॉर्म 60 का उपयोग करके खाते खोलने वाले व्यक्तियों को सत्यापित करने के लिए चुनाव आयोग के आंकड़ों का उपयोग करने और ऐसे खातों पर लेनदेन की संख्या को सीमित करने का प्रस्ताव दिया है।

## एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 31,575 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। अमेरिका द्वारा भारत सहित दुनिया के तमाम देशों पर लगाए गए शुल्क की चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 31,575 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले 21 मार्च से 28 मार्च तक छह कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 30,927 करोड़ रुपये डाले थे।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस निवेश से मार्च में एफपीआई की कुल कुल निकासी घटकर 3,973 करोड़ रुपये रही है। पिछले महीनों की तुलना में यह स्थिति में उल्लेखनीय सुधार है। फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 34,574 करोड़ रुपये निकाले थे, जबकि जनवरी में यह निकासी और भी अधिक यानी 78,027 करोड़ रुपये थी। निवेशक भावना में यह बदलाव वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और बदलती परिस्थितियों को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 31,575 करोड़ रुपये निकाले हैं। इसके साथ ही, 2025 में अबतक एफपीआई की कुल निकासी 1.48 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में उथल-पुथल भारत में एफपीआई निवेश को भी प्रभावित कर रही है। उनका मानना है कि मौजूदा उथल-पुथल थमने के बाद ही एफपीआई की रणनीति अधिक स्पष्ट हो पाएगी। मध्यम अवधि में एफपीआई भारत में खरीदार बन सकते हैं, क्योंकि अमेरिका और चीन दोनों ही मौजूदा व्यापार युद्ध के चलते अपरिहार्य सुस्ती की ओर बढ़ रहे हैं। प्रतिकूल वैश्विक परिदृश्य में भी भारत वित्त वर्ष 2025-26 में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है।

## आयात पर निर्भरता घटायें, हरित निर्माण मॉड्यूलर अवसंरचना पर ध्यान दें उद्योग

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को निर्माण उद्योग से आयात पर निर्भरता कम करने, स्वच्छ एवं हरित निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने तथा भूकंपरोधी एवं मॉड्यूलर अवसंरचना की दिशा में काम करने को कहा।

मॉड्यूलर अवसंरचना से आशय एक ऐसे ढांचे से है जहां व्यक्तिगत कलपुर्जों और आसानी से जोड़ा और संयोजित किया जा सकता है, जिससे बड़ी प्रणालियां बनाई जा सकती हैं। गोयल ने नयी दिल्ली में रसायन एवं संबद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद (कैपेक्सिल) के वाइब्रेंट बिल्डकॉन-2025 के पहले संस्करण के उद्घाटन के दौरान कहा कि आवास, बुनियादी ढांचा, वाणिज्यिक अचलसंपत्ति, रेलवे, हवाई अड्डे, राजमार्ग और ऊर्जा जैसे क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सीमेंट और इलेक्ट्रिकल्स से लेकर सुरक्षा प्रणालियों और स्वचालन तक हर तत्व इस पारिस्थितिकी तंत्र में एक भूमिका निभाता है। गोयल ने कहा कि 20 नए स्मार्ट औद्योगिक शहरों, 50 गंतव्यों में बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचे और 100 नए औद्योगिक प्लग-एंड-प्ले (उपयोग के लिए तैयार) केंद्रों सहित सरकार की पहल से भारत को आज 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 30-35 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी।

## दो साल में शुरू होंगी 10 लाख करोड़ की राजमार्ग परियोजनाएं : गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए अगले दो साल में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देंगे, जहां की सड़कें अमेरिका की सड़कों के समान होंगी। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार अगले दो साल में देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, ताकि यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर हो। हम अगले दो साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले दो वर्षों में पूर्वोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कठिन भूभाग और सीमाओं से निकटता को देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाना है, ताकि यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचे के बराबर हो जाए। उन्होंने बताया कि इस दिशा में महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और दिल्ली सहित सभी राज्यों में काम चल रहा है। गडकरी ने कहा कि पूर्वी राज्यों में 3,73,484 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 784 राजमार्ग परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी, जिनके तहत 21,355 किलोमीटर सड़क आएंगी। उन्होंने कहा कि इनमें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) की परियोजनाएं शामिल हैं। गडकरी ने बताया, हमारे पास फिलहाल असम में 57,696 करोड़ रुपये और बिहार में लगभग 90,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं हैं। हम पश्चिम बंगाल में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक, झारखंड में लगभग 53,000 करोड़ रुपये और ओडिशा में लगभग 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं भी शुरू कर रहे हैं। असम को छोड़कर पूर्वोत्तर में हम इस साल ही करीब एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि नागपुर में 170 करोड़ रुपये की लागत से एक मास रैपिड ट्रांसपोर्ट पायलट परियोजना चल रही है। इस परियोजना में 135 सीटों वाली बस शामिल है।

## अप्रैल-फरवरी में भारत का कोयला आयात घटकर 24.07 करोड़ टन पर



नयी दिल्ली। बीते वित्त वर्ष के पहले 11 माह (अप्रैल-फरवरी) के दौरान देश का कोयला आयात मामूली 1.4 प्रतिशत घटकर 24.07 करोड़ टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 24.42 करोड़ टन का कोयला आयात किया था।

समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 15.23 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि के 16.06 करोड़ टन से कम है। अप्रैल-फरवरी, 2024-25 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.97 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 5.19 करोड़ टन से कम है। एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयले का आयात भी पिछले साल के समान महीने के 2.16 करोड़ टन से घटकर 1.81 करोड़ टन रह गया है। माह-दर-माह आधार पर, फरवरी, 2025 में कोयले का आयात जनवरी, 2025 के 2.14 करोड़ टन के मुकाबले 15.3 प्रतिशत कम रहा है। फरवरी, 2025 में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 1.11 करोड़ टन रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 1.38 करोड़ टन था। फरवरी, 2024 के 46 लाख टन के मुकाबले कोकिंग कोयले का आयात 38 लाख टन रहा। आयात की मात्रा में गिरावट आई है, जो बाजार की उम्मीदों के अनुरूप है। प्रणाली में ऊंचे भंडार ने आयातित सामग्रियों की मांग को कम कर दिया है। हमें उम्मीद है कि गर्मियों की शुरुआत के साथ बिजली की मांग बढ़ने तक यह प्रवृत्ति जारी रहेगी।

वित्त वर्ष 2024-2025 की अप्रैल-फरवरी अवधि में देश का कुल कोयला उत्पादन 2023-24 की समान अवधि के 87.85 करोड़ टन से बढ़कर 92.89 करोड़ टन हो गया है।

## पेज एक का शेष

### वक्फ संशोधन

और आंध्र प्रदेश के मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के साथ-साथ दोनों राज्यों के अन्य मुस्लिम संगठन इस जनसभा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जनसभा में वे भाषण देंगे और जनता को बताएंगे कि वक्फ संशोधन अधिनियम वक्फ के पक्ष में नहीं है। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि वे संसदीय वक्फ समिति के सदस्यों से भी बात करने का प्रयास कर रहे हैं और यदि उन्हें अपने व्यस्त कार्यक्रम से फुर्सत मिलती है तो वे भी इस जनसभा में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे अप्रैल के पहले सप्ताह में संसद द्वारा पारित किया गया था। ओवैसी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाया गया वक्फ (संशोधन) अधिनियम असंवैधानिक है और यह संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25, 26 और 29 सहित संविधान के कई प्रावधानों का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों के पक्ष में नहीं है। एआईएमआईएम अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से इस अधिनियम पर पुनर्विचार करने की अपील की। ओवैसी ने कहा, आप (प्रधानमंत्री मोदी) यह कानून बना रहे हैं जो भारत के संविधान के खिलाफ है, और आप अपनी विचारधारा देश पर थोप रहे हैं। आपकी विचारधारा भारतीय राष्ट्रवाद और संविधान होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर यह कहकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया कि कोई भी वक्फ न्यायाधिकरण के फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दे सकता।

### आंध्र प्रदेश में

घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। दुर्घटना अपराह्न लगभग 12:45 बजे हुई और अधिकारी फिलहाल शवों को निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर पुलिस की मदद कर रहे हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अनिता और जिले के अधिकारियों को घायलों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया और सरकार से पीड़ितों की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं से पीड़ितों को हर संभव सहायता देने को भी कहा।

### पश्चिम बंगाल के

हुए हैं। भाजपा नेता अधिकारी ने कहा, टीएमसी की तुष्टीकरण की राजनीति ने कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दिया है। हिंदुओं को शिकार बनाया जा रहा है, हमारे लोग अपनी ही जमीन पर जान बचाने के लिए भाग रहे हैंउ कानून-व्यवस्था की इतनी खराब स्थिति पर राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं जिले में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस और जिला प्रशासन से आग्रह करता हूं कि वे इन विस्थापित हिंदुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करें और इस जिहादी आतंक से उनके जीवन की रक्षा करें। देवनापुर-सोवापुर ग्राम पंचायत की प्रधान सुलेखा चौधरी ने बताया कि शुरू में कुछ लोग (हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद से) नावों में आ रहे थे, लेकिन शुक्रवार दोपहर से इस संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि शनिवार रात तक आने वाले लोगों की संख्या 500 को पार कर गई, जिनमें से अधिकतर महिलाएं थीं। चौधरी ने बताया कि इन लोगों को इलाके के स्कूलों में आश्रय दिया गया है और उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। वैष्णवनगर से तृणमूल कांग्रेस की विधायक चंदना सरकार ने बताया कि मुर्शिदाबाद से नावों में आने वालों की सहायता के लिए नदी किनारे 20 युवकों को तैनात किया गया है। विधायक ने बताया कि उन्हें स्कूलों में आश्रय दिया गया है और उनके लिए व्यवस्था की गई है। मालदा में एक स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि ने बताया कि शनिवार से अब तक धुलियान, सुती और जंगीपुर जैसे इलाकों से दंगा प्रभावित लोगों को लेकर करीब 40-50 नावें आ चुकी हैं और कलियाचक-3 ब्लॉक के पल्लरपुर गांव में जरूरी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे यहां सुरक्षित हैं।

### योगी ने

चार अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को इसे अपनी मंजूरी दे दी। वक्फ (संशोधन) विधेयक आने के बाद से ही तमाम मुस्लिम संगठन समेत विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले उनकी याद में शुरू किए गए अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब तक हम सही तथ्य जनता जनार्दन के सामने नहीं रखेंगे तो ये लोग गुमराह करके अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करते रहेंगे और वे लोग इसी प्रकार गुमराह करके, देश में अव्यवस्था पैदा करके दलितों, वंचितों का शोषण करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे दलितों, गरीबों और वंचितों को उनके अधिकारों से वंचित करते रहेंगे। इसलिए कार्ययोजना के साथ भाजपा की कार्यशाला यहां आयोजित हो रही है। योगी ने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर की जहां कहीं भी प्रतिमा है, उनके नाम पर पार्क है, वहां आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और सरकार के अधिकारीगण स्वच्छता के विशेष कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। कांग्रेस पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, पहले उन्होंने (जाहिर तौर पर कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए) बाबासाहेब आंबेडकर को चुनाव हारने पर मजबूर किया। उनके महापरिनिर्वाण के बाद, उन्होंने दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। कांग्रेस ने उनका स्मारक भी नहीं बनने दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (कांग्रेस ने) 1976 में संविधान में संशोधन किया और एक ऐसा शब्द जोड़ा, जिसके खिलाफ बाबासाहेब ने खुद तर्क दिए थे। आंबेडकर ने छह दिसंबर 1956 को दिल्ली में अपने घर में अंतिम सांस ली थी और उनका अंतिम संस्कार बौद्ध परंपराओं के अनुसार किया गया था। उनका अंतिम संस्कार महाराष्ट्र के मुंबई शहर में चैत्य भूमि पर हुआ था।

### रूस के

जाता है। इससे एक दिन पहले रूस और यूक्रेन के शीर्ष राजनयिकों ने ऊर्जा संरचना पर हमले रोकने के लिए अमेरिका द्वारा कराए गए संभावित समझौते के उल्लंघन का एक-दूसरे पर आरोप लगाया था।

### उत्तराखंड की

भी कार्य कर रही है। इसी क्रम में बैजनाथ धाम के साथ-साथ मां कोट भ्रामरी मंदिर का भी विकास किया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था व पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अनेक योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। एक जनपद, दो उत्पाद योजना के माध्यम से स्थानीय आजीविका के अवसरों को बढ़ावा मिला है, जबकि हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड ने हमारे उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया है। इसके अतिरिक्त स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे और वेड इन उत्तराखंड जैसी योजनाओं से राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इन योजनाओं से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और पर्यटन एवं कृषि क्षेत्रों में नई संभावनाएँ विकसित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हाल ही में बागेश्वर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की शुरूआत की है, जिससे इस क्षेत्र के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। बागेश्वर को रेल मार्ग से जोड़ने का सपना कई पीढ़ियों से अधूरा था, लेकिन हमारी डबल इंजन सरकार के प्रयासों से इस परियोजना का सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है और शीघ्र ही रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके माध्यम से चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जनपदों में विकास की नई संभावनाएँ साकार होंगी। महोत्सव को केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टमटा, क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, जिला पंचायत प्रशासक बसंती देव एवं पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रशासक हेमा बिष्ट, एसपी चंद्रशेखर आर. घोड़के, सीडीओ आर.सी. तिवारी, एडीएम ए.एस नबियाल, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### मनरेगा श्रमिकों

सुधारों को लागू करने के लिए देश भर में स्वतंत्र और पारदर्शी सर्वेक्षण की सिफारिश की है। समिति ने योजना में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि वर्तमान में 100 दिनों का रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों से दिनों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है। समिति ने कहा कि बदलते समय और उभरती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजना में सुधार की आवश्यकता है। समिति मंत्रालय से उन विकल्पों पर विचार करने का आग्रह करती है, जिससे मनरेगा के तहत गारंटीकृत कार्य दिवसों की संख्या मौजूदा 100 दिनों से बढ़ाकर कम से कम 150 दिन की जा सके। समिति ने यह भी सिफारिश की कि जलवायु शमन और आपदा राहत के लिए, सूखा राहत प्रावधान के तहत 150 दिनों की वर्तमान कार्य सीमा को बढ़ाकर 200 दिन किया जाना चाहिए।

इसने कहा कि वन क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के परिवारों के लिए मनरेगा के तहत 150 दिनों की मजदूरी प्रदान करने के निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं कमजोर समुदायों के लोगों के लिए आय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम के तहत 150 दिन का काम देने की सीमा को बढ़ाकर 200 दिन किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति के साथ मजदूरी के तालमेल में विफलता पर चिंता व्यक्त करते हुए समिति ने कहा कि मनरेगा के तहत आधार मजदूरी दरों को संशोधित किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे वर्तमान आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप हों और ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पारिश्रमिक के रूप में कम से कम 400 रुपये प्रतिदिन प्रदान किए जाने चाहिए, क्योंकि वर्तमान दरें बुनियादी दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त हैं।

### गाजी बाबा के

घर में छिपा हुआ है। पुस्तक में कहा गया है कि गाजी बाबा के बार-बार अपने ठिकाने बदलने की आदत और पकड़ से बचने की उसकी क्षमता के कारण बीएसएफ के लिए उसी रात अपना अभियान चलाना आवश्यक था। इस अभियान की योजना दुबे ने बनाई थी, जो उस समय 61वीं बीएसएफ बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट थे, तथा इसमें 193वीं बटालियन के कर्मियों ने सहायता की थी। बीएसएफ की टीम 30 अगस्त 2003 की सुबह एक बंद इमारत का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, लेकिन अचानक इमारत में किसी ने बिजली की आपूर्ति बंद कर दी। पुस्तक के अनुसार, इमारत की तलाशी के दौरान बीएसएफ को पांच नागरिक मिले, जिनमें चार महिलाएं भी थीं, लेकिन उनके जवाबै असंगत और संदिग्धै थे, जिससे जवानों को विश्वास हो गया कि वहां आतंकवादी छिपे हुए हैं। बीएसएफ की पुस्तक के मुताबिक, जब जवानों ने इमारत की दूसरी मंजिल की तलाशी ली, तो एक कमरे में अलमारी की स्थिति और डिजाइन ने उनके मन में संदेह पैदा किया।

### इजराइल ने

कम करने के लिए कदम उठाए गए थे, जिसमें चेतावनी जारी करना और हवाई निगरानी शामिल थी। इसके कुछ ही घंटे बाद, मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में एक कार पर किये गए एक अन्य हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई।




# आरसीबी ने राजस्थान को नौ विकेट से रौंदा

## आईपीएल 2025 : सॉल्ट और कोहली का अर्धशतक, यशस्वी जायसवाल ने 75 रन, 47 गेंद, 10 चौके, दो छक्के के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाये

एजेंसी

जयपुर। फिल सॉल्ट और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंद दिया। सॉल्ट (65 रन, 33 गेंद, छह छक्के, पांच चौके) और कोहली (नाबाद 62, 45 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के बीच पहले विकेट की 92 रन की तेजर्तार साझेदारी से आरसीबी ने 174 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 40, 28 रन, पांच चौके, एक छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (75 रन, 47 गेंद, 10 चौके, दो छक्के) के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाए। जायसवाल ने रियान पराग (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। ध्रुव जुरेल ने अंत में 23 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को चुनौतपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी को सॉल्ट और कोहली ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में 65 रन जोड़े। सॉल्ट ने



जोफ्रा आर्चर पर चौके और छक्के के साथ अपनी पारी की शुरुआत की जबकि कोहली ने तुषार देशपांडे पर चौका जड़ा। सॉल्ट ने आर्चर के दूसरे ओवर में चौका और छक्का मारा जबकि कोहली सात रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब संदीप शर्मा की गेंद पर पराग उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। सॉल्ट ने महेश तीक्षणा और संदीप शर्मा पर भी छक्के मारे। संदीप की गेंद पर हालांकि सॉल्ट भाग्यशाली रहे जब कवर्स में जायसवाल ने उनका कैच टपका दिया। सॉल्ट ने वानिंदु हसरंगा पर चौके के साथ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर इस स्पिनर पर छक्का भी जड़ा। सॉल्ट ने कुमार कार्तिकेय पर भी छक्का मारा लेकिन अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर जायसवाल के हाथों में खेल गए। आरसीबी के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। कोहली ने कार्तिकेय और हसरंगा पर छक्के के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पडिक्कल ने देशपांडे पर चौके और छक्के के बाद संदीप पर चौके के साथ टीम को जीत दिलाई। इससे पहले आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद जायसवाल और संजू सैमसन (15) ने पावर प्ले में 45 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने भुवनेश्वर कुमार पर चौके से खाता खोला और फिर यश दयाल की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। सैमसन हालांकि जूझते हुए नजर आए और पावर प्ले में उन्होंने एकमात्र चौका जोश हेजलवुड पर जड़ा। इसके बाद कप्तान सैमसन का धैर्य जवाब दे गया। वह कृणाल पंड्या की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश क्रीज से आगे बढ़े और जितेश शर्मा ने उन्हें स्टंप कर दिया।

वह 19 गेंद में सिर्फ एक चौका लगा पाए। जायसवाल और पराग ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। पराग ने सुयश शर्मा का स्वागत दो चौकों के साथ किया और फिर कृणाल पर डीप मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया। जायसवाल ने 13वें ओवर में कृणाल पर एक रन के साथ 35 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और इसी ओवर में चौके के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। यश ने गेंदबाजी में वापसी करते हुए पराग को कोहली के हाथों कैच कराके राजस्थान को दूसरा झटका दिया। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का मारा। जायसवाल भी यश के इस ओवर में भाग्यशाली रहे जब कवर्स में लियाम लिविंगस्टोन ने उनका कैच टपका दिया। रॉयल्स ने 15 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाए। जायसवाल ने 16वें ओवर में हेजलवुड की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन इसी ओवर में सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हो गए।

# लखनऊ सुपर जायंट्स व चेन्नई सुपर किंग्स में मुकाबला आज



लखनऊ। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाये हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है। सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है।

उनकी टीम में पावर-हिटर की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि पावरप्ले में 60 रन बनाने का लक्ष्य भी उनके लिए बहुत महत्वाकांक्षी है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और डेवोन कॉनवे दो बेहतरीन बल्लेबाज हैं लेकिन उनसे पहली गेंद से ही जोरदार बल्लेबाजी की उम्मीद करना उनके खेलने की शैली के खिलाफ है। गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। टीम को अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से भी अच्छे प्रदर्शन की दरकार है। शिवम दुबे को पावर-हिटिंग के मोर्चे पर अधिक समर्थन की जरूरत है और ऐसा करने के लिए सबसे बेहतर खुद धोनी हैं लेकिन बल्लेबाजी क्रम में उनका लगातार बदलाव करना विश्व कप विजेता कप्तान के लिए मुश्किल काम हो गया है। वह पिछले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। पिछले मैच के बाद सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा कि उनकी टीम अभी हार नहीं मानने वाली है। हसी ने कोलकाता नाइट राइडर्स से मिली हार के बाद कहा, मुझे अब भी लगता है कि हमारे पास सही खिलाड़ी हैं। हमारे खेलने के तरीके के बारे में बहुत चर्चा होती है। लेकिन हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, हम उनसे बिल्कुल अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कहना चाहते। यह उनके लिए स्वाभाविक है। वहीं मेजबान टीम लखनऊसुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत की तलाश में होगी। टीम ने अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के बाद टूर्नामेंट में जरूरी निरंतरता हासिल की है। मुख्य



तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत में उनकी गेंदबाजी सबसे कमजोर कड़ी थी लेकिन शनिवार को गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल करने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। आवेश खान रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाजों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स की शानदार शुरुआत के बाद लगाम कसी, यह देखना शानदार था। गेंदबाज पारी के अंत में रनों के प्रवाह को रोकने में सक्षम रहे।

लखनऊकी पिच पारंपरिक रूप से धीमी है और बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है। पिच निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ियों के लिए अनुकूल है जो हमेशा की तरह ही शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। शीर्ष क्रम में मिचेल मार्श की अनुपस्थिति ने शनिवार को ज षभ पंत को फॉर्म में चल रहे एडेन मारक्रम के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया। पंत ने शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन क्या मार्श की वापसी के बाद वह खुद को सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका देंगे? यह सवाल बना हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्श अब तक उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक रहे हैं जिससे पंत का शीर्ष पर बल्लेबाजी करना मुश्किल है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

### युवराज और सूर्यकुमार ने लगातार प्रोत्साहित किया: अभिषेक शर्मा

हैदराबाद। अपने रिकॉर्ड शतक से फॉर्म में वापसी करने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इसका श्रेय अपने मार्गदर्शक युवराज सिंह और भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को दिया जिन्होंने खराब दौर में उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शनिवार को यहां 55 गेंद पर 141 रन की तूफानी पारी खेली जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने 246 रन के लक्ष्य को बौना साबित करके पिछले चार मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म किया। यह आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हालांकि स्वीकार किया।

## संक्षेप

### लुकास मार्टेंस ने 400 में बनाया विश्व रिकॉर्ड

स्टॉकहोम। ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने स्विम ओपन स्टॉकहोम में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकेंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकेंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। तेईस वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 3:41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक डॉटकॉम के अनुसार उन्होंने इस तरह 2009 में जर्मनी के साथी पॉल बिडरमैन द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को 0.11 सेकेंड तोड़ दिया।

### यूक्रेन व स्पेन ने बिली जीन किंग कप के लिए किया क्वालीफाई

रेडोम (पोलैंड)। एलिना स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन को 6-4, 6-2 से हराया जिससे यूक्रेन पहली बार बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड को 2-1 से पराजित किया और इस तरह से ग्रुप ई में शीर्ष पर रहते हुए सितंबर में चीन के शेन्ज़ेन में होने वाले फाइनल्स में प्रवेश किया। स्पेन ने भी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। जेसिका बौज़स मनेरियो ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर स्पेन को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। बर्नार्डा पेरा ने डेनमार्क की जोहान स्वेनडसेन को हराकर अमेरिका को ग्रुप सी में 2-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका का अगला मुकाबला मेजबान देश स्लोवाकिया से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली टीम फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। जापान की मोयुका उचिजिमा ने ग्रुप ए में रोमानिया की एंका टोडोनी को 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। जापान का अगला मुकाबला कनाडा से होगा जिससे फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का निर्धारण होगा।

### खिताबी भिड़ंत के लिए तैयार मध्य प्रदेश और पंजाब

झांसी। मध्य प्रदेश और पंजाब ने रविवार को यहां सेमीफाइनल में क्रमशः मणिपुर और उत्तर प्रदेश को हराकर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में मध्य प्रदेश ने कप्तान यूसुफ अफ्फान और अली अहमद के दो दो गोल की मदद से मणिपुर को 5-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मध्य प्रदेश के लिए एक अन्य गोल मोहम्मद जैद खान ने किया। मणिपुर के लिए मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, कप्तान चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम और लैशराम दीपू सिंह ने गोल किए।

# बार्सिलोना ने करीबी जीत से, बढ़त मजबूत की

एजेंसी

बार्सिलोना। बार्सिलोना ने रेलीगेशन (दूसरी डिवीजन में खिसकने) का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया।

इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियाल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्पेनयॉल ने स्ट्राइकर रॉबर्टो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत हासिल की जबकि साइल लारिन और सेर्गी डार्डर के गोल की मदद से मैलोर्का ने सैन सेबेस्टियन में रियाल सोसिदाद को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में लास पालमास ने गेटाफे को 3-1 से हरा कर साल की अपनी पहली जीत दर्ज की।



### मैनचेस्टर सिटी ने शानदार वापसी की, आर्सेनल ने अपना मैच ड्रॉ खेला

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 52 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया। एक अन्य मैच में एस्टन विला पहले से ही दूसरी डिवीजन में खिसक चुके साउथेम्प्टन को 3-0 से हरा कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया।

### ताइक्वांडो : 28 खिलाड़ियों ने हासिल की सफलता

लखनऊ। मल्हौर रोड स्थित सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल में आयोजित ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट टेस्ट परीक्षा 28 खिलाड़ियों ने उत्तीर्ण की। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने उत्तीर्ण खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन अनुराग मिश्रा ने उत्तीर्ण खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया। लखनऊ ताइक्वांडो एकेडमी के सचिव मोहित कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों ने रेड वन से ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें काव्या दिवाकर, स्तुति गुप्ता, जेश्ना भट्ट, सौम्या भट्ट, कौशिकी सिंह यादव, वेदांशी साहू, कुशाग्र वर्मा, प्रगति वर्मा, देवांश प्रशांत मिश्रा, कुमारी प्रकृति, मानवी सिन्हा, मनस्वी सिंह, मायरा कुशवाहा, रूद्रय गुप्ता, शिवाय गुप्ता, अथर्व मिश्रा, वासफी नौशाद, मैत्रेयी तिवारी, समृद्धि मिश्रा, अदीबा उबैद, मेहुल शुक्ला, मोहम्मद मुस्तफा उमर अंसारी, रवीन्द्र कुमार, आव्या सिंह, अभिलाषा यादव, वेदांत सिंह, किंजल्क त्रिपाठी और उन्नयन ने ब्लैक बेल्ट की डिग्री हासिल की।

# मुंबई ने दिल्ली को दिया 206 रन का लक्ष्य

एजेंसी

नयी दिल्ली । मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के 29वें मैच में 206 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। तिलक वर्मा ने फिफ्टी लगाई। दिल्ली के लिए स्पिनर कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए। दिल्ली ने 2 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 24 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और करुण नायर पिच पर हैं। दीपक चाहर ने पहली ही गेंद पर विकेट ले लिया, उन्होंने जैक फ्रेजर मैगर्क को कैच कराया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम से तिलक वर्मा ने 59, रायन रिकेलटन ने 41, सूर्यकुमार यादव ने 40 और नमन धीर ने 38 रन बनाए।

मुंबई ने 20वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। मुकेश कुमार ने तिलक वर्मा को ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्र पर कैच कराया। तिलक ने 59 रन बनाए। 19वें ओवर में नमन धीर ने तिलक वर्मा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। नमन ने ओवर की पांचवीं बॉल पर 2 रन लिए और तिलक के साथ हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप पूरी की। तिलक वर्मा ने 17वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने मोहित शर्मा के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के सथ तिलक ने 26 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वे इसी ओवर की आखिरी गेंद पर छइह भी हो गए थे। हालांकि, रिव्यू लेने के कारण नॉटआउट रहे। मुंबई इंडियंस ने 16वें ओवर में अपने 150 रन पूरे कर लिए। तिलक वर्मा ने ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप यादव के खिलाफ



चौका लगाया और 150 रन पूरे किए। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या 15वें ओवर में आउट हो गए।

उन्हें विपराज निगम ने ओवर की पहली गेंद पर कैच कराया। हार्दिक 2 ही रन बना सके। मुंबई ने 13वें ओवर में तीसरा विकेट गंवाया। कुलदीप यादव ने ओवर की पहली गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच कराया। सूर्या ने 40 रन बनाए। 13वें ओवर में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी हो गई। सूर्या ने विपराज निगम के खिलाफ ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाया और तिलक के साथ हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप पूरी की। मुंबई इंडियंस ने 11वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। सूर्यकुमार यादव ने अक्षर पटेल के खिलाफ सिंगल लिया और टीम की सेंचुरी पूरी कराई। मुंबई ने 8वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। कुलदीप यादव ने ओवर की दूसरी गेंद पर रायन रिकेलटन को बोल्ड किया। रिकेलटन ने 25 गेंद पर 41 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले में तेज शुरूआत की।

### 173 रन का स्कोर अच्छा, आरसीबी का इरादा बेहतर था : सैमसन

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने रविवार को यहां हार के बाद स्वीकार किया कि सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच पर उनकी टीम के 173 रन का स्कोर बचाव किया जा सकता था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजों ने शानदार जज्बे की बदौलत इसे आसानी से हासिल कर लिया। फिल साल्ट की 33 गेंद में 65 रन की विस्फोटक पारी ने नींव रखी और विराट कोहली के 100वें टी20 अर्धशतक से आरसीबी ने बिना किसी परेशानी के बड़े लक्ष्य का पीछा किया। टीम की लगातार दूसरी हार के बाद सैमसन ने कहा, धीमे विकेट पर टॉस हारने के बाद 170 रन के आसपास का स्कोर वाकई अच्छा स्कोर था। पावरप्ले में बल्लेबाजी करना मुश्किल था। हालांकि आरसीबी ने इसी पिच पर शानदार प्रदर्शन किया और 15 गेंद रहते हुए मैच जीतने में सफल रही। सैमसन ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में ही मैच गंवा दिया था। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि साल्ट और कोहली हमें कड़ी टक्कर देंगे। उन्होंने पावरप्ले में ही मैच जीत लिया। उन्होंने अपने क्षेत्ररक्षकों द्वारा छोड़े गए कई कैच के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया। उन्होंने कहा, उन्होंने (आरसीबी के खिलाड़ियों ने) हमारे कैच भी छोड़े, हमने भी उनके कैच छोड़े। यह ठीक है, उन्होंने बेहतर बल्लेबाजी की। आरसीबी को श्रेय देना होगा।

# यूपी की सब जूनियर टीम ने स्वर्णिम सफलता हासिल कर लहराया परचम



- 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप
- फाइनल मुकाबले में राजस्थान को 31-30 से शिकस्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने कांटे के संघर्ष में आक्रामकता और बेहतर रणनीति की बदौलत 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्णिम सफलता हासिल कर इतिहास रच दिया। केओंझर (ओडिशा) में 8 से 12 अप्रैल, 2025 तक आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को कड़ी टक्कर देते हुए 31-30 के स्कोर से मात दी। फाइनल में शुरू से ही रोमांच बना रहा। पहले हॉफ में दोनों टीमें 14-14 से बराबरी पर रहीं, जबकि दूसरे हॉफ में गोलों की होड़ लग गई। इस दौरान दोनों टीमें एक-एक गोल के लिए संघर्ष करती दिखी जिसके चलते अंत तक यह कहना मुश्किल रहा कि कौन विजेता बनेगा। इसी बीच अंतिम क्षणों से कुछ पहले उत्तर प्रदेश ने निर्णायक गोल करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश की ओर से कृष ने सर्वाधिक 11 गोल दागे। उनका साथ देते हुए विकास ने 6, अभिषेक व प्रवेश ने 4-4 जबकि हर्षित ने दो गोल किए। राजस्थान से प्रवीण ने सर्वाधिक 16 गोल, अजयराज यादव ने 8 व दुष्यंत ने 3 गोल किए। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने यूपी टीम की इस स्वर्णिम सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश ने पिछले संस्करण में रजत पदक जीता था और अब खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। उत्तर प्रदेश ने इससे पहले साल 2006 में हुई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा कि हाल ही में यूपी की जूनियर बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीता था और अब यूपी की सब जूनियर बालक टीम की यह सफलता उत्तर प्रदेश में हैंडबॉल के बढ़ते हुए ग्राफ का प्रतीक है। उन्होंने खिलाड़ियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत के लिए बधाई देते हुए कोच मो. तौहीद की भी सराहना की।

# शांति व स्थिरता से ही होगा विकास

## दुश्मन देश जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने के लिए लगातार आतंकवादी भेज रहा है : मनोज सिन्हा

एजेंसी



राजौरी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि दुश्मन देश जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने के लिए लगातार आतंकवादी भेज रहा है। सिन्हा ने कहा कि विकास तभी संभव होगा जब क्षेत्र में शांति और स्थिरता होगी। उन्होंने लोगों से आतंकवाद को खत्म करने में सुरक्षा बलों की मदद करने को कहा। राजौरी दिवस के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने उन बहादुर सैनिकों और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने 1948 में इसी दिन सीमावर्ती जिले की मुक्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

इस कार्यक्रम में जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (उत्तरी कमान) लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार, जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पीके मिश्रा, सेना के पूर्व अधिकारी, जन प्रतिनिधि और वरिष्ठ सुरक्षा बल, पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। सिन्हा ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए समाज के सभी वर्गों से विभाजनकारी ताकतों की पहचान करने और उन्हें अलग-थलग करने तथा आतंकवादी तंत्र के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आग्रह किया। उपराज्यपाल ने कहा आज हमें और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। दुश्मन लगातार आतंकवादियों को भेजकर हमारी शांति को भंग करने की कोशिश कर रहा है।

भारतीय सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस को जनता के साथ मिलकर आतंकवादियों और उनके समर्थकों का पूरी तरह से सफाया करने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा हमारी सामूहिक ताकत दुश्मनों और आतंकवादियों का सफाया करने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करेगी व शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। उपराज्यपाल ने कहा गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। उनकी अमर शिक्षाएं हमारे वीर सैनिकों का निरंतर मार्गदर्शन कर रही हैं। उनके दर्शन और मूल्य भारतीय सेना के वीर सैनिकों को आकार देते हैं और उन्हें त्याग, समर्पण, वीरता और बलिदान के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर राजौरी की मुक्ति के 77 गौरवशाली वर्षों की याद में एक विशेष डाक कवर जारी किया गया।

# आंबेडकर भावी पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे : राष्ट्रपति

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर नागरिकों को बधाई दी और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान भविष्य की पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने को प्रेरित करता रहेगा। एक संदेश में उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी असाधारण उपलब्धियों से दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वह शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और वंचितों के सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण साधन मानते थे। मुर्मु ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान भावी पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने को प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा, इस अवसर पर, आइए हम अपने जीवन में डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें तथा एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करें, जिसमें सामाजिक सद्भाव और समानता की भावना समाहित हो। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, हमारे संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को महाराष्ट्र के एक दलित परिवार में हुआ था।

संक्षेप

## मृत्युदंड देना इस्लाम का हिस्सा : तालिबान नेता

काबुल। अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए गये चार लोगों को गोली मारकर मौत की सजा देने के कुछ दिनों बाद तालिबान के एक नेता ने कहा कि मृत्युदंड इस्लाम का हिस्सा है। चारों दोषियों को शुक्रवार को एक खेल स्टेडियम में गोली मारी गयी और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को दी गई मौत की सजा है। अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को एक्स पर एक ऑडियो क्लिप जारी किया जिसमें अखुंदजादा ने कहा, हमें अनुशासनात्मक उपाय, प्रार्थनाएं और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है, यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है। दक्षिणी कंधार प्रांत में हज प्रशिक्षकों की संगोष्ठी में 45 मिनट के भाषण के दौरान अखुंदजादा ने कहा कि इस्लाम का एक भी आदेश अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अखुंदजादा ने कहा कि अल्लाह ने लोगों को इबादत करने और उसकी सजाओं को लागू करने का आदेश दिया था।

# अमेरिकी संसद का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा पाक, मजबूत करना चाहता है संबंध

इस्लामाबाद। पाकिस्तान कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग और समन्वय बढ़ाने का प्रस्ताव देकर अमेरिका के साथ संबंधों को गहरा करने की कोशिश कर रहा है। उसका यह प्रयास ऐसे समय हो रहा है जब नए शुल्क पर विवाद के बीच एक अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने देश का दौरा किया। सांसद जैक बर्गमैन के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पाकिस्तान के योजना, विकास मंत्री अहसान इकबाल से मुलाकात की। इस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में सांसद थॉमस रिचर्ड सुओज़ी और जोनाथन एल जैक्सन तथा कई वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी शामिल हैं। एक बयान में कहा गया कि बैठक में पाकिस्तान-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से विकास सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के क्षेत्र में। विकास मंत्री इकबाल ने इस अवसर पर कहा कि नये भूराजनीति हालात में पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों में एक नया संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता है जो जमीनी हकीकत, आपसी विश्वास और विकास केंद्रित साझेदारी पर आधारित हो।

# पीएम ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को रविवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आने वाली पीढ़ियां हमेशा उनके अदम्य साहस को याद रखेंगी। औपनिवेशिक शासन को दमनकारी शक्तियां प्रदान करने वाले रॉलेट एक्ट के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध कर रहे सैकड़ों लोगों को 1919 में आज ही के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में बिना किसी उकसावे के ब्रिटिश सेना ने गोलियों से भून दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके अदम्य साहस को हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने कहा यह वास्तव में हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय था। उनका बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन गया।

## मोदी ने देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनाएं दी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर लोगों को बधाई दी और कामना की कि हम सदैव एकजुटता, कृतज्ञता और नवीनीकरण की भावना का जश्न मनाएं। बैसाखी बैसाख महीने का पहला दिन होता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा हुआ है और नयी फसल की कटाई की खुशी में मनाया जाता है। उन्होंने एक्स पर बैसाखी के शुभकामना संदेश में कहा, सभी को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएंउ यह त्योहार आपके जीवन में नयी उम्मीद, खुशियां और समृद्धि लेकर आए। हम हमेशा एकजुटता, कृतज्ञता और नवीनीकरण की भावना का जश्न मनाएं।

# अवैध बोरवेल से पानी निकालना पाप से कम नहीं : उच्च न्यायालय

एजेंसी




नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अवैध बोरवेल से पानी निकालना पाप से कम नहीं है, ऐसा करने वालों पर रोक लगाई जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर ऐसे अवैध बोरवेल बंद नहीं किए गए, तो दिल्ली को कुछ साल पहले दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में बने हालात जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जहां पानी के लिए हाहाकार मच गया था। मुख्य न्यायाधीश डी. के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने नौ अप्रैल को कहा, किसी तरह की रोक लगाने की जरूरत है।

अवैध बोरवेल जिस तरह से जल स्तर को कम कर रहे हैं, वह किसी पाप से कम नहीं है। क्या आप जानते हैं कि जोहानिसबर्ग में क्या हुआ था? कुछ साल पहले शहर में कई महीनों तक पानी नहीं था। उन्हें बड़े जल संकट का सामना करना पड़ा। क्या आप चाहते हैं कि दिल्ली में भी ऐसी स्थिति आए? अदालत ने नगर निगम अधिकारियों से सवाल किया कि वे निर्माण कार्यों के लिए बोरवेल की अनुमति कैसे दे सकते हैं। अदालत वकील सुनील कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था कि रोशनआरा इलाके में गोयनका रोड पर एक निर्माणाधीन इमारत में कई बोरवेल या सबमर्सिबल पंप अवैध रूप से लगाए गए हैं। याचिका में इन्हें हटाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने अदालत को यह भी बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन में जवाब दिया है कि इमारत में छह बोरवेल लगे हुए पाए गए।

शर्मा ने कहा कि जबकि दरियागंज के एसडीएम ने आरटीआई आवेदन में जवाब दिया है कि इमारत में तीन बोरवेल पाए गए, जिन्हें सील कर दिया गया है। अदालत ने एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेही) और क्षेत्र के एसएचओ को संपत्ति का संयुक्त सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा, ऐसी अवैध गतिविधियों के कारण लगातार घटते जल स्तर को देखते हुए।

# भारत व यूएई द्विपक्षीय संबंधों में निवेश का सही समय

एजेंसी



दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक सांसद ने कहा है कि भारत और यूएई के लिए द्विपक्षीय संबंधों में निवेश करने का यह सही समय है क्योंकि दोनों देशों के पास दूरदर्शी नेतृत्व है।

रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल नुएमी ने दुबई में जारी वैश्विक न्याय, प्रेम व शांति शिखर सम्मेलन के अवसर पर पीटीआई-भाषा से कहा कि अलगाव कभी भी समाधान नहीं है और देशों को दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। अल नुएमी ने कहा, हमारे पास दूरदृष्टि रखने वाला सही नेतृत्व है जो चुनौतियों को समझता है और अवसरों को देख सकता है। हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना और इस अवसर का लाभ उठाना बहुत महत्वपूर्ण है। अल नुएमी ने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हम जिस पुरानी व्यवस्था को जानते थे, अब हम उससे बंधे नहीं रह गए हैं। हम परिवर्तन के चौराहे पर खड़े हैं। शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने वाले नुएमी ने कहा, यदि हम अपने समुदाय और अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने में लगे रहेंगे, तो हमें ही नुकसान होगा। हमें अग्रणी रहने का फार्मूला बनाने के लिए एक साथ आना होगा। मेरा मानना है कि यह संभव है। मॉरीशस की पूर्व व पहली राष्ट्रपति अमीना गुरीब-फकीम ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है जब असमानताओं से निपटने की तत्काल आवश्यकता है। फकीम ने कहा अनिश्चितता के इस दौर में, संपन्न और वंचित के बीच दूरी बढ़ रही हैं। मेरे लिए, असमानता सबसे खराब मुद्दों में से एक है, जिससे तत्काल निपटने की आवश्यकता है।


# हुबली में अगवा की गई पांच साल की बच्ची की हत्या, लोगों में आक्रोश

एजेंसी

हुबली (कर्नाटक)। कर्नाटक के हुबली जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पांच साल की बच्ची का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अशोक नगर पुलिस थाना क्षेत्र में यह घटना हुई और बच्ची का शव एक खाली पड़ी इमारत में मिला। ऐसी खबरें सामने आई हैं कि बच्ची का यौन उत्पीड़न किया गया है, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने कहा कि बच्ची की मेडिकल जांच कराई जा रही है और मामले की पुलिस जांच भी जारी है। उक्त इलाके के लोगों में इस घटना से आक्रोश फैल गया और वे बड़ी संख्या में अशोक नगर पुलिस थाने के सामने एकत्र हुए।

उन्होंने बच्ची को न्याय दिलाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। हुबली-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त एन. शशि कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया, बच्ची के माता-पिता की शिकायत पर कार्वाई की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्वाई की जाएगी।




## इंटरटेनमेंट...

# बिग बॉस 18 में गुणरत्न की राज ठाकरे को धमकी



**मुंबई।** बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट और एडवोकेट गुणरत्न सदावर्ते ने हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के नेता राज ठाकरे को धमका दी है। गुणरत्न का कहना है कि राज ठाकरे और उनसे जुड़े लोग किसी को भी मराठी भाषा बोलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। गुणरत्न ने कहा, 'राज ठाकरे और उनके जो लोग हैं, वह भाषा के नाम पर मजदूरों और बैंक कर्मियों को सता रहे हैं। भाषा की शक्ति और भाषा की मिठास पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनके लोग भाषा के नाम पर मारपीट कर रहे हैं। लोगों को अपमानित कर रहे हैं। जो महिलाएं मोबाइल कंपनियों में हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड्स से माफी मंगवा रहे हैं, थप्पड़ मार रहे हैं।

**किसी से भी भाषा के नाम पर मारपीट नहीं कर पायेंगे गुंडागर्दी नहीं चलेगी**

ये कोई ब्रेवरी नहीं है। राज ठाकरे ने जो भाषण दिया था उसके बाद से उनके कार्यकर्ता मारपीट कर रहे हैं, इसकी हम निंदा करते हैं और हमने इसके खिलाफ पुलिस कंप्लेंट की है। गुणरत्न ने कहा कि राज ठाकरे और उनके लोग किसी के भी साथ गुंडागर्दी नहीं कर सकते। हम चाहते हैं कि राज ठाकरे और उनके कार्यकताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, राज ठाकरे ने बैंकों को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा थी कि महाराष्ट्र में बैंकों को मराठी भाषा का इस्तेमाल करना होगा, यह आरबीआई के नियम के अनुसार है। राज ठाकरे ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) से कहा कि वह बैंकों को ये आदेश दें। अगर बैंक मराठी का इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो एमएनएस विरोध प्रदर्शन करेगी। एमएनएस के लोगों ने आईबीए को एक लेटर लिखा, इसमें कहा गया कि बैंकों को तीन भाषाओं का इस्तेमाल करना चाहिए। यह तीन भाषाएं हैं अंग्रेजी, हिंदी और मराठी। वहीं गुणरत्न सदावर्ते की बात करें तो वह बिग बॉस 18 में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए थे। शो में आने के बाद वह अपनी बेबाक बातों और मजाकिया अंदाज के लिए जाने गए।


# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ आमिर की पहली पब्लिक अपीयरेंस



मुंबई। आमिर खान ने हाल ही में नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ पहली पब्लिक अपीयरेंस दी है। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल में साथ पहुंचे थे। इस दौरान आमिर, गर्लफ्रेंड का हाथ थामे नजर आए। आमिर खान ब्लैक अजकन और ब्लैक-गोल्डन शॉल ओढ़े फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बने हैं। जबकि उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट फ्लोरल साड़ी में इवेंट में पहुंची थीं। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि आमिर खान रेड कार्पेट पर साथ पहुंचे लोगों के साथ पोज करने से पहले गर्लफ्रेंड की तरफ हाथ बढ़ाते हैं। गौरी आमिर का हाथ थामती हैं और दोनों साथ पैपराजी को पोज करते हैं। पैपराजी को पोज करते हुए आमिर खान पूरे समय गौरी का हाथ थामे रहे। वहीं दूसरी तरफ गौरी लगातार आमिर को निहार रही थीं। बताते चलें कि चाइना के मकाऊ में हाल ही में मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हुआ है, जहां आमिर खान को मास्टर ह्यूमर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 14 मार्च को आमिर खान ने मीडिया के साथ अपने 60वें बर्थडे का सेलिब्रेशन किया।

**एक-दूजे का हाथ थामे फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे, फ्लोरल साड़ी में आमिर को निहारती दिखीं गौरी**

# शादी के लिए तमन्ना थीं तैयार, विजय ने दिया धोखा



मुंबई। तमन्ना भाटिया इन दिनों विजय वर्मा से ब्रेकअप के चलते सुर्खियों में हैं। हाल ही में सामने आया है कि तमन्ना अपना ब्रेकअप प्राइवेट रखना चाहती थीं। हालांकि फैमिली के करीबी रहे एक्टर चिरंजीवी के कहने पर उन्होंने मीडिया और फैंस तक ब्रेकअप की खबरें पहुंचाई।

साथ ही ये भी सामने आया है कि तमन्ना शादी तो करना चाहती थीं, लेकिन उन्होंने पिता से कहा था कि विजय उनके लिए कमिटेड नहीं हैं। हाल ही में जर्नलिस्ट विक्की ललवानी ने बताया है कि चिरंजीवी ने तमन्ना भाटिया को अपना ब्रेकअप सार्वजनिक करने की सलाह दी थी। उन्होंने लिखा है, विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया की लव स्टोरी क्यों खत्म हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। तमन्ना भाटिया के पिता विजय वर्मा के खिलाफ थे। हालांकि उन्होंने इस बात पर रजामंदी दे दी थी कि दोनों 2024-2025 तक शादी करने वाले हैं।

# सैफ अली खान हमले में 1613 पेज की चार्जशीट



मुंबई। सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके सतगुरु शरण अपार्टमेंट स्थित घर में हमला हुआ था। हमलावर का नाम शरीफुल इस्लाम है। वह फिलहाल गिरफ्त में है। सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में 1613 से ज्यादा पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में कई खुलासे किए गए हैं। सैफ अली खान पर 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे चाकू से हमला किया गया था। चार्जशीट में सैफ की वाइफ करीना कपूर का भी बयान है। एक्ट्रेस ने स्टेटमेंट में कहा कि घटना वाले दिन मैं अपनी दोस्त रिया कपूर से मिलकर रात 1 बजे घर लौटी। करीब 2 बजे जहांगीर की नैनी उनके कमरे से चिल्लाते हुए बाहर आई। नैनी ने बताया था कि जेह बाबा (जहांगीर) के कमरे में एक आदमी है और उसके हाथ में चाकू है। वह पैसे मांग रहा है। इसके बाद करीना और सैफ जहांगीर के कमरे में पहुंचे और हमलावर को देखा। तभी हमलावर ने सैफ पर चाकू से वार किया। इस चार्जशीट में 35 गवाहों के स्टेटमेंट के साथ-साथ 25 सीसीटीवी फुटेज भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने चार्जशीट में कई सीसीटीवी फुटेज का जिक्र किया है, इस सीसीटीवी फुटेज में आरोपी शरीफुल इस्लाम पूरे रास्ते से लेकर सैफ के अपार्टमेंट तक जाते हुए नजर आ रहा है।

**करीना ने कहा - जब मैं घर पहुंची तो हमलावर बेटे के कमरे में मौजूद था**

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K